
सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 30 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 85, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## कंपनियों की पूंजी 1.75 लाख करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 1.75 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। } 10

## असम से वापस भेजेंगे सभी घुसपैठिये

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में असम में घुसपैठ को रोका है, प्रत्येक अवैध प्रवासी को उनके देशों में वापस भेजा जाना चाहिए। } 12

# ट्रम्प के खिलाफ सड़क पर उतरे 80 लाख अमेरिकी, हटाने की मांग

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए ह्यनो किंग्स रैली में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए।

आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ट्रम्प के खिलाफ अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 3 बार नो किंग्स प्रदर्शन हो चुके हैं। पहला बड़ा प्रदर्शन जून 2025 में आयोजित किया गया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में दूसरा प्रोटेस्ट हुआ। जबकि तीसरा प्रोटेस्ट 28 ...शेष पृष्ठ 10 पर



## ईरानी मिसाइलों से थर्राया सऊदी का अमेरिकी एयरबेस



तेहरान। ईरान ने सऊदी अरब स्थित अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइलों और ड्रोन से बड़ा हमला किया है। इस हमले में अमेरिकी विमान 'ए-3 अवाक्स' पूरी तरह तबाह हो गया है। ईरान ने दावा किया है कि इस हमले में 10 अमेरिकी सैनिक भी घायल हुए हैं। दोनों देशों के बीच एक महीने से जारी इस युद्ध में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पश्चिम एशिया पहुंचे 2500 मरीन सैनिक

दुबई। पश्चिम एशिया में एक माह से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक इस क्षेत्र में पहुंच गए हैं और इसके साथ ही यहां पिछले दो दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती हो गई है। इसके अलावा, 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के कम से कम 1,000 पैराट्रूपर्स को भी पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया गया है, जो दुश्मन के इलाके में उतरकर अहम ठिकानों और हवाई पट्टियों को सुरक्षित करने में सक्षम हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका जमीनी बल उतारने के साथ ही अपने सभी उद्देश्यों को हासिल कर सकता है। इस बीच, ...शेष पृष्ठ 10 पर

# 665 नर्सिंग अधिकारियों को सीएम ने दिये नियुक्ति पत्र

## माहौल खराब कर रहे कुछ लोग : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पिछले नौ वर्षों में नौ लाख मैनपावर सरकारी सेवाओं में जुड़ी है। ये सभी प्रतिभाशाली और युवा ऊर्जा से भरपूर हैं। इसी का नतीजा है कि जो राज्य पहले बीमारू था, वह आज भारत की इकोनॉमी का ग्रोथ इंजन बन गया है। पहले वेतन देने के लिए पैसे नहीं होते थे, आज यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। आज यूपी देश की टॉप थ्री अर्थव्यवस्था में एक है।

वर्ष 2016 की तुलना में आज प्रति व्यक्ति आय तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 665 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कही। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने 20 नवचयनित नर्सिंग ऑफिसर को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इससे पहले नवचयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा किये। माहौल को दुष्प्रचार में बदलने का काम हो रहा है। कहीं कोई बोलता है कि 14 किलो के सिलेंडर में केवल चार किलो गैस मिल रही है। ये बचकानी हरकतें हैं। कोई झूठी अफवाह फैला रहे देश में लॉकडाउन लग जाएगा, ये लोग फालतू की बकवास करते हैं। ये अफवाहबाज देश का नुकसान कर रहे हैं। जनता के कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं है, सब कुछ सहज गति से चल रहा है। ऐसे में हमें इस समय किसी अफवाह पर ध्यान देने की बजाय देश की लीडरशिप द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन का पालन करना चाहिये। किसी भी अफवाह में न पड़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 दिन चलने वाले रसोई गैस के सिलेंडर के लिए हम सातवें दिन लाइन लगाने के लिए क्यों खड़े हो रहे हैं। वहीं गाड़ी की टंकी भरी है जो अगले चार दिन चल सकती है, तो हम पेट्रोल निकाल करके क्यों फिर से लाइन में खड़े हो रहे हैं। ये नहीं होना चाहिए। हमें किसी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिये। प्रधानमंत्री ने कोरोना जैसी महामारी में खुद की परवाह किए बिना सड़कों पर उतर करके वैक्सीन के साथ हर प्रकार की सुविधाएं दीं। ऐसे में हम विश्वास खो चुके इन अफवाहबाजों के चक्कर में क्यों पड़ते हैं? एकदम नहीं पड़ना चाहिए। मेरी अपील है कि पूरे प्रदेशवासियों से, इन अफवाहबाजों से जो हमेशा समाज का और देश की अपूरणीय क्षति करने पर उतारू होते हैं, इनसे हमें सावधान और सतर्क रहना चाहिये। यह वही लोग हैं, जो जब सत्ता में थे, तब इन्होंने कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रतिभा जब भी सम्मानित होगी और उसे प्लेटफार्म मिलेगा, उसका लाभ देश और राज्य को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए एक-एक स्तर पर शासन की ओर से निगरानी की जाती है। हमारी तीसरी आंख उन सबको वॉच करती है, ...शेष पृष्ठ 10 पर




# हम केरल में सरकार बनायेंगे : मोदी

## सरकार का प्रयास है कि युद्ध का भारत पर कम प्रभाव पड़े

एजेंसी

पलक्कड़ (केरल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूडीएफ और एलडीएफ दोनों पर निशाना साधते हुए उन पर दशकों तक भ्रष्टाचार करने और राजनीतिक अवसरवादिता में लिप्त होने का रविवार को आरोप लगाया।

मोदी ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, दशकों से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा ने मिलकर केरल को लूटा है... इस व्यवस्था में हमारा केरल फंसा रहा है। मोदी ने कहा, कांग्रेस और वामपंथी दल एक-दूसरे पर झूठे आरोप लगाते हैं... आपको दोनों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि केरल बदलाव का संदेश भेज रहा है, जिसमें युवाओं, महिलाओं और किसानों के बीच भाजपा के लिए समर्थन बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का भारत पर कम से कम प्रभाव पड़े। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक फायदे के लिए भारतीयों के जीवन को खतरे में डालने वाली खतरनाक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया। मोदी ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केरल के कई लोग संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में काम कर रहे हैं और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, इस समय सभी का ध्यान पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर केंद्रित है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है कि भारत पर इसका कम से कम प्रभाव पड़े। जारी राजनयिक प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि युद्ध की शुरुआत से ही मैं इन सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ लगातार संपर्क में हूं। सभी राष्ट्र संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों में भारतीय दूतावास अपने नागरिकों की सहायता के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा, वहां हमारे भाइयों और बहनों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय ...शेष पृष्ठ 10 पर



## संक्षेप

### उत्तर कोरिया ने अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल के इंजन का किया परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने हथियारों के लिए उन्नत, उच्च-शक्ति वाले, ठोस-ईंधन चालित इंजन के परीक्षण का अवलोकन किया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को मजबूत करने वाला बताया। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। यह परीक्षण अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बनाने वाली उन्नत मिसाइलें हासिल करने के किम के घोषित लक्ष्य के अनुरूप है लेकिन कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्तर कोरिया ने इस परीक्षण के बारे में संभवतः बढ़ा-चढ़ा कर दावा किया है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

# उत्तराखंड में भाजपा ने शुरू की चुनावी तैयारियां

## सीएम धामी ने किया प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए राजनीतिक गतिविधियां रफ्तार पकड़ रही हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 की शुरूआत करते हुए संगठनात्मक मजबूती को जीत की कुंजी बताया।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी पार्टी की सफलता उसकी जड़ों की मजबूती पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि वे बूथ स्तर तक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाए रखें, ताकि संगठन का दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ सकें। उन्होंने पन्ना प्रमुख व्यवस्था को संगठन का अहम स्तंभ बताते हुए कहा कि यह प्रणाली मतदाताओं के साथ सीधा और व्यक्तिगत संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। यदि कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों का समर्पण के साथ निर्वहन करें, तो संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चर्चित रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें ...शेष पृष्ठ 10 पर



# हाईवे पर गाड़ी चलाना महंगा, एटीएम से मुफ्त निकासी सीमा घटी

एजेंसी

नई दिल्ली। एक अप्रैल से नया वित्त वर्ष 2026-27 शुरू होने जा रहा है। इसके साथ ही कई नए नियम लागू होने जा रही है, जो वित्तीय और नियामकीय बदलावों से संबंधित हैं। इन बदलावों का उद्देश्य आम आदमी के जीवन को आसान और सुगम बनाना है। हालांकि, कई वित्तीय बदलावों से आम आदमी की जेब पर बोझ भी बढ़ेगा। आयकर अधिनियम 2025 एक अप्रैल से आयकर अधिनियम 1961 की जगह ले लेगा।

इसके साथ ही नए आयकर नियम लागू हो जाएंगे। नए आयकर कानूनों में 'असेसमेंट ईयर' और 'प्रीवियस ईयर' जैसे उलझाने वाले शब्दों के बजाय 'टैक्स ईयर' जैसे आसान शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा। नई टैक्स व्यवस्था के तहत सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वाले व्यक्तियों को धारा 87ए के तहत बढ़ी हुई छूट के कारण कोई टैक्स नहीं देना होगा। एक अप्रैल से फॉर्म 16 और फॉर्म 16ए की जगह फॉर्म 130 और फॉर्म 131 ले लेंगे। टैक्स नियमों का पालन आसान बनाने और टैक्स फाइलिंग में स्पष्टता लाने के लिए इन्हें जारी करने की समय-सीमा में बदलाव किया जाएगा। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने एटीएम संबंधी नियमों में बदलाव किया है। अब एटीएम से यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) आधारित नकद निकासी ग्राहकों की मासिक मुफ्त एटीएम लेनदेन सीमाओं का हिस्सा मानी जाएगी। जो ग्राहक सीमा से अधिक निकासी करेंगे, उन्हें एटीएम निकासी शुल्क का भुगतान करना होगा। यूपीआई-सक्षम एटीएम निकासी सुविधा उपयोगकताओं को डेबिट कार्ड के बिना नकद निकालने की अनुमति देती है। ग्राहक को बस एटीएम पर प्रदर्शित क्यूआर कोड स्कैन करना होता है। आज से नया पैन केवल केवल आधार के जरिये ही बनेगा। इससे लोगों को पैन बनवाने के लिए अलग-अलग पहचान पत्र या पते का सुबूत देने की जरूरत नहीं होगी। सरकार का मानना है कि इससे पैन की आवेदन प्रक्रिया आसान, तेज और ज्यादा सुरक्षित होगी। इस बदलाव का उद्देश्य पैन प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और सुरक्षित बनाना है। आधार के जरिये सत्यापन होने से फर्जी पैन बनने की संभावना कम होगी और एक ही व्यक्ति के नाम पर कई पैन जारी होने की समस्या खत्म हो जाएगी। हालांकि, जन्मतिथि के सत्यापन के लिए आधार के साथ कक्षा 10 का प्रमाणपत्र या पासपोर्ट जैसे कागजात देने होंगे। भारतीय राष्ट्रीय ...शेष पृष्ठ 10 पर





आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 23.00 डिसे. |

भीतर पढ़ें

- सीएम आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आज देंगे कई सौगात (पृष्ठ-02)
- 3574 क्रय केंद्रों पर आज से गेहूं खरीद (पृष्ठ-02)
- पश्चिम एशिया संघर्ष तय करेंगे शेयरबाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- भारत के दो और एलपीजी जहाज होर्मुज से सुरक्षित निकले (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — उत्तर प्रदेश के पौधरोपण व सौर ऊर्जा अभियान को मिली राष्ट्रीय पहचान

# पीएम के मन की बात में गूंजा यूपी का मॉडल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पर्यावरण संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश की पहल को देशभर में नई पहचान मिली है। मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में उत्तर प्रदेश की दो उल्लेखनीय पहलों—वाराणसी के ऐतिहासिक पौधारोपण अभियान एवं मेरठ में सौर ऊर्जा के सफल मॉडल—का विशेष उल्लेख करते हुए सराहना की। यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की पहलें राष्ट्रीय स्तर पर प्रेरणास्रोत बन रही हैं।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में जनभागीदारी आधारित विकास मॉडल को सशक्त रूप से लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में वाराणसी में आयोजित वृक्षारोपण अभियान के दौरान मात्र एक घंटे में 2,51,000 से अधिक पौधे लगाए गए, जिससे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस उपलब्धि की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे जनशक्ति और पर्यावरण चेतना का अद्भुत संगम बताया। इस अभियान में विद्यार्थियों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं विभिन्न संस्थानों की व्यापक भागीदारी रही, जो सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दशार्ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए देशवासियों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भावनात्मक जुड़ाव भी स्थापित करते हैं। इसी प्रकार मेरठ के निवासी अरुण कुमार की सौर ऊर्जा के क्षेत्र में पहल भी प्रधानमंत्री ने सराही। उन्होंने अपने घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित कर न केवल अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति की, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में देकर आय का स्रोत भी विकसित किया। उनकी यह पहल उन्हें ऊजार्दाता के रूप में स्थापित करती है और समाज को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करती है। ...शेष पृष्ठ 10 पर




# चार प्रमुख सचिव समेत नौ आईएएस के तबादले

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में रविवार को देर शाम नौ आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए। आईएएस अनुराग यादव को समाज कल्याण विभाग का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं, एम देवराज को प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के साथ ही प्रशासन और प्रबंधन अकादमी के महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

प्रशासनिक आदेश के अनुसार जिन अफसरों का तबादला हुआ है उनमें प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग रहे एम देवराज को अतिरिक्त प्रभार महानिदेशक प्रबंधन अकादमी, प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग रहे अनुराग यादव को प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग, प्रमुख सचिव आलोक कुमार को आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग का अतिरिक्त प्रभार, प्रमुख सचिव सौरभ बाबू को ग्राम्य विकास एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के अलावा महानिदेशक दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम विकास संस्थान का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके अलावा प्रबंध निदेशक यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कारेपारेशन तथा यूपी एग्रो रहे रवि रंजन को विशेष सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा टीके शिबु को ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# बीबीडीयू के सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का भव्य समापन






विशेष संवाददाता (vol)

- सेवा, सुरक्षा और तकनीक के संगम से बदली ग्रामीण तस्वीर
- 'ग्रीन विलेज' से लेकर 'साइबर सुरक्षा' और 'न्याय सहायता' तक, स्वयंसेवकों ने सात दिनों में रचे सेवा के नए सोपान

- कुलपति डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।
- प्रो वाइस चांसलर डॉ. एस.सी. शर्मा ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक समस्याओं का समाधान ही वास्तविक शिक्षा है।
- डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. एस.एम.के. रिजवी ने अनुशासन और नेतृत्व क्षमता पर बल दिया।

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर आज ' न्याय सहायता शिविर ' और भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता , प्रेसिडेंट विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास गुप्ता के प्रेरणादायी संरक्षण में यह शिविर ग्रामीण उत्थान का एक सशक्त माध्यम बना।

शिविर के दौरान भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के युवा अधिकारी राजेश तिवारी का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनके सहयोग से स्वयंसेवकों को सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने की नई दिशा मिली। शिविर के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग मिशन पर कार्य किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रभाष चंद्र पाठक के नेतृत्व में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, कौशलेंद्र सिंह, चंचल निगम और राहुल कुमार तिवारी ने इस सात दिवसीय यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण कराया।

### सात दिवसीय सेवा यात्रा

- प्रथम दिन ' ग्रीन विलेज मिशन ' के तहत स्वच्छता अभियान और सघन पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।
- द्वितीय दिन स्माइल केयर इनिशिएटिव ' के माध्यम से निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर और उपचार कैंप लगाया गया।
- तृतीय दिन 'नशा मुक्ति अभियान' चलाकर ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।
- चतुर्थ दिन ' जन सुरक्षा कार्यशाला ' में उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों को आत्मरक्षा और आपातकालीन सुरक्षा के गुर सिखाए गए।
- पंचम दिन 'स्मार्ट हाउसिंग इनिशिएटिव' के तहत डोर-टू-डोर जाकर ग्रामीणों को संरचनात्मक और योजनाबद्ध आवास समाधानों की जानकारी दी गई। इसी दिन श्री जगन्नाथ मंदिर में भव्य भंडारे का भी आयोजन हुआ।
- षष्ठ दिन 'साइबर सुरक्षा अभियान' के माध्यम से डिजिटल धोखाधड़ी से बचने और सुरक्षित बैंकिंग के प्रति ग्रामीणों को शिक्षित किया गया।
- सप्तम दिन ' न्याय सहायता शिविर ' में कानूनी विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क विधिक सहायता प्रदान की गई, जिसके बाद शिविर का औपचारिक समापन हुआ।

# मुख्यमंत्री रहते नोएडा नहीं गये, आज विभाजनकारी राजनीति के लिए पहुंच गये

## क्राइम कैपिटल नहीं, नोएडा अब दुनिया का इन्वेस्टमेंट का बेस्ट डेस्टिनेशन, लोहिया संस्थान में अब तक 350 से अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी हुईं

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी की रैली पर बोलते हुए कहा कि मेरे कपड़े को देखकर लोग मानते होंगे कि मैं अंधविश्वास को मानता हूंगा। मैं आस्था में विश्वास करता हूं, सबकी आस्था का भी सम्मान करता हूं, लेकिन अंधविश्वास को कतई नहीं मानता। मुझे बोला गया था कि नोएडा नहीं जाना है। मैंने कहा क्यों? क्या वहां सीएम नहीं जाते। मैंने कहा क्या नोएडा यूपी से बाहर है।

बताया गया कि यह मान्यता है कि वहां जाएंगे तो सीएम कुर्सी से उतर जाएंगे। हमने कहा कि कुर्सी से एक न एक दिन जाना ही है, तो कुर्सी के मोह में हम क्यों पड़ें? मैं वहां जरूर जाऊंगा और गया भी था। उस दौरान देखा कि वहां 4 लाख मामले बिल्डर और बायर्स के हैं। मैंने बायर्स और बिल्डर से बात की। साथ ही बिल्डर्स को मकान बनाने को कहा, चाहे जैसे बनाओ।

आज सभी 4 लाख लोगों को मकान दिए जा चुके हैं। उस दौरान अंधविश्वास को मानने वाले लोग कौन थे, जो भारत की आस्था पर उंगली उठाते हैं? मुख्यमंत्री रहते हुए वहां नहीं गए, लेकिन अपनी विभाजनकारी राजनीति के लिए आज नोएडा और ग्रेटर नोएडा पहुंच गए हैं। इन लोगों ने यहां के विकास के लिए बाधाएं खड़ी कीं, वे आज विकास की बात करते हैं।

सीएम ने कहा कि लोहिया संस्थान ने काफी कम समय में अपनी इमेज बनाई है। कोरोना के समय एसजीपीजीआई, केजीएमयू और लोहिया संस्थान ने वर्चुअल आईसीयू प्रारंभ किया। यह सभी संस्थान संकट के दौरान खड़े थे और इसलिए सरकार भी इनके साथ हमेशा खड़ी रहती है। आज लोहिया संस्थान ने मॉडर्न हेल्थ केयर का एक अच्छा टर्शियरी सेंटर विकसित किया है।

प्रदेश का पहला गामा नाइफ संस्थान में लग गया है। रोबोटिक सर्जरी में अग्रणी स्थान और अब तक 350 से अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी की जा चुकी है। नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर पुरुषों के मुकाबले बेटियों ने ज्यादा स्थान प्राप्त किया है। डबल इंजन की सरकार ने बैकबोन की ताकत को पहचाना है। आज सरकार 31 नए नर्सिंग कॉलेज चला रही है। सरकार द्वारा हेल्थ के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उपलब्ध करवा रहे हैं, जिसका काम एसजीपीजीआई में चल रहा है।

इसी तरह केजीएमयू में भी तमाम कार्य प्रारंभ हुए हैं। सीएम ने कहा कि आज रविवार के दिन नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं। हमारे लिए रविवार का दिन छुट्टी का नहीं होता है। संडे हो या मंडे, हमारे लिए सब एक जैसे दिन होते हैं। हमें सुबह से लेकर शाम तक काम करना ही करना है, क्योंकि नहीं करेंगे तो परिणाम नहीं आएंगे। हम लोग छुट्टी की परवाह किए बगैर, बिना रुके- डिगे- थके प्रधानमंत्री की प्रेरणा और उनके मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान को नई ऊंचाई तक लेकर के जाना है। हम सभी को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बनाना है। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा अमित घोष, लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, केजीएमयू वाइस चांसलर डॉ. सोनिया नित्यानंद आदि उपस्थित थे।

## पारदर्शी चयन प्रक्रिया से मिला हक : योगी

- 665 नर्सिंग अधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र
- जाति-धर्म और क्षेत्रवाद से परे सभी को मिला समान अवसर



**लखनऊ।** लोक भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयनित 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर इन अभ्यर्थियों की खुशी देखते ही बन रही थी। मंच से एक-एक कर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्पक्षता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जाति-धर्म और क्षेत्रवाद से परे सभी को समान अवसर मिल रहा है।

मोहनलालगंज, लखनऊ की प्रियंका सिंह ने कहा कि पारदर्शी परीक्षा के कारण मुझे प्रथम रैंक हासिल करने का गर्व मिला। उन्होंने बताया कि कैसे सकारात्मक बदलाव कर परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष बनाया गया। प्रियंका ने मुख्यमंत्री से मिलने को अपना सपना पूरा होना बताया। भावुक होकर परिवार व अपने बड़े भाई के सहयोग को याद किया। सुल्तानपुर की संध्या सिंह ने कहा कि दो चरणों में हुई परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी रही। इसकी सबसे खास बात यह रही कि जो योग्य थे, वही चयनित हुए। मैनपुरी की अनामिका यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने परीक्षा केंद्रों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि इतनी सख्ती थी कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की कोई आशंका नहीं थी। उन्होंने इसे योगी सरकार की ईमानदारी और मेरिट आधारित चयन का उदाहरण बताया। शरिमा सिद्दीकी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा कि मैं वास्तव में आपकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मैं पहले सेना में थी और वहां से सेवानिवृत्त होने के बाद मेरी उत्तर प्रदेश में बसने की कोई योजना नहीं थी। पहले मेरे मन में इस राज्य को लेकर एक गलत धारणा थी, लेकिन आपके नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षों में यह राज्य बहुत ही खूबसूरत और शानदार ढंग से विकसित हुआ है। हम बहुत तरक्की कर रहे हैं। इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। आकांक्षा ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने को जीवन का गर्वपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी परीक्षा से योग्य उम्मीदवारों को ही अवसर मिला है। कार्यक्रम में शामिल अभ्यर्थियों ने एक स्वर में परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की। इस चयन प्रक्रिया ने यह संदेश दिया कि अब सरकारी भर्तियों में मेहनत और योग्यता ही सफलता का आधार बन रही है। नियुक्ति पत्र वितरण का यह कार्यक्रम केवल नौकरी देने का अवसर नहीं था, बल्कि युवाओं के विश्वास को मजबूत करने वाला क्षण भी बना। चयनित नर्सिंग अधिकारियों की आवाज में साफ झलक रहा था कि अब मेहनत का हक मिल रहा है और सिस्टम पर भरोसा बढ़ा है।

# सीएम आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आज देंगे कई सौगात

## ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस और स्मार्टफोन व नियुक्ति पत्र सौपेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

- नए आंगनवाड़ी केंद्रों और परियोजना कार्यालयों का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लोकभवन सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की महिला सशक्तीकरण, बाल विकास और रोजगार सृजन को नई गति देने वाली कई बड़ी पहल का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ मिशन रोजगार के तहत नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की डायरेक्टर सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 30 मार्च को लोकभवन के सभागार में 10 आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित किए जाएंगे। इनमें स्टैडियोमीटर, इन्फेंटोमीटर और मदर एंड चाइल्ड वेटिंग स्केल शामिल हैं। प्रदेश में भर में कुल 1,33,282 स्टैडियोमीटर, 10,553 इन्फेंटोमीटर और 58,237 वेटिंग स्केल वितरित किए जाएंगे, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी और अधिक सटीक व प्रभावी हो सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा 10 नवचयनित आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा जबकि 46 जिलों में जनप्रतिनिधियों द्वारा 739 आंगनवाड़ी कार्यकताओं तथा 42 जिलों में 15,203 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। डायरेक्टर ने बताया कि कार्यक्रम में 10 आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन भी वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश में कुल 69,794 कार्यकताओं और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित करने की प्रक्रिया का शुभारंभ हो जाएगा। इससे डिजिटल मॉनिटरिंग, डेटा संग्रहण और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री आंगनवाड़ी केंद्र भवनों के नए डिजाइन का भी विमोचन करेंगे, जिसकी लागत लगभग 30.32 लाख रुपये प्रति भवन है। इतना ही नहीं, 13 जिलों में 633 आंगनवाड़ी केंद्रों, 28 जिलों में 71 बाल विकास परियोजना कार्यालयों और 27 जिलों में 69 अन्य केंद्रों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। इन परियोजनाओं पर कुल 1,37,04.29 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। साथ ही 70 जिलों में 2,468 आंगनवाड़ी केंद्रों और 29 जिलों में 69 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण किया जाएगा, जिनकी कुल लागत 3,13,26.31 लाख रुपये है। इन परियोजनाओं से प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

## 3574 क्रय केंद्रों पर आज से गेहूं खरीद

**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए सरकार के प्रयास को किसानों का साथ मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद सोमवार से शुरू होकर 15 जून तक चलेगी। गेहूं खरीद शुरू होने से पहले ही 2.24 लाख से अधिक किसानों ने बिक्री के लिए पंजीकरण करा लिया है। किसानों को गेहूं बिक्री में परेशानी न हो, इसके लिए प्रदेश में अब तक 3574 क्रय केंद्र भी स्थापित कर लिए गए हैं। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है, जो पिछले साल की तुलना में 160 रुपये प्रति कुंतल अधिक है। प्रदेश में खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल 8 एजेंसियों द्वारा 6500 क्रय केंद्र स्थापित होंगे। योगी सरकार के निर्देश पर तेजी से कार्य भी प्रारंभ हो गए हैं। गेहूं खरीद सोमवार से प्रारंभ होगी, लेकिन इसके पहले ही प्रदेश में 3574 क्रय केंद्र स्थापित कर लिए गए हैं। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश दिया है कि क्रय केंद्रों पर बिक्री के लिए आने वाले किसानों को किसी भी सूरत में परेशानी नहीं होनी चाहिए। मौसम को देखते हुए उनके लिए छाया, पानी व बैठने समेत हर जरूरी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं। किसानों ने इस साल काफी अच्छी फसल तैयार की है। इसके लिए कृषि विभाग ने उन्हें पर्याप्त मात्रा में बीज भी उपलब्ध कराए थे।

## राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ ने सीएम से की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास कालिदास मार्ग लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने योगी सरकार द्वारा महासंघ के अनुरोध पर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद प्रस्ताव सौंप कर आभार प्रकट किया और इस कल्याणकारी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन करने का अनुरोध पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। इसके साथ महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने लंबित कर्मचारी समस्या पर ध्यान आकृष्ट किया, मुलाकात अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक महौल में संपन्न हुई।

महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला के नेतृत्व में महामंत्री नंदकिशोर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, समन्वयक राकेश यादव तथा कोषाध्यक्ष अभिषेक त्रिवेदी प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। महासंघ पदाधिकारियों ने कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। महासंघ पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए अवकाश नकदीकरण की सुविधा पुनः बहाल करने और विश्वविद्यालयों में 31 दिसंबर 2001 के बाद नियुक्त दैनिक वेतन, संविदा एवं तदर्थ कर्मचारियों को विनियमित किए जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व शिक्षकों को 01 अप्रैल 2026 से कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा। इसका शुभारंभ समारोह पूर्वक किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं लाभार्थियों को कार्ड देकर इस योजना का शुभारंभ करेंगें। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना एवं आश्वासन दिया कि संबंधित समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यों को पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। यह मुलाकात न केवल कर्मचारी हितों के लिए महत्वपूर्ण रही, बल्कि भविष्य में सकारात्मक परिणामों की आशा को भी सुदृढ़ करती है। अंत में, हम सभी कर्मचारीगण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं एवं आशा करते हैं कि उनके कुशल नेतृत्व में सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

# सरकार के फैसलों से जनता को दुःख और तकलीफ मिली



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज नोएडा दादरी के सम्राट मिहिर भोज कॉलेज मैदान में विशाल समाजवादी समानता भाईचारा रैली को सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के फैसलों से जनता को दुःख और तकलीफ मिली है। भाजपा ने तमाम बार जनता को धोखा दिया है। प्रधानमंत्री जी रैलियों और सभाओं में बहुत बातें करते हैं लेकिन महंगाई, बेरोजगारी, रसोई गैस सिलेण्डर की किल्लत, की बातें नहीं करते हैं। भाजपा की सरकार ने किसानों की जमीन ली, लेकिन बाजार भाव से मुआवजा नहीं दिया। समाजवादी सरकार बनने पर विकास के लिए जब किसानों की जमीन लेंगे तो बाजार भाव से मुआवजा देंगे। जेवर एयरपोर्ट में जिनकी जमीनें गयी है, वे जानते है कि सरकार ने उन्हें धोखा दिया, बाजार भाव से मुआवजा नहीं दिया। कानून का भी लाभ किसानों को नहीं दिया। समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर पहले पंचायत व्यवस्था की तरह गांवों को अर्बन यूनिट मानकर अधिकार देने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा नौ साल से सरकार में है लेकिन जमीन का मुआवजा नहीं बढ़ाया। जिस तरह का मुआवजा समाजवादी सरकार में मिलता था, वैसा इस सरकार ने कभी नहीं दिया। इस सरकार में समाजवादी पार्टी की सरकार की तरह न तो 64 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा दिया और न 4 फीसदी प्लाट दिया। कालोनियों को नियोजित नहीं किया। अखिलेश यादव ने जनता से बदलाव की अपील करते हुए कहा कि बदलाव से ही यूपी का भाग्य बदलेगा। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार निवेश का झूठा दावा करती है। सरकार बताती है कि 50 लाख करोड़ का एमओयू हुआ लेकिन जमीन पर कुछ नहीं उतरा, 5 परसेंट के नाम पर अपनी जेबें भरते रहे। नौजवानों के लिए रोजगार नहीं है। पढ़े-लिखे नौजवानों को नौकरियां नहीं मिल रही है। समाजवादी सरकार नौजवानों की पढ़ाई को व्यवस्थित करेगी, टेजनिंग देगी, नए तरह की नौकरियों के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दादरी में केवल रैली नहीं हो रही है, यह सामाजिक न्याय का राज लाने का आह्वान है। हम पीडीए के लोग मिलकर सरकार बनाने जा रहे हैं। आज पीडीए के लोग अपना हक और मान, सम्मान पाने के लिए इकट्ठे हुए हैं। पीडीए सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान के रास्ते पर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना कर आगे बढ़ेगी।

## गन्ना विभाग और यूपीएसआरएलएम के बीच हुआ एमओयू

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और कृषि आधारित गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गन्ना विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के बीच हाल ही में एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अब प्रदेश की आधी आबादी गन्ना उत्पादन, पौध तैयार करने और वैल्यू एडिशन जैसी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएगी। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों को गन्ना आधारित आजीविका से जोड़ना है। इससे न केवल ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का भी अवसर मिलेगा। प्रदेश में वर्तमान में लगभग 47.5 लाख गन्ना किसान चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करते हैं। इसमें करीब 2.95 लाख महिला किसान शामिल हैं। इसके अलावा 57 हजार से अधिक महिला किसान 3,000 से ज्यादा महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गन्ने की उन्नत किस्मों की पौध तैयार करने का कार्य कर रही हैं। ये समूह गन्ने की नई प्रजातियों के तेजी से प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## अखिलेश यादव का पूरा भाषण झूठ, भ्रम, हताशा भरा है : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दादरी में दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अखिलेश यादव का पूरा भाषण झूठ, भ्रम, हताशा और समाज को बांटने की राजनीति का दस्तावेज था। जनता ने 2017 में सपा की कुशासन, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को नकार दिया था और 2027 में भी उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा को चुनने और सपा को रिजेक्ट करने को तैयार बैठी है।

श्री चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राजनीतिक धोखे का नया पैकेज बेच रहे हैं। जो पार्टी वर्षों तक सत्ता में रहकर गरीब, पिछड़े, दलित, किसान और नौजवान को केवल वोट बैंक समझती रही, वह आज खुद को पीड़ितों की सबसे बड़ी हितैषी बताने का नाटक कर रही है। सच्चाई यह है कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा कुछ परिवारों, कुछ चेहरों और कुछ खास वर्गों के हित को ही प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पर समाजवादी पार्टी श्रेय लेने की कोशिश कर रही है, जबकि उत्तर प्रदेश की जनता सच्चाई जानती है। यदि समाजवादी पार्टी इतनी ही विकासवादी होती तो उसके शासनकाल में उत्तर प्रदेश निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और कानून व्यवस्था में पिछड़ा क्यों रहा? जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजन और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के दृढ़ संकल्प का परिणाम है, जिसने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बड़े विकास इंजन के रूप में स्थापित किया है। सपा के लोग केवल फाइलों में सपने दिखाते थे, भाजपा सरकार जमीन पर परियोजनाएं उतारती है। पंकज चौधरी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण पर सपा का बयान सुनकर प्रदेश की माताएं-बहनें आश्चर्यचकित हैं। जिस पार्टी के शासनकाल को जनता गुंडाराज, छेड़खानी, दंगों, माफियावाद और अपराध के खुले संरक्षण के रूप में याद करती है, वह आज 1090 और महिला सम्मान की बात कर रही है। भाजपा सरकार ने मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन, फास्ट ट्रैक न्याय, पुलिस भर्ती और सख्त कानून व्यवस्था के जरिए महिलाओं को सुरक्षित वातावरण दिया है। सपा के शासन में बेटी घर से निकलने से डरती थी, भाजपा के शासन में बेटी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार और पेपर लीक पर अखिलेश यादव का बयान भी पूरी तरह पाखंड है। सपा सरकार के दौरान भर्ती प्रक्रियाएं भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार का प्रतीक थीं। भाजपा सरकार ने पारदर्शी भर्ती, निवेश, उद्योग, स्टार्टअप, एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज और डिजिटल इकोनॉमी के जरिए लाखों रोजगार और स्वरोजगार के अवसर तैयार किए हैं। जब प्रदेश बदल रहा है, तब सपा को अपना झूठ ही सहारा दिख रहा है। संविधान और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर राजनीति करने वालों को जवाब देते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा ही वह दल है जिसने बाबा साहब के विचारों को सम्मानपूर्वक जन-जन तक पहुंचाया, उनके पंचतीर्थ विकसित किए और वंचित समाज को अधिकार, सम्मान और अवसर देने का काम किया। संविधान बदलने का झूठा भय दिखाना सपा की पुरानी राजनीति है।

संक्षेप

## चोरी की बाइक समेत तमंचे संग धराया आरोपी

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत चोरी की बाइक समेत आरोपी के पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद करने में सफलता ली है। दरोगा दीपक यादव रविवार को फोर्स के साथ चेकिंग पर निकले थे। लोनी नदी पुल के समीप बाइक सवार एक आरोपी को पुलिस ने संदिग्ध दशा में धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी सांगीपुर थाना के कुंभापुर निवासी आदित्य सरोज पुत्र रामचंद्र सरोज के पास से एक तमंचा व एक कारतूस भी बरामद हुआ। छानबीन में आरोपी के कब्जे मे मिली बाइक बीती दस मार्च को बाइक चोरी की घटना से जुडी मिली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा भी दर्ज किया है। आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया गया।

## पोल्ट्री फार्म संचालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** करंट की चपेट में आने से अधेड की मौत को लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे पाण्डेय राजापुर निवासिनी ज्ञानवती पत्नी स्व0 अर्जुन कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस मार्च की रात उसका पति मृतक अर्जुन कुमार रात में खेत की रखवाली के लिए जा रहा था। वह गांव के वंशीलाल मौर्या के खेत के किनारे मजार के पास पहुंचे थे कि थाना क्षेत्र के टिकुरिया राजापुर निवासी पोल्ट्री फार्म संचालक दिनेश उर्फ पुत्तन पुत्र तेज बहादुर द्वारा लगाए गए झटका तार की चपेट में उसका पति आ गया। करंट की चपेट में आने से उसके पति की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी दिनेश के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

## मारपीट व तोड़फोड़ की घटना में चार के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** मारपीट व तोडफोड की घटना को लेकर लालगंज पुलिस ने दो नामजद तथा दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के डीहमेंहदी निवासी संतोष कुमार यादव पुत्र स्व0 जगन्नाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस मार्च को रात करीब साढ़े सात बजे थाना क्षेत्र के काजीपुर प्राथमिक विद्यालय के सामने आरोपियो ने उसकी कार को रोक लिया। आरोपी पदनाथपुर लक्ष्मणपुर निवासी प्रदीप यादव पुत्र राजेन्द्र यादव तथा रवि उपाध्याय व दो अज्ञात ने गालीगलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपियो ने उसकी ब्रेजा कार में तोडफोड की। शोर मचाने पर आरोपियो ने पीडित की पिटाई कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रवि समेत चार के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा तोडफोड व धमकी का केस दर्ज किया है।

## अधिवक्ताओं की आम सभा आज

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ की आमसभा की बैठक आज सोमवार को दिन में बारह बजे से होगी। आमसभा में संघ की कार्यकारिणी के चुनाव समेत विभिन्न मुद्दो पर विचारविमर्श किया जाएगा। यह जानकारी महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने दी है।

## महिला थाना पुलिस ने 8 जोड़ों को बिखरने से बचाया

सिद्धार्थनगर। महिला थानाप्रभारी नि0 भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला थाना टीम ने थाने पर आयोजित परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से तलाक की कगार पर खड़े विभिन्न कारणो से अलग रह रहे परिवारों के बीच हुए मनमुटाव को दूर कराकर 08 जोड़ों को एक साथ विदा कराया गया जो की महिला थाना थानाप्रभारी नि0 भाग्यवती पांडेय व उनकी टीम का उत्कृष्ट कार्य योगदान माना जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन व अन्य सीनियर पुलिस अधिकारियों के निर्देश के अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील महिला थाना पुलिस ने गत रविवार को उक्त टीम द्वारा परिवार परामर्श केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम तलाक के कगार पर खडे 08 जोड़ो के बीच मनमुटाव को दूर कराते हुए लिखित समझौते के आधार पर एक दूसरे के साथ राजी खुशी विदा कराया गया। तथा 08 परिवारो को बिखरने से बचाने मे प्रभारी निरीक्षक श्रीमती भाग्यवती पाण्डेय व काउंसलिंग टीम मे महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़, महिला आरक्षी प्रियंवदा सिंह, महिला आरक्षी प्रगति राय का महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है।

# आरोग्य मेले में लापरवाही उजागर

## डीएम ने निरीक्षण कर जतायी नाराजगी



जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के दौरान स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है। डीएम शिवशरणप्पा जी एन के औचक निरीक्षण में कई स्वास्थ्य केंद्रों पर अव्यवस्थाएं मिलीं, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरानी नौगढ़ और नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंदवा बाजार धुसरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, दवा वितरण, टीकाकरण और प्रसव कक्ष की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पुरानी नौगढ़ स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर ओपीडी में मरीजों की संख्या काफी कम पाई गई। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से व्यापक प्रचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित चिकित्सकों और अधीक्षक से स्पष्टीकरण तलब किया। कंदवा बाजार धुसरी स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भी व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं मिलीं। यहां योजनाओं से जुड़ी जानकारी और प्रचार सामग्री का अभाव पाया गया। कई स्थानों पर योजनाओं के स्टॉल तक नहीं लगे थे, जिससे लाभार्थियों को जानकारी नहीं मिल पा रही थी। डीएम ने इसे शासन की मंशा के विपरीत बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाला आरोग्य मेला निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित नहीं हो रहा है। व्यवस्थाओं में ढिलाई और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता स्पष्ट दिखाई दी। स्वच्छता पर भी नाराजगी स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई की स्थिति भी कई स्थानों पर खराब मिली। डीएम ने कचरा निस्तारण, मरीजों के बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बुनियादी सुविधाएं न मिलना गंभीर चिंता का विषय है। डीएम ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आमजन को निःशुल्क और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है, लेकिन लापरवाही के चलते इसका उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोहराई गई तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म का इनामी आरोपी गिरफ्तार




भवानीगंज सिद्धार्थनगर। जनपद के भवानी गंज थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में भवानीगंज पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी ?25,000/- का इनामियां वांछित सोनू राजित राम को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। जो कि भवानी गंज थाना पुलिस का उत्कृष्ट सराहनीय कार्य योगदान माना जा रहा है, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा 0 अभिषेक महाजन के अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कु0 प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व डुमरियागजं क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन में गत रविवार को बृजेश सिंह थानाध्यक्ष भवानीगंज मय टीम के ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 13/2026 धारा 137(2),87,64(2)ट, 78(2), 351(3) इठर व 5/6 व 11/12 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित ?25,000/- का इनामिया वांछित अभियुक्त को भड़रिया चौराहे से आगे स्थित धर्मकाटा के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर, न्यायालय भेजा गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता 01- सोनू मिश्रा पुत्र राजित राम निवासी ग्राम शंकरपुर झिसनी थाना थानगांव जिला सीतापुर बताया गया। जिसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल बृजेश सिंह थानाध्यक्ष भवानीगंज, . उ0नि0 राममिलन सिंह थाना भवानीगंज का0 सिद्धार्थ सिंह, अनीत वर्मा, रामबीर यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

# अपहरण और हत्या के दो आरोपियों को फांसी की सजा

## 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

सिद्धार्थनगर- जनपद के थाना पथरा बाजार क्षेत्र में वर्ष 2023 के एक अपहरण और हत्या मामले में अदालत ने दो दोषियों को मृत्युदंड (फांसी) की सजा सुनाई है। प्रत्येक दोषी पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह निर्णय साक्ष्यों, पुलिस विवेचना और अभियोजन पक्ष की पैरवी के आधार पर दिया गया। 30 अप्रैल 2023 को थाना पथरा बाजार में मोहम्मद उमर पुत्र मोहम्मद अजीज, निवासी ग्राम खोरिया रघुवीर, के अपहरण की शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान बस्ती जनपद के थाना कलवारी अंतर्गत ग्राम कलवारी एहतमाली में एक अज्ञात शव मिला। पुलिस और परिजनों ने शव की पहचान मोहम्मद उमर के रूप में की, जिसके बाद मामले में हत्या की धारा 302 जोड़ी गई। थाना पथरा बाजार पुलिस ने जांच के बाद दो अभियुक्तों नजीरूल उर्फ नजीर पुत्र भीखुल्लाह और अब्दुल्लाह पुत्र नबीजान, दोनों निवासी ग्राम खोरिया रघुवीर सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया। पुलिस ने साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई 28 मार्च को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बांसी, श्री सत्य प्रकाश आर्य की अदालत में हुई। न्यायालय ने गवाहों के बयानों, प्रस्तुत साक्ष्यों और परिस्थितियों का परीक्षण करने के बाद दोनों अभियुक्तों को दोषी पाया। इसके उपरांत उन्हें मृत्युदंड की सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्रा ने पैरवी की। न्यायालय पैरोकार के रूप में आरक्षी युधिष्ठिर यादव ने सहयोग किया। इस फैसले से यह संदेश गया है कि कानून जघन्य अपराधों के प्रति गंभीर है और न्यायालय ऐसे मामलों में उचित दंड देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जूनोटिक संक्रामक रोग जागरूकता शिविर संपन्न



श्रावस्ती। जनपद के सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोतीपुर कलां में जूनोटिक एवं संक्रामक रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आईसीएमआर रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर (आरएमआरसी), गोरखपुर द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग, श्रावस्ती के सहयोग से आयोजित किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनजातीय समुदाय को जूनोटिक एवं संक्रामक रोगों, उनके फैलने के तरीकों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को सामान्य जूनोटिक संक्रमण, स्वच्छता अपनाने की जरूरत, शुरूआती लक्षणों की पहचान और समय पर उपचार के महत्व के बारे में सरल भाषा में समझाया।

इस दौरान वन हेल्थ कैंप भी लगाया गया, जिसमें मानव, पशु और पर्यावरण के संयुक्त स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया। शिविर में हेपेटाइटिस की स्क्रीनिंग, पोषण आकलन सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण भी किए गए। कुल 400 ग्रामीणों ने इस शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. नलिनी द्वारा की गई। आरएमआरसी गोरखपुर के निदेशक डॉ. हरि शंकर जोशी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संक्रामक रोगों और उनके निदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. गौरव ने वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. राजीव, डॉ. नलिनी और डॉ. रितेश ने जंतु जनित रोगों पर अपने विचार साझा किए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. ए. के. सिंह ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न रोग रोकथाम कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण (एमओआईसी, सिरसिया), ग्राम प्रधान राधेश्याम सहित आरएमआरसी गोरखपुर की टीम के सदस्य डॉ. गौरव राज द्विवेदी, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. रितेश, ओम शिवम और सत्येंद्र आदि उपस्थित रहे।

शिविर को स्थानीय लोगों की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और इस पहल से क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूती मिली।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक लामबंद

## दिल्ली रैली को लेकर तैयारी बैठक सम्पन्न



**बहराइच/श्रावस्ती।** आगामी 4 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले होने वाली विशाल महारैली की तैयारियों को लेकर बहराइच के लोटस होटल में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में रणनीति बनाई गई और अधिक से अधिक शिक्षकों को दिल्ली पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि एवं पर्यवेक्षक सुधांशु मोहन (प्रांतीय उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष लखनऊ) ने कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई टीईटी अनिवार्यता अनुभवी शिक्षकों के सम्मान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि 4 अप्रैल को शिक्षक दिल्ली पहुंचकर अपनी ताकत दिखाएंगे। विशिष्ट अतिथि अजय सिंह और धीरेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षक अब चुप नहीं बैठेंगे और जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष विनय पांडेय ने कहा कि वर्षों से पढ़ा रहे शिक्षकों को अब पात्रता की परीक्षा में बांधना गलत है और इसे हर हाल में वापस कराया जाएगा। जिला मंत्री सत्य प्रकाश वर्मा ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता शिक्षकों के भविष्य के लिए खतरा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षकों का अनुभव ही उनकी सबसे बड़ी योग्यता है और कागजी परीक्षाओं से उनका शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हरीश कुमार, जिला संगठन मंत्री दिवाकर प्रताप सिंह सहित सभी ब्लॉक पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि श्रावस्ती से बड़ी संख्या में शिक्षक दिल्ली जाएंगे। अंत में सभी ने ह्यशिक्षक एकता जिंदाबादह्न के नारे लगाते हुए आंदोलन को सफल बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर जिला संयुक्त मंत्री अंकित श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष सुनील दत्त शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, जनार्दन यादव, जय कृष्णा मिश्रा, श्रवण सिंह, उर्मिलेश पांडेय, अनवर खान, प्रेम सिंह यादव, राकेश श्रीवास्तव, शांतनु मौर्य, देवेंदु त्रिपाठी, राधेश्याम सिंह कुशवाहा, कृष्ण कुमार, अनूप वर्मा, कमलेश यादव, संतोष मिश्रा, अम्बरीष सिंह, आशीष मिश्रा, नदीम अहमद, सुनील चौधरी, अवधेश रमन, प्रवीण पाठक, मीनल श्रीवास्तव, आनंद त्रिपाठी, राकेश सिंह, राकेश चौधरी सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

# पश्चिम एशिया संकट को लेकर देश में उपजा माहौल पीएम के गैरजिम्मेदाराना बयान की देन: प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने ईंधन आपूर्ति को लेकर देश में बने भ्रमपूर्ण माहौल के लिए प्रधानमंत्री के वक्तव्य को जिम्मेदार करार दिया है। उन्होने कहा कि ईरान तथा इजराइल व अमेरिका युद्ध को लेकर पीएम मोदी ने युद्ध को लम्बा खिंचने का वक्तव्य देकर लोगों के बीच संशय का माहौल बना दिया। उन्होने कहा कि पीएम मोदी ने युद्ध को लेकर कोविड जैसे संकट का सामना करने के लिए देशवासियों को तैयार रहने की बात कहकर भी गैरजिम्मेदाराना वक्तव्य दिया। उन्होने कहा कि इससे यह साफ जाहिर है कि ईंधन आपूर्ति को लेकर अफवाह अथवा संकट के लिए प्रधानमंत्री का दिया गया वक्तव्य ही पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होने सवाल दागा कि देश में डीजल व पेट्रोल तथा रसोई गैस के लिए लगने वाली लाईन के लिए क्या प्रधानमंत्री का गैरजिम्मेदाराना वक्तव्य जिम्मेदार नही है। वहीं उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति में भटकाव के चलते देश को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हॉर्मुज का भारत के लिए खुलना तत्कालीन प्रधानमंत्री पं0 नेहरू और इन्दिरा गांधी तथा अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में बनाए गए दूरदर्शी रिश्ते का उपलब्धपूर्ण नतीजा है। वहीं उन्होने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घुसपैठिया से जुडे बयान को भी चुनावी राग करार दिया है। उन्होने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जबाबदेही सीधे केन्द्र की जिम्मेदारी है। सांसद प्रमोद तिवारी ने गृहमंत्री से सवाल दागा कि वह देश को बतायें कि अर्धसैनिक बल जब पचास किलोमीटर इधर से उधर जा सकते हैं तब यह घुसपैठ कैसे सम्भव हो पाती है। उन्होने कहा कि जहां जहां चुनाव हुआ करता है भाजपा घुसपैठिये का रटारटाया डॉयलाग बोलने लगती है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हर जाति धर्म को घुसपैठिया कहना देश का अपमान है।

# कोतवाल की पहल से गांव-गांव पहुंचा मिशन शक्ति अभियान

जिला संवाददाता

बांसी/सिद्धार्थनगर- महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना बांसी पुलिस लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक (कोतवाल) बांसी मृत्युंजय पाठक के कुशल नेतृत्व और सार्थक प्रयासों के चलते पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम छितौना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं और छात्राओं को नए कानून, साइबर अपराध से बचाव, एंटी रोमियो



अभियान तथा महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्हें सुरक्षा संबंधी पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान को कोतवाल मृत्युंजय पाठक द्वारा बेहद प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। उनके नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस लगातार क्षेत्र में पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी उपायों के प्रति जागरूक कर रही है, जिसकी स्थानीय लोगों द्वारा भी सराहना की जा रही है। इस दौरान महिलाओं को 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में भी विस्तार से बताया गया तथा आवश्यकता पड़ने पर इन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक राजनाथ सिंह, कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य, महिला कांस्टेबल प्रियंका और होमगार्ड विजय दूबे मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोतवाल मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस जिस सक्रियता और संवेदनशीलता के साथ महिलाओं की सुरक्षा व जागरूकता के लिए कार्य कर रही है, वह क्षेत्र के लिए सराहनीय पहल है। लगातार चलाए जा रहे ऐसे अभियानों से महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति भरोसा मजबूत हो रहा है।

## शिव ही कल्याण के मंगलप्रदाता : स्वामी संपूर्णानंद



प्रतापगढ़। नगर के घुइसरनाथ रोड पर स्थित राधामोहन मंदिर परिसर में हो रही श्री शिवमहापुराण कथा में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास प्रयागराज से पधारे स्वामी सम्पूर्णानंद जी महराज ने कहा कि कलिकाल में मात्र शिव का उच्चारण ही कल्याण और मंगलप्रदाता है। उन्होने कहा कि भगवान शिव स्मरण मात्र से प्रसन्न होने वाले महादेव है। स्वामी जी ने बताया कि भगवान शंकर ने समाज को समरसता तथा सदभावना के मार्ग पर आगे बढ़ने की कृपानुभूति करायी है। उन्होने कहा कि समाज में कटुता तथा भेदभाव व कुरीति का जीवन में विषपान ही शिव की सच्ची आराधना है। उन्होने बताया कि श्रीशिवमहापुराण मे निहित कथाएं जीवन को सदैव नैतिक मार्ग पर प्रशस्त होने की प्रेरणा है। संयोजक समाजसेवी रामलखन जायसवाल व मीरा देवी जायसवाल ने भगवान शंकर की भव्य आरती उतारी। वहीं सह संयोजक विजयनाथ जायसवाल, राजू जायसवाल, दीपक जायसवाल, शिव कुमार जायसवाल ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। धमार्नुरागी धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने संचालन किया। इस मौके पर अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, गीता सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, आदर्श मिश्र, ध्रुव नारायण मिश्र, ओमप्रकाश जायसवाल, डा0 रमाशंकर शुक्ल, छोटेलाल सरोज, रामजी जायसवाल, रामप्रकाश जायसवाल, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, राजकुमार मिश्र आदि रहे।

## बहू-बेटी सम्मेलन से 900 से अधिक महिलाएं जागरूक




श्रावस्ती। मिशन शक्ति 5 (द्वितीय चरण) के तहत श्रावस्ती पुलिस ने बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जिले के 12 स्थानों पर कार्यक्रम हुए, जिनमें 900 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। सम्मेलनों में महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध, घरेलू हिंसा और आपात स्थिति से बचाव के बारे में भी समझाया गया। उन्हें 1090, 181, 112 जैसी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने महिलाओं को आत्मरक्षा के आसान तरीके भी सिखाए और उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है।

## बालश्रम और बाल विवाह रोकथाम हेतु पुलिस का जागरूकता अभियान



श्रावस्ती। जनपद में महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना ए0एच0टी0 पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। रविवार को प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह के नेतृत्व में थाना सोनवा क्षेत्र के ग्राम एवं कस्बा सोनवा में चौपाल लगाकर बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बच्चों को उनके अधिकारों और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 112, 1930, 102 एवं 108 के बारे में विस्तार से बताया और जरूरत पड़ने पर इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त कोतवाली भिनगा क्षेत्र में होटल, ढाबों, ब्यूटी पार्लरों सहित अन्य प्रतिष्ठानों की जांच कर संचालकों को बालश्रम न कराने और नियमों का कड़ाई से पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस के इस अभियान से क्षेत्र में जागरूकता बढ़ी है और बाल अपराधों की रोकथाम को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

## शिवनगर डिड़ई थाने का वार्षिक निरीक्षण

सिद्धार्थनगर-अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद ने शनिवार को थाना शिवनगर डिड़ई का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और पुलिसकर्मियों को कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण की शुरूआत में अपर पुलिस अधीक्षक ने मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप, मेस, थाना कार्यालय, बैरक, शौचालय व स्नानागार का निरीक्षण कर साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने थाने के अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया, जिसमें सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, थाना समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, मिशन शक्ति रजिस्टर तथा मालखाना रजिस्टर शामिल रहे। इस दौरान अपूर्ण अभिलेखों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। साथ ही चोरी, छेड़छाड़ एवं महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए नियमित पैदल गश्त, वाहन चेकिंग, बैंक चेकिंग और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच करने के निर्देश दिए।

## उसका में तीन नामित सभासदों ने ली शपथ



सिद्धार्थनगर - उसका बाजार में नगर पंचायत की बोर्ड बैठक से पहले तीन नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। यह समारोह रविवार, 29 मार्च 2026 को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। सदर उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य ने दिलीप सिंह, पवन जायसवाल और सावित्री देवी को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल और भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने नव-नामित सभासदों का माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि मनोनीत सभासद नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव और सक्रिय सहभागिता से नगर के विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। सांसद ने उम्मीद जताई कि सभी सभासद अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाकर उनके समाधान में अहम भूमिका निभाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कहा कि तीनों सभासद शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए विकास योजनाओं को गति देंगे। उन्होंने नगर हित में सक्रिय योगदान देने का विश्वास व्यक्त किया। शपथ ग्रहण के साथ ही तीनों सभासदों ने नगर क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और जनहित के कार्यों में पूरी निष्ठा से योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में चेयरमैन मंजू जायसवाल, अधिशासी अधिकारी अभिनव श्रीवास्तव, चेयरमैन प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल सहित सोमनाथ मिश्र, शिवकुमार जायसवाल, पंकज अग्रहरी, अनूप छापड़िया, राजू छापड़िया, जुगुल जायसवाल, मनीष अग्रहरी, रामेश्वर पाण्डेय, लालबहादुर दास, दर्पण जायसवाल, राजनारायण पाण्डेय, सत्यप्रकाश वर्मा, कौशल जायसवाल समेत अन्य गणमान्य लोग और भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नव-नामित सभासदों को बधाई दी।

# काव्य रसधारा में पूरी रात झूमे श्रोता

- मंझगांवा में आरपी डी विद्यालय पर कवि सम्मेलन का आयोजन
- स्व. गिरजा देवी की स्मृति में देर रात तक चला कार्यक्रम

**मझगांवा, गोरखपुर।** गगहा क्षेत्र के मझगांवा स्थित आरपीडी एकेडमी टिकरी परिसर में एक कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि गगहा ब्लाक प्रमुख शिवाजी चंद थे, जबकि समाजसेवी अशोक पांडे और अभिषेक शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवप्रसाद शाही ने किया। ब्लाक प्रमुख शिवाजी चंद ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर ने ₹नूतन भारत का सूत्रधार है, युवा तुम्हारे हाथों₹ और ₹बालक, युवा, वृद्ध सबको जोड़ रहा मोबाइल₹ जैसे गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

डॉ. ईश्वर चंद्र त्रिपाठी ने ₹छोड़कर आखिर सफर आ जा तो उधर से कभी इधर आ जा और मैकश



का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन युवा साहित्यिक व सामाजिक मंच और पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में स्व. गिरजा देवी की स्मृति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम सम्मेलन का शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन की शुरूआत मैकंस आजमी ने ₹ये हंस वाहिनी मां अज्ञान को मिटा दो, मिट जाये अंधेरा ऐसा दिया जला दो₹ गीत से की। कवयित्री प्रतिभा गुप्ता आजमी ने ये दुनिया है दुःख का बिस्तर है जैसी पंक्तियां सुनाकर खूब वाहवाही बटोरी। धर्मराज कवि के मंच पर आते ही पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। उन्होंने अपनी हास्य कविता ये जो पकड़ा गया है किसी कीमत पर छूट नहीं पायेगा, इसको हवालात में डाल दो, मामला बड़े साहब के जानकारी में है सुनाकर श्रोताओं को खूब हंसाया।

कवयित्री चेतना पांडे, कवि मनमोहन मिश्र, सुभाष यादव, रामकृष्ण मिश्र 'सरस' और बादशाह प्रेमी ने भी अपनी हास्य कविताओं से श्रोताओं का मनोरंजन किया। कार्यक्रम के आयोजक विनय कुमार शुक्ल ने सभी उपस्थित अतिथियों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुधाकर तिवारी, ग्राम प्रधान अनिल शाही, जेपी गुप्ता, भाजपा नेता संतोष गौतम, अजय मिश्रा, संजय सिंह, मंडल अध्यक्ष अजीत वर्मा, अरविंद शाही, अनिल कुमार सिंह, घनश्याम तिवारी, यशवंत चंद कौशिक, नागेंद्र पांडे, अरविंद राय, संजीव राय, राधेश्याम राय, जितेंद्र शर्मा, ज्वाला तिवारी, संजय मिश्रा, गुड्डू सिंह, शैलेश दुबे, दिनकर चंद, मुन्ना चंद, हरिओम सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने कवि सम्मेलन का आनंद लिया।

# भाजपा प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन पांच चरण संपन्न



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के तरकुलहा मोड़ स्थित चौरीचौरा विधायक सरवन निषाद के आवास पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम (मंडल चौरी चौरा) के तहत पहले दिन पांच चरणों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न पदाधिकारियों ने कार्यकताओं को संगठन की रीति-नीति और कार्यप्रणाली की जानकारी दी।पहले चरण में जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला। दूसरे चरण में एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष बेचन राम ने पार्टी के वैचारिक अधिष्ठान को समझाया। तीसरे चरण में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष चंचला शुक्ला ने कार्य पद्धति पर चर्चा की।चौथे चरण में जिला महामंत्री सबल सिंह पालीवाल ने कार्य विस्तार की रणनीति बताई, । जबकि पांचवें चरण में जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ने बूथ प्रबंधन के टिप्स दिए।

कार्यक्रम के बाद मंडल कार्यसमिति के सदस्य रात्रि विश्राम करेंगे। सोमवार को छठवें चरण में आईटी सेल द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, । जबकि सातवें चरण में विधायक सरवन निषाद के नेतृत्व में समापन होगा।

# डीएम ने गौशाला की स्थिति पर नाराजगी जतायी




इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में गौशाला संचालन एवं प्रबंधन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गौशालाओं की वर्तमान स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर लगातार असंतोष व्यक्त किया जा रहा है और पशुधन विभाग की स्थिति अत्यंत दयनीय है। जनपद में संचालित 70 गौशालाओं के बावजूद अपेक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित नहीं की जा रही हैं, जो अत्यंत गंभीर विषय है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौशालाओं में साफ-सफाई, भूसा, दाना, हरा चारा, पेयजल एवं छाया की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है, इसके बावजूद यदि लापरवाही सामने आती है तो इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं का संचालन शासन की प्राथमिकता में है और इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और स्थायी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, डीएसटीओ रमेश चंद और समस्त विकास खंड अधिकारी उपस्थित रहे।

# परशुराम समिति की बैठक संपन्न



इटावा। परशुराम सेवा समिति की बैठक जिलाध्यक्ष अनुपम तिवारी के आवास पर पत्ताबाग फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा में संपन्न हुयी। अध्यक्षता संरक्षक अरविन्द तिवारी ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने किया। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने अशोकनगर इटावा निवासी सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा को समिति का संरक्षक मनोनीत किया स बैठक में सर्व सम्मति से तय किया गया कि परशुराम जन्मोत्सव पर 19 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से माँ चामुंडा देवी मन्दिर परिसर प्रकाश कोल्ड स्टोर इकदिल में आयोजित किया जायेगा। उक्त वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह कार्यक्रम में 11 महिलाओं सहित 51 वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण पत्र, पट्टीका व परशुराम जी की प्रतिमा देकर परशुराम सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। बैठक में परशुराम समिति की जिला कार्यकारिणी के गठन पर भी चर्चा हुयी। इटावा जिला कार्यकारिणी की घोषणा एक सप्ताह के अंदर कर दी जाएगी। बैठक में संरक्षक हरिप्रकाश चैधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपालजी मिश्रा, सदस्य रविशंकर चैधरी, आशुतोष त्रिपाठी, शुभम पाठक, श्याम मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुपम तिवारी, जिला महामंत्री राज तिवारी आदि पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# प्रांतीय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ का चुनाव सम्पन्न



चरगांवा, गोरखपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय गोरखपुर के प्रेरणा सभागार में प्रान्तीय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ, उ.प्र का चुनाव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर मनोज कुमार विजयी हुए। शेष सभी पदो पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता पटेल एवं महामंत्री लाल बचन चौधरी के नेतृत्व में गोरखपुर की जनपदीय शाखा का सम्पन्न हुए चुनाव में मनोज कुमार अध्यक्ष पद पर विजयी हुए।

शेष सभी पदो पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर जुमराती अहमद, मंत्री पद मनोरंजन सिंह, कोषाध्यक्ष पद अंजनी कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री चंद्रशेखर भारती, लेखा संम्प्रेरक्षक बदरे आलम निर्वाचित घोषित हुए। सभी पदाधिकारी को संयुक्त परिषद के मंडल अध्यक्ष द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से गोविन्द श्रीवास्तव मण्डल अध्यक्ष, व राजेश सिंह मण्डल उपाध्यक्ष गोरखपुर चुनाव अधिकारी चुनाव की सभी प्रक्रिया पूर्ण कराने में अहम योगदान दिये। सर्वप्रथम वर्तमान जिला अध्यक्ष के वर्नवाल द्वारा पुरानी कार्यकारणी भंग किये एवं प्रदेश महामंत्री लाल बचन चौधरी द्वारा नयी कार्यकारणी के गठन की कार्यवाही प्रारंभ गई।

# राजकुमार चौहान के घर पहुंचा सपा का 14 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल

## सपा के प्रतिनिधिमंडल ने मृतक राजकुमार के परिजनों से ली घटना की जानकारी

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल इलाके के बरगदवां निवासी पूर्व पार्षद के प्रतिनिधि रहे वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार चौहान की कुछ दिन पहले चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। सपा मुखिया के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मृतक राजकुमार के घर पहुंचा और उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। परिजन घटना की जानकारी देते हुए फफक कर रो पड़े। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा जताया। रविवार को दिन के लगभग एक बजे के आस पास समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा गठित चौदह सदस्यीय एक पतिनिधि मंडल जिसमें प्रदेश सचिव महेन्द्र चौहान, युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिजय चौहान, जिलाध्यक्ष गोरखपुर बृजेश कुमार गौतम, सांसद रामभुआल निषाद, पूर्व विधायक विजय बहादुर यादव, पूर्व विधायक राजमती निषाद, पूर्व विधायक यशपाल



रावत, महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरेसी, पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी, पूर्व विधायक मोहसिन खान, पूर्व सपा प्रत्याशी सुभावती देबी शुक्ला , बिरेन्द्र लाल श्रीवास्तव सहित कई नेताओ ने स्व० राजकुमार चौहान के घर पहुच उनके परिजनो से मिल कर घटना की बिस्तृत जानकारी ली मृतक की पत्नी शुशीला पुत्र युवराज एवं पुत्रियो ने प्रतिनिधि मंडल के समक्ष घटना की जानकारी देते हुये बतायी की पुलिस नामजद आरोपी धर्मदेव चौहान एवं धर्मपाल चौहान के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की है ना ही हत्यारो द्वारा गले से लूटी गयी लाखो रुपये कीमत की चेन बरामद की है भाजप शासन प्रशासन द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की अनुदान राशि नही प्रदान की गयी है परिजनो ने घटना की सी बी आई द्वारा निश्पक्ष जाँच कराने की माँग की है सांसद राममुआल ने आश्वस्त किया कि मैं घटना की पूरी जानकारी सपा मुखिया अखिलेश यादव जी को अवगत कराने के साथ ही संसद के समक्ष उठा कर निश्पक्ष जांच की मांग करुगा।

# विद्यालय के मेधावियों को पुरस्कृत कर किया गया सम्मान

**मझगांवा, गोरखपुर।** आरपीएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सत्र 2025-26 के परीक्षा के तहत विद्यार्थियों को अंक पत्र वितरित किया गया एंव मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अवकाश प्राप्त शिक्षक रामधारी शर्मा उपस्थित रहे।




कक्षा पांचवीं की छात्रा शिखा सिंह पुत्री राजेश सिंह निवासी बेलकुर ने पूरे विद्यालय में सर्वाधिक अंक (98.79) प्राप्त किया। विद्यालय के नियमानुसार शिखा सिंह को 2026-27 में निःशुल्क शिक्षा के साथ कॉपी-किताब भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराया जाएगा। वही कक्षा पांचवीं की ही छात्र प्रशंसा सिंह पुत्री धर्मेंद्र सिंह, निवासी मेहन्दीया, ने 97.57 प्रतिशत अंको के साथ दित्वीय स्थान एवं कक्षा एक की छात्रा दिव्यांसी सिंह पुत्री अमरनाथ सिंह ,गगहा ने 97.36 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक शैलेश सिंह ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों का शिक्षा के साथ -साथ सवार्गीण विकास करने का प्रयास निरन्तर करता है।इस अवसर पर प्रदीप यादव, पवन चौधरी, केडी अली,कविता यादव सहित भारी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# औरास के रामपुर गढ़ौवा विद्यालय में एआरपी का निरीक्षण

उन्नावं विकासखंड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में एआरपी राम मिलन ने सपोर्टिव सुपरविजन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के शैक्षिक, भौतिक व सह-पाठ्यक्रमीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा के निर्देशन में बच्चों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों को देखकर वे संतुष्ट नजर आए। कक्षा 6 व 8 के विद्यार्थियों से विषय आधारित प्रश्न पूछे गए। कुछ बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए, जबकि कुछ को कठिनाई हुई। इस पर एआरपी ने शिक्षकों को नियमित अभ्यास व विषय की गहराई पर कार्य करने के निर्देश दिए। हिंदी व्याकरण के अंतर्गत संज्ञा व सर्वनाम पर भी उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया।



निरीक्षण के दौरान एआरपी राम मिलन ने कहा, ष्जहां शिक्षक का समर्पण और बच्चों की जिज्ञासा मिलती है, वहीं शिक्षा का वास्तविक प्रकाश जन्म लेता है। विज्ञान कक्ष में बच्चों द्वारा तैयार प्रोजेक्ट्स व प्रयोगों को देखकर एआरपी ने सराहना की। एलबीडी (लर्निंग बाय डूइंग) के तहत बच्चों की समझ को प्रभावी बताया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं खुशी, उपासना, पायल व नैना को नोटबुक व पेन देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर प्रदीप कुमार वर्मा ने बच्चों को अनुशासन व निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया। परीक्षा के बाद कम छात्र उपस्थिति पर चिंता जताते हुए एआरपी ने अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने व घर पर अध्ययन समय बढ़ाने के निर्देश दिए।

# खड़ी फसल जलकर राख हो गयी

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत खड़ी व कटी पड़ी गेहूं की फसल में आग लग जाने से छःबीघा से अधिक फसल जलकर राख हो गई है जो लगभग एक लाख रुपए से अधिक की बताई गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों की मदद से जलती आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम महराज पुर मजरा परसंडा में रविवार को समय लगभग 1:00 बजे गेहूं के खेतों में आग लग गयी इसकी चपेट में आए किसान सुंदरी पत्नी स्वर्गीय राम अवतार की लगभग दो बीघा खड़ी फसल व वीरेंद्र पुत्र भभूती प्रसाद की दो बीघा तथा लक्ष्मी शंकर पुत्र राम आसरे निवासी दैता की ढाई बीघा कटी पड़ी फसल जलकर खाक हो गई। फसल के जल जाने से किसानों के सामने दो जून की रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों की मदद से जलती आग पर काबू पा लिया गया है किंतु समाचार लिखे जाने तक आग लगने के कारणो का पता नहीं लग सका है।

# श्याम लाल इंटर कॉलेज प्रबंध समिति का चुनाव सकुशल संपन्न



नवाबगंज, उन्नाव। स्थानीय श्याम लाल इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का निर्वाचन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित पर्यवेक्षक की उपस्थिति में सकुशल संपन्न हो गया। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में पूरी कराई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस निर्वाचन में पर्यवेक्षक के रूप में कमलेश कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल अरेर कला उन्नाव की देखरेख में पूरी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। सभी पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। निर्वाचन में रज्जन लाल अवस्थी को अध्यक्ष, जगत पाल सिंह को उपाध्यक्ष, मनोज गुप्ता को प्रबंधक, विजय प्रताप सिंह को उप प्रबंधक तथा लालता प्रसाद तिवारी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अलावा चंद्रभान सिंह, रावेन्द्र पाण्डेय, चंद्रसेन द्विवेदी, मुकुंद मोहन त्रिपाठी, महादेव यादव, प्रदीप सिंह राठौर एवं डॉ. संतोष गुप्ता को सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया है। निर्वाचन संपन्न होने के बाद नव-निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को शुभकामनाएं दी गईं और संस्था के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# नारायन कॉलेज में दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



इटावा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान चलाया जा रहा हैं। सदर विधानसभा के समस्त पाँच मंडलो में दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान का नारायन कॉलेज में रविवार को शुभारम्भ हुआ। प्रशिक्षण अभियान का समापन सोमवार को होगा। प्रशिक्षण में कुल सात सत्र आयोजित किए जाएंगे। सत्रों में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, संगठन को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जा रहा है। सदर विधानसभा की समस्त पाँच मंडलो में एक साथ उद्घाटन सत्र आयोजित हुए। इटावा प्रथम मंडल की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चैधरी ने तथा उद्घाटन महिला कल्याण निगम अध्यक्ष, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद इटावा प्रभारी कमलावती सिंह, इटावा द्वितीय मंडल की अध्यक्षता जिलाउपाध्यक्ष कृपानारायण तिवारी व उद्घाटन कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, बसरेहर मंडल की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा व उद्घाटन सदर विधायक सरिता भदौरिया, इकदिल मंडल की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष गोपालमोहन शर्मा व उद्घाटन जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता व बढ़पुरा मंडल की अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत व उद्घाटन ओबीसी मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ से पहले भारतीय जनता पार्टी की सम्पूर्ण यात्रा को प्रदर्शित व उपलब्धियों को दशार्ती हुई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

# सड़क हादसों में तीन की मौत



बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाइवे पर ग्राम सरायमिट्ठे के सामने महाकाल ढाबा संचालक के 26 वर्षीय बेटे के सड़क पार करते समय उसे इटावा की ओर तेजगति से आ रहे कार ने टक्कर मारी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा पीछे से आ रहे दूसरे कार चालक उसे रोदता हुआ कार सहित निकल गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। बिजौली चैकी पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भेज दिया। ग्राम सरायमिट्ठे गोविंद पाल उर्फ कल्लू ने बताया कि उनका 26 बर्षीय छोटा बेटा सुखबीर उर्फ बंधन पाल शनिवार की रात करीब 8.30 बजे आगरा कानपुर नेशनल को पार कर रहा था कि उसी समय इटावा की ओर से तेजगति से आ रहे अज्ञात कार ने उसके टक्कर मार दी और गंभीर रूप से घायल होकर बेटा सड़क पर गिर गया पीछे से आ रहे दूसरा कार चालक उसको रोदता हुआ कार सहित निकल गया। जिससे बेटे सुखबीर उर्फ बंधन पाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर बिजौली चैकी इंचार्ज शोभित प्रजापति मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और मृतक युवक का शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक सुखबीर तीन भाई थे एक बहिन है जिसमें बडा भाई राहुल पाल दूसरे नम्बर का सोनू व सबसे छोटा मृतक स्वंय था। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ककरैया निवासी सौरभ ने किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही बकेवर थाना प्रभारी विपिन मलिक मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं भरथना थाना के ग्राम बनामई निवासिनी निशा उम्र 27 साल पत्नी विष्णु की अज्ञात कारणों से मौत हो गई।

# टायर फटने से युवक घायल, कान का पर्दा फटा

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव नगला खुमान में ट्रैक्टर के टायर में हवा भरते समय हादसा हो गया। 24 वर्षीय सुशील पुत्र भजन लाल ट्रैक्टर के अगले पहिये में हवा डाल रहा था, तभी अचानक ट्यूब और टायर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाके की आवाज से वह घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार में पता चला कि उसके कान का पर्दा फट गया है। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है।

# फाग मंडली को सम्मानित किया गया

पाटन, उन्नाव। पितुआखेड़ा, गांव में रमाकांत यादव के द्वारा भव्य फाग आयोजित की गयी। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह पहुँचे, फगुहारो पर पुष्प वर्षा की गयी व सभी फाग मंडली को राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने माला पहनाकर अंगवस्त्र भेंट करके सम्मान किया। आयोजन समिति को पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने आर्थिक सहयोग भी दिया, आयोजक रमाकांत यादव ने सपरिवार राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह दिया।

## सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक नं. 1924782 व इण्टरमीडिएट की मार्कशीट अनुक्रमांक नं. 1332469 कहीं खो गई है। **अरविंद सिंह पुत्र राधे श्याम नि.- मुहल्ला महोबा, तह. व जिला महोबा।**

# पारपट्टी का होगा जिला मुख्यालय से जुड़ाव

## ग्राम रूरा यमुना नदी पर 80 करोड़ की लागत से बनेगा पुल

**इटावा।** पारपट्टी के विकास के लिए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खोला खजाना 100 करोड़ से ज्यादा की योजनाओं को दी मंजूरी सदर विधायक सरिता भदौरिया के प्रयासों के चलते कई जनहित की योजनाओं को शासन ने दी हरी झंडी। उपरोक्त जानकारी सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए दी उन्होंने कहा 2022 के चुनाव में यमुना नदी के पुल से लेकर उनके गांव उदी तक सड़क जर्जर होने पर पूरे जनपद के विपक्ष ने एक और सुर में होकर शासन प्रशासन को मेरी असफलता बताते हुए मार्ग का रोना रो कर ज्ञापन सौंपे थे इस पूरे घटनाक्रम को मैंने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा था जिस पर उन्होंने बताया था कि आपके गांव सहित मध्य प्रदेश को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क



को फोर लाइन किए जाने का प्रस्ताव बन चुका है। जिसका कार्य शीघ्र ही पूरा होगा और आपकी यमुना पर बनने वाला पुल ऐतिहासिक होगा इसी वजह से उक्त सड़क को बनाने में विलंब हो रहा जनपद के घटिया मानसिकता के लोगों ने उस पर जमकर राजनीति की लेकिन उसी दिन मैं भी पूरे जनपद की सड़कों को दुगनी रफ़्तार से बनाने का प्रण मन में लिया जिसका परिणाम आज यह है कि कचैरी मार्ग बसरेहर बाईपास भरथना इटावा मार्ग सहित तमाम जनपद के प्रमुख मार्ग जो इटावा विधानसभा की ओर आते हैं उन सब का चैड़ीकरण सहित उनको पुन्हा निर्मित कराने का कार्य करते हुए जनपद की सभी सड़कों का विकास किया। उन्होंने कहा कि आज उसी कड़ी में ग्राम रूरा और ग्राम असवा के बीच यमुना नदी पर 80 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा नया 27 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की गई है।

# गौरैया संरक्षण अभियान के तहत डीएम को भेंट किए दाना-पानी स्टैंड व घोंसले




उन्नाव। गौ-गौरैया संरक्षण समिति, कानपुर (उ.प्र.) द्वारा चलाए जा रहे गौरैया संरक्षण जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी कार्यालय स्थित पन्नालाल सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष रजनीश द्विवेदी ने जिलाधिकारी गौरांग राठी को पर्यावरण के अनुकूल लकड़ी से बने दाना-पानी स्टैंड एवं गौरैया के घोंसले भेंट किए। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी अभियान बताया और इसके माध्यम से लोगों में पर्यावरण एवं पक्षी संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ने की बात कही। इस अवसर पर मनीष पाण्डेय ने बताया कि संस्था द्वारा बीते 13 वर्षों से गौरैया संरक्षण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। प्रारंभिक वर्षों में दाना-पानी पात्र व हैंगिंग बाउल का निःशुल्क वितरण किया जाता था। वर्ष 2017 से लकड़ी एवं मिट्टी से बने दाना-पानी स्टैंड का वितरण तथा पार्कों व विभिन्न स्थानों पर इन्हें स्थापित कराया जा रहा है। वहीं वर्ष 2021 से ह्यघर आओ गौरैयाह्न अभियान के तहत लकड़ी से बने घोंसलों का निःशुल्क वितरण एवं विशिष्ट व्यक्तियों को भेंट कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि गत वर्ष कानपुर के अहिरवां स्थित संजीवनगर में बनाए गए उनके आवास की बाहरी दीवार पर कंक्रीट से 10 गौरैया घोंसले बनवाए गए हैं, जिनमें इस वर्ष तीन घोंसलों में गौरैया ने अंडे दिए हैं, जो एक सुखद संकेत है। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय के कर्मचारी एवं अन्य आगंतुक भी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मुर्गी फार्म में भीषण आग, चूजे जिंदा जले

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिझौली में अचानक लगी आग से एक मुर्गी फार्म जलकर राख हो गया। हादसे में बड़ी संख्या में चूजे जिंदा जल गए, जिससे किसान को हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रोहित कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार के मुर्गी फार्म में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और फार्म का छप्पर धू-धू कर जलने लगा। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें तेजी से फैलती चली गईं। आग की चपेट में आकर फार्म में मौजूद बड़ी संख्या में चूजे जलकर मर गए। घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरा फार्म जलकर नष्ट हो चुका था। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

## मंदिर के समीप से शराब की दुकान हटाने की मांग

मोहम्मदी खीरी। रेहरिया चौकी क्षेत्र के गांव नंदपुर साहबगंज ग्रांट में मां दुर्गा आश्रम के सेवादार ने मंदिर के सामने मदिरा की दुकान होने से शराब पीकर परिसर में गंदगी कर अश्लील गालियां देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। आश्रम के सेवादार रामस्वरूप दास उर्फ रामपाल और श्री रामदास द्वारा पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया मंदिर के ठीक सामने 10 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान का ठेका है जहां आए दिन लोग शराब पीकर मंदिर परिसर में गंदगी करते हैं विरोध करने पर मादा फौजदारी होकर अश्लील गालियां देते हुए जान से मार डालने की धमकी देकर चले जाते हैं जिससे पूजा पाठ करने आई महिलाओं को अपमानित होकर शर्मसार हो जाती है ऐसे में शराब की दुकान अभिलंब हटाकर दूसरी जगह स्थानांतरित करने के साथ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## आवासीय अग्निशमन केंद्र बनने की मिली मंजूरी

सीतापुर। महोली तहसील क्षेत्र के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। लंबे समय से अग्निशमन केंद्र की मांग के बाद अब क्षेत्र में नए आवासीय अग्निशमन केंद्र की स्थापना को मंजूरी मिल गई है। यह स्वीकृति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यालय से प्राप्त हुई है। करीब 12 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह केंद्र क्षेत्र में आग लगने की घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण सुनिश्चित करेगा। अब तक महोली तहसील में अग्निशमन केंद्र न होने के कारण हर साल आग लगने की घटनाओं में किसानों की लाखों रुपये की फसलें जलकर नष्ट हो जाती थीं। इसके साथ ही कई बार जनहानि और पशुहानि की घटनाएं भी सामने आती थीं।जिला मुख्यालय से दमकल वाहनों के पहुंचने में होने वाली देरी के चलते आग पर समय से काबू पाना मुश्किल हो जाता था, जिससे नुकसान और बढ़ जाता था। ऐसे में इस नए केंद्र की स्थापना से क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। महोली विधायक शशांक त्रिवेदी ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए लगभग दस महीने पहले मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अग्निशमन केंद्र की मांग रखी थी। 28 मार्च को उन्हें इस प्रस्ताव की स्वीकृति की जानकारी मिली, जिसकी पुष्टि उन्होंने अपने फेसबुक पेज के माध्यम से भी की।

# कार-बैटरी चोर गिरोह का पर्दाफाश, 5 शातिर गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिले में पुलिस ने अंतर्जनपदीय कार-बैटरी चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए पांच शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। विभिन्न स्थानों पर हुई कार और बैटरी चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए यह कार्रवाई की गई। आलोक सिंह के निर्देशन में और विनायक भोसले के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस और स्वाट/सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने कनवा खेड़ा सर्विस लेन के पास से मुजफ्फरनगर निवासी मुस्तकीम, शहजाद, फैजल तथा लखनऊ निवासी अब्बास और मोहम्मद शकी उर्फ हैदर को दबोचा। इनके कब्जे से चोरी की एक एस्टीम कार, 12 बैटरियां, करीब 14.8 किलोग्राम बैटरी बुरादा, 20 हजार रुपये नकद, दो तमंचे (315 बोर), दो जिंदा कारतूस, प्लास और पेचकस बरामद किए गए हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अलग-अलग शहरों में सुनसान स्थानों पर खड़ी गाड़ियों और ई-रिक्शा की रेकी कर उनकी बैटरियां चोरी करते थे। चोरी की बैटरियों को बेचने के साथ ही उन्हें तोड़कर अंदर का रांगा/चूरा अलग-अलग जगहों पर बेच देते थे। गिरोह चोरी की गाड़ियों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वारदात को अंजाम देता था। एएसपी आलोक सिंह ने बताया कि अभियुक्तों ने 17 फरवरी को घुरामऊ बंगला क्षेत्र में ई-रिक्शा से बैटरियां चोरी करने और 5 मार्च की रात तरीनपुर ईदगाह के पास 14 गाड़ियों की बैटरियां व एक कार चोरी करने की घटना कबूल की है। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य विभिन्न जनपदों में सक्रिय थे और इनके खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। साथ ही, चोरी का सामान खरीदने वालों की भी पहचान की जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधान व सचिव पर अमृत सरोवर निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप



लखीमपुर खीरी। ब्लाक पसगवां की ग्राम पिताम्बर नगर अमृत सरोवर में निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप ग्रामीणों ने प्रधान व सचिव पर लगाया है। ग्राम निधि मनरेगा योजना स्वच्छ भारत मिशन प्रधान सचिव के लिए कमाई का जरिया बनी हुई है। लाखों रुपए अमृत सरोवर पर खर्च करने के बावजूद ग्रामीणों को लाभ अमृत सरोवर का मिलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। मनचाही फर्म पर लाखों रुपए का भुगतान भेज कर भारी गोलमाल किया गया है। बताते चलें कि मैगलगंज में 1.70 लाख खर्च कर लगाया गया ओपन जिम, कुछ ही महीनों में कबाड़ बन गया। प्रधान सचिव की उदासीनता के चलते अमृत सरोवर कबाड़ हो गया। डाले गए झूले खराब हो गए कागजों में महंगी खरीद दिखाई गई मौके पर सस्ता झूला लगाकर प्रधान सचिव ने अपनी जेब भारी। मैगलगंज के पिताम्बर नगर अमृत सरोवर में जिम की मशीनों के हैंडल-पाइप उखड़े, कई उपकरण जंग से खराब हो गए। 11 दिसंबर 2025 को प्रियंका ट्रेडर्स को कुल ?1,70,600 का भुगतान कर दिया गया। 2022 में सांसद रेखा अरुण वर्मा ने अमृत सरोवर का उद्घाटन किया था गुणवत्ता पर उठे सवाल उठ रहे है। निकाली गई कीमत से कम कीमत के उपकरण होने का अंदेशा, लागत और गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ माह पहले भुगतान किया गया भुगतान के सापेक्ष पिताम्बर नगर अमृत सरोवर में काम नहीं किया गया।

## पेड़ से लटका मिला किशोर का शव

सीतापुर। जिले के मछरेहटा थाना क्षेत्र में रविवार को एक 12 वर्षीय किशोर का शव पेड़ से लटका मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अवधेश (12) पुत्र पप्पू राजवंशी निवासी ग्राम बीरमपुर, ग्राम पंचायत आदिलपुर के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, अवधेश दोपहर करीब एक बजे घर से बकरी चराने के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। चिंतित परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान गांव के उत्तर दिशा में स्थित सुधीर सिंह की बगिया में उसका शव पेड़ से फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मछरेहटा थाना प्रभारी प्रभात गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार, अवधेश शांत और सरल स्वभाव का लड़का था, जिससे उसकी इस तरह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से गांव में शोक और दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी प्रभात गुप्ता ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी हुई है।

## मिट्टी व बालू के खनन से बार्डर पर बाढ़ का खतरा



तिकुनिया खीरी। भारत नेपाल सीमा का बॉर्डर इन दिनों खनन का शिकार बना हुआ है। इलाके के कुछ लोग सांठगांठ के चलते इस धंधे में रात दिन एक किए हुए है। कुछ एजेंसियां सब कुछ जानते हुए भी अनजान वनी हुई है। सूत्र बताते है कि चाहे वह मोहाना नदी पर बने बांध के किनारे खनन हो, चाहे जौराहा नदी के अंदर बालू का खनन हो। खनन माफियाओं की हर जगह दो दर्जन से अधिक ट्रालियां रात और दिन में दौड़ती नजर आती हैं। खनन से बॉर्डर इलाके में बाढ़ को लेकर गंभीर खतरा बढ़ गया है। मोहाना नदी के कटान पर गांव जसनगर, जनकपुर और बाबापुरवा है जिसके चलते कभी भी कोई आपदा आ सकती है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम कौडियाला के पास मोहाना नदी पर बने बांध के किनारे नंबरी खेतों में खेत मालिक से मिट्टी खरीद कर बड़े-बड़े ताल बनाए हैं और नदी से बालू भी निकाली जा रही हैं। वहीं थाना सिंगाही क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थानों से बालू का खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इस कार्य में करीब एक दर्जन से अधिक ट्रालियां लगी हुई है। चर्चा है कि खनन से जुड़े लोग कई एजेंसियों को मासिक नजराना देते है जिसके चलते उच्चाधिकारियों के आने की सूचना इन्हें मिल जाती है और यह मौके से फरार हो जाते है। इस बाबत एसडीएम राजीव निगम ने बताया खनन की शिकायत मिलते ही तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी खनन करना जुर्म है, इस पर पहले से भी प्रतिबंध लगा हुआ है।

## मंदिर के पास शराब की दुकान से परेशानी



पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। क्षेत्र के एक गांव में मंदिर के पास संचालित शराब की दुकान से हो रही परेशानी को लेकर सेवादार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र भेजकर समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। ग्रन्ट साहबगंज के ग्राम नन्दनपुर स्थित मां दुर्गा आश्रम के सेवादार रामस्वरूप दास मंदिर में रहकर नियमित पूजा-पाठ करते हैं। मंदिर के ठीक सामने करीब 30 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान संचालित हो रही है, जहां देशी-विदेशी शराब और बीयर की बिक्री होती है। आरोप है कि दुकान पर आने वाले लोग शराब पीकर मंदिर परिसर के आसपास गाली-गलौज करते हैं और खाली बोतलें फेंक देते हैं। कई बार नशे में लोग मंदिर परिसर में ही गंदगी कर देते हैं, जिससे पूजा-पाठ में बाधा उत्पन्न होती है। इतना ही नहीं, विरोध करने पर मंदिर के सेवादरों को धमकाने की बात भी सामने आई है। इस स्थिति से धार्मिक वातावरण प्रभावित हो रहा है और श्रद्धालुओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि मंदिर के पास संचालित शराब की दुकानों को हटाया जाए, ताकि धार्मिक स्थल की गरिमा बनी रह सके।

## भारत विकास परिषद की नयी कार्यकारिणी गठित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रविवार को भारत विकास परिषद की वार्षिक चुनाव बैठक न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेस के सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम चुनाव पर्यवेक्षक एवं प्रांतीय गतिविधि संयोजक शशिकांत श्रीवास्तव के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अनुज खरे को अध्यक्ष, मनोज वर्मा को सचिव और पटेल सुशील वर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। सभी पदों पर निर्विरोध चयन होने से संगठन में एकजुटता का संदेश गया। चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भारत विकास परिषद समाज सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संगठन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुज खरे ने कहा कि वे संगठन को और मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को परिषद से जोड़ने का प्रयास करेंगे। सचिव मनोज वर्मा ने कहा कि परिषद की गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाएगा और नए कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। कोषाध्यक्ष पटेल सुशील वर्मा ने पारदर्शिता के साथ वित्तीय कार्यों के संचालन की बात कही। बैठक में परिषद के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना, रामसागर वर्मा, महिला संयोजिका प्रियंका गुप्ता सहित सदस्यगण संजय कुमार तिवारी, संजय शुक्ला, अवधेश कुमार, शैलेंद्र वर्मा, आदर्श कुमार जायसवाल, सुशील कुमार, संदीप चक्रवर्ती, ठाकुर गौरीश सिंह, अरुण शर्मा, पवनेश वर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## सनातनियों ने सपा के यदुनंदन का फूंका पुतला

लखीमपुर खीरी। जेबीगंज के मुख्य तिराहे पर सनातनियों ने सपा के यदुनंदन लाल वर्मा का फूंका पुतला। बताते चलें कि समाजवादी पार्टी के प्रदेश के कद्दावर नेताओं में गिने जाने वाले यदुनंदन लाल वर्मा ने सांडी थाना के अंतर्गत आने वाले अंटवा खेरवा गांव में आयोजित सम्राट अशोक जयंती समारोह के कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान श्री राम और माता कौशल्या पर अपमानजनक व आपत्तिजनक वक्तव्य दिया था, जिसमें उन्होंने हिन्दू सनातन धर्म के पवित्र ग्रंथ बाल्मीकि रामायण का गलत रूप से हवाला देते हुए भगवान श्री राम पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिसके आरोप में उनपर केस भी दर्ज किया गया व कार्यवाही भी हुई। इस प्रकरण से हिन्दू सनातनियों की भावना आहत हुई, इसी कारण से उनके पुतले का दहन किया गया। पुतले दहन में अभिषेक बाजपेयी, प्रशांत मिश्रा, दीपू त्रिवेदी, दीपक मिश्रा, उमेश शुक्ला, सूरज, सुल्ताना गुप्ता समेत अन्य सनातनी युवक मौजूद रहे।

## दीक्षांत समारोह में वितरित किया गया परीक्षाफल




मोहम्मदी खीरी। कस्बा के न्यू एन टी आई पब्लिक स्कूल में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रवक्ता विनोद श्रीवास्तव मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन छात्रा मन्नत श्रीवास्तव, बतूल जहरा और इफा और इशरात ने किया है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और प्रबंधक शाहनवाज खां ने संयुक्त रूप से मां वीणा पाणि के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधवा शुभारंभ किया। संस्कृति कार्यक्रम की वाणी वंदना के साथ शुरूआत की गई जिसमें बच्चों ने प्रस्तुति देकर शमा बांध दी संगीत की ध्वनि पर बच्चों ने संदेशे आते हैं, ए मेरे वतन के लोगों, और चिट्ठी आई है वतन से देश भक्ति के गानों पर जमकर धमाल मचाया है। मुख्य अतिथियों ने एन सी के केशु प्रथम, अर्शिला खान, द्वितीय और पीहू तृतीय स्थान प्राप्त किया, एन सी,एल के जी मे सुहावनी, सौम्या सदिया, आरब,अदिरा और अनंत, अनमोल, अनामिका अव्वल रही कक्षा 1 इरम, अंशिका, हुसैन, 2 मे तासू, दिव्या ,आरुषि,3 मे अनमोल आयरा, अवंतिका 4 में माही ,मानवेंद्र ,शैली 5 मे ताहिरा, अनुभव, आलिया, 6 मे तनिष्का वैभव , आर्यन 7 मे आराध्या सिंह, नंदिनी, अराहमा, और कक्षा 8 इबा इशराक, आरब सक्सेना और समरा खा अब्बल आने पर मेडल देकर सम्मानित किया गया प्रबंधक ने आयोजन में आए सभी अभिभावकों का आभार जताया है।

# सुंदरकांड पाठ से सांस्कृतिक मंच का शुभारंभ रामायण नृत्य नाटिका ने बांधा समां




ऐतिहासिक चैती मेला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक चैती मेले के तहत सांस्कृतिक मंच का शुभारंभ श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ से किया गया। नगर के बृजेश तिवारी, महेश तिवारी, राजेश तिवारी, मिथलेश तिवारी एवं उनकी टीम ने विधिवत पाठ कर कार्यक्रम की शुरूआत कराई।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि चैती मेला जनपद की ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे सभी के सहयोग से सफल बनाना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने लोगों से निर्भय होकर मेले का आनंद लेने की अपील की। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ह्यरिंकूह्ल ने कहा कि यह मेला छोटी काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान है, जिसे संजोकर रखना सभी की जिम्मेदारी है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत नृत्यांजलि फाउंडेशन द्वारा सिया के राम शीर्षक से रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कथक नृत्य के माध्यम से भगवान राम के जन्म से लेकर रावण वध और अयोध्या वापसी तक के प्रसंगों का सजीव चित्रण किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य नाटिका में राम की भूमिका में अनंत शर्मा, सीता के रूप में श्वेता गुप्ता और रावण के किरदार में अंश पांडे ने प्रभावशाली अभिनय किया।

लक्ष्मण के रूप में अनुभव, मंथरा के रूप में रितिका, जटायु व अहिल्या के रूप में पर्णिका श्रीवास्तव, जनक व दशरथ के रूप में विशाल, विश्वामित्र के रूप में आयुष, कैकेयी के रूप में वर्षा और हनुमान के रूप में विशाल ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों की सराहना बटोरी। इसके अलावा अन्य कलाकारों ने भी विभिन्न पात्रों को जीवंत किया। नृत्य प्रस्तुतियों में अनुराधा दुबे, वरदा, पर्णिका, रितिका मिश्रा और कीर्ति ने भी आकर्षक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इस अवसर पर आईएएस मनीषा धार्वे, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार, डॉ. अभिषेक मेहरोत्रा सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीसीएम की टक्कर से दो की मौत, पांच घायल

लखीमपुर खीरी। थाना फरधान क्षेत्र के लखीमपुर गोला मार्ग पर बाइक और डीसीएम की रविवार को टक्कर हो गई। बाइक पर सवार छह माह की बच्ची और 28 वर्षीय शाहमीन की दर्दनाक मौत हो गई।

डीसीएम लेकर भाग रहे। डिसीएम ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया है। पठानन पुरवा निवासी इसराइल अपनी पत्नी शाहमीन और तीन बेटियों के साथ बाइक से नीमगांव अपने मामा के यहां शादी समारोह में जा रहे थे।इसराइल ने बताया वह लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग स्थिति राजेपुर गांव का पास पहुंचे सामने से डीसीएम आ गई। बाइक चालक ने बताया डीसीएम चालक ने बाइक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी शाहमीन और रशीदा बाइक से उछलकर डीसीएम के नीचे पहिए के नीचे आए से छह माह की बच्ची रशीदा के दो टुकड़े हो गए, और 28 वर्षीय शाहमीन के सीने के ऊपर हिस्सा कुचलकर अलग हो गया। बाइक चालक इसराइल 29 वर्ष आफरीन छह वर्ष और पलक तीन वर्ष उछलकर दूसरी तरफ गिरने से बाल बाल बच गए। दुर्घटना के बाद डीसीएम का चालक मौके से भागने के प्रयास में आगे जा रहे रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा उछलकर सड़क किनारे पलट गया। ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांचों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी फरधान लाया गया।

जहां से ई रिक्शा चालक राजकुमार को छोड़कर चार लोगों को जिला अस्पताल ओयल के लिए रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने आकर डीसीएम मौके पर रोक लिया और चालक को पकड़ लिया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और चालक को कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों से छुड़ाया। इस हादसे में ई रिक्शा में सवार घायलों 1. राजकुमार 23 निवासी देवरिया थाना फरधान, 2. विद्या देवी 85 वर्ष निवासी देवरिया थाना फरधान, 3. पप्पू 55 वर्ष निवासी रसूलपुर थाना नीमगांव 4. रामफूल 86 वर्ष निवासी रसूलपुर थाना नीमगांव, 5. माया देवी 35 वर्ष निवासी अटवा थाना नीमगांव बुरी घायल हो गए।

# एमएसएमई कॉन्क्लेव में छात्रों ने लिया उद्यमिता का प्रशिक्षण



गोला गोकर्णनाथ,खीरी। वीओएल। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय कैम्पस, जमुनाबाद के बीएससी कृषि तृतीय व चतुर्थ वर्ष के 56 छात्रों ने 27 से 29 मार्च तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एमएसएमई एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव एंड रीजनल ट्रेड शो में सहभागिता की। तीन दिवसीय इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने उद्यमिता और स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार की ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टह्ल योजना के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और उद्यमिता की ओर प्रेरित करना है। कॉन्क्लेव में 150 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए, जिनमें विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन, बीटूबी नेटवर्किंग और सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में उद्योग विशेषज्ञों, नीति-निमार्ताओं, वित्तीय संस्थानों और स्टार्टअप से जुड़े संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही। इससे छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ उद्योग जगत की समझ विकसित करने का अवसर मिला। टेक्सटाइल, हैंडलूम और एमएसएमई उत्पादों की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। डॉ. आनंद कुमार पांडेय के अनुसार, कॉन्क्लेव में नॉलेज सेशन, एक्सपर्ट टॉक्स, बीटूबी नेटवर्किंग और युवा पिच टैंक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को अपने नवाचारपूर्ण विचार प्रस्तुत करने और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला। साथ ही उत्कृष्ट उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया।

इस शैक्षणिक भ्रमण में सह-प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार, डॉ. आनंद कुमार पांडेय, गेस्ट फैकल्टी डॉ. रणधीर यादव, डॉ. अनूप कुमार यादव, डॉ. संदीप कुमार सहित अन्य छात्र मौजूद रहे। कार्यक्रम ने छात्रों को रोजगार के नए अवसरों और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक आयोजित

सीतापुर। विकास खंड हरगांव में रविवार को कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार भार्गव ने की, जिसमें संगठन के विस्तार, बूथ स्तर को मजबूत करने और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अनिल यादव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर काम करने और हर बूथ तक पार्टी की पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष ममता पासी ने संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकताओं की नियुक्ति और समाज के सभी वर्गों तक पहुंच बनाना जरूरी है, तभी पार्टी को मजबूती मिलेगी। बैठक का संचालन राजेश सिंह तोमर ने किया।

# राजकीय सम्मान के साथ अग्निवीर इंद्रजीत को दी गयी अंतिम विदाई






सीतापुर। देश की सेवा में तैनात एक और जवान ने कर्तव्य पथ पर अपनी जान न्योछावर कर दी। कोतवाली देहात क्षेत्र के पकरिया धापूपुर निवासी 23 वर्षीय अग्निवीर इंद्रजीत गुप्ता का दो दिन पहले जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान निधन हो गया था। रविवार को जब उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो पूरा इलाका गम और गर्व के भाव में डूब गया। इंद्रजीत गुप्ता जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनात थे।

शुक्रवार को अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। रविवार को जैसे ही तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, हर आंख नम हो गई। ह्यभारत माता की जयह्ल और ह्यइंद्रजीत अमर रहेह्ल के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। आसपास के गांवों से उमड़ी भीड़ अपने लाल के अंतिम दर्शन के लिए बेकाबू सी नजर आई। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान नागेंद्र चैबे, अमर सिंह और रामचंद्र यादव सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। मद्रास रेजिमेंट के जवानों ने सलामी देकर अपने साथी को अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा के दौरान हर कदम पर देशभक्ति का जज्बा दिखाई दिया। गांव की गलियों में गूंजते नारों और नम आंखों ने बता दिया कि इंद्रजीत सिर्फ एक परिवार का बेटा नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का गर्व थे। इस मौके पर सुरेश राही, रामहेत भारती, राजेश शुक्ला सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि इंद्रजीत का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और उनका नाम हमेशा सम्मान से लिया जाएगा।

## पिता बोले, दुख भी है बेटे पर गर्व भी

सीतापुर। इंद्रजीत गुप्ता आठ भाई-बहनों में से एक थे। तीन भाई और पांच बहनों वाले इस परिवार में इंद्रजीत और इंद्रपाल जुड़वां थे। चार बहनों की शादी हो चुकी है, जबकि एक बहन और तीनों भाइयों का विवाह अभी होना था। मां का साया पहले ही उठ चुका था, ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी उनके पिता अर्जुनलाल गुप्ता पर थी। जवान बेटे के जाने का दुख उनकी आंखों में साफ दिखा, लेकिन शब्दों में गर्व भी झलकता रहाकृ मेरा बेटा देश के काम आया। गांव में कई घरों में चूल्हा नहीं जला। हर चेहरा गमगीन था, लेकिन दिल में एक ही भाव थाकृइंद्रजीत ने देश के लिए जो किया, वह हमेशा याद रखा जाएगा।

## हर कोई अपने लाल को आखिरी बार थामना चाहता था

सीतापुर। अग्निवीर इंद्रजीत गुप्ता की अंतिम यात्रा केवल एक रस्म नहीं, बल्कि भावनाओं का सैलाब बन गई। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा गांव की गलियों से गुजरा, हर व्यक्ति की आंखें नम हो उठीं। सबसे मार्मिक दृश्य तब सामने आया, जब उन्हें कंधा देने के लिए लोगों में होड़ लग गई। कोई उन्हें अपने बेटे की तरह विदा करना चाहता था, तो कोई भाई मानकर अंतिम बार कंधा देना चाहता था। युवा, बुजुर्ग, किसानकृहर कोई बस एक ही इच्छा लिए आगे बढ़ रहा था कि हम भी अपने वीर को कंधा दें।

संक्षेप

## सालाना जोड़ मेला आयोजित

आजमगढ़। ऐतिहासिक गुरुद्वारा चरण पादुका साहिब में रविवार को गुरुमत समागम में तीसरे दिन सालाना जोड़ मेला आयोजित है। सुबह श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के बाद दरबार हाल में मुख्य कार्यक्रम आयोजित है। जहां दूर-दूर से आये हुए रागी जत्थे शबद कीर्तन में भाग लेंगे और संगतें शबद कीर्तन और गुरुवाणी सुन निहाल होंगी। मुख्य ग्रंथी बाबा सतनाम सिंह ने बताया कि बड़ी गाड़ियों की पार्किंग नानक घाट पर बनाई गई है।

## पुलिस के साथ हुई मुठभेड़, तीन बदमाश घायल

आजमगढ़। जनपद के अलग-अलग स्थानों पर शनिवार की रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने से तीन बदमाश घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तरवां थाना क्षेत्र के बहलोलपुर स्थित रामप्रताप इंटर कॉलेज के पास पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेरा बंदी की। पुलिस से घिरने पर बदमाश ने पुलिस पर फायर शुरू कर दिया। पुलिस की गोली दाएं पैर में लगने से रमेश यादव उर्फ अनार यादव निवासी सिंहपुर घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद हुई। पकड़ा गया बदमाश टेंपो चालक पर फायरिंग की थी। इसके साथ ही नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहती घाट के पास पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान धर्मेन्द्र सिंह उर्फ अभिषेक सिंह निवासी चकलालचन्द थाना जीयनपुर घायल हो गया, उसके बाए पैर में गोली लगी है। नगर कोतवाली में लूट की घटना का वह आरोपी है। उसके पास से तमंचा कारतूस, लूट का लैपटाप और मोबाइल बरामद हुआ। वहीं गंभीरपुर थाना की पुलिस के साथ क्षेत्र के रोहुआ मुस्तफा बाद के पास रविवार भोर में मुठभेड़ हुई। गोली लगने से पशु तस्तर शादाब अहमद निवासी कमरावां थाना गंभीरपुर घायल हो गया। उसके बाएं पैर में गोली लगी है। उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ।

## नदी में डूबने से युवक की मौत

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र के गढ़ासैनी गांव में रविवार दोपहर नदी में नहाते समय एक युवक के गहरे पानी में चले जाने से डूब कर मौत हो गई। जिसके चलते परिजनों समेत ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। बताते है कि उक्त गांव निवासी 22 वर्षीय अंगद सरोज पुत्र रामलाल सरोज गांव से कुछ दूर नदी में नहाने के लिए गया हुआ था इसी दौरान असावधानी वश गहरे पानी में चला गया और कुछ देर तक ना दिखाई देने के कारण उसके आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए पानी में उसकी तलाश शुरू की। हालांकि जब तक उसको स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह सहयोगी पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही करने में जुट गए।

## रामलीला का मंचन

सोनभद्र/घोरावल। अति विराजमान विग्रह शिवद्वार मन्दिर प्रांगण में श्री शंकर रामलीला समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 77वें रामलीला मंचन का रामजन्म की लीला के साथ प्रारंभ किया गया। दूसरे दिन की लीला में तड़का वध की लीला दिखाई गई। रामलीला का शुरूआत प्रार्थना के साथ हुई, जिसके पश्चात अहम किरदार हार्दिक राम, कान्हा लक्ष्मण, सुबास गिरी मारीच, राजेश्वर राम शुक्ल विश्वामित्र, जगदीश मिश्र खामस्यामा, नीतीश शुक्ल सुबाहु, तड़का सूर्यकांत दुबे ने निभाई। रामलीला समिति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रामलीला के 2 दिन का लीला फुलवारी, धनुष भंग की लीला होनी है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। रामलीला के माध्यम से विश्व कल्याण, लोक शांति, सामाजिक संगठन, सनातन उत्थान, धर्म प्रचार प्रसार आदि मुख्य उद्देश्य है। रामलीला समिति के अध्यक्ष श्रीकांत दुबे ने बताया कि शंकर रामलीला समिति सन 1950 में प्रथम मंचन प्रारंभ हुई, जिसके संस्थापक स्व रामलखन तिवारी थे। सन 1962 में रामलीला विस्तृत रूप से अक्षयवर वर्मा राम मिश्र के अध्यक्षता में की गई।

# प्रशिक्षण के नाम पर कोरम पूरा करने का लगाया आरोप

## प्रदर्शन कर जतायी नाराजगी




दुद्धी, सोनभद्र। सशक्त मजबूत एवं आत्मनिर्भर पंचायत बनाने के लिए पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। दुद्धी तहसील मुख्यालय स्थित आईटीआई कॉलेज में चल रहें चार दिवसीय प्रशिक्षण में रविवार को तीसरे दिन पंचायत सहायकों ने प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ कोरम पूरा करने का आरोप लगाया और प्रदर्शन कर नाराजगी जतायी।

पंचायत सहायकों का कहना हैं कि हमलोगों को ग्राम पंचायत में टेक्निकल काम करना हैं लेकिन प्रशिक्षण में सिर्फ कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी दी जा रही हैं जिसे लगभग हर पंचायत सहायक जानता है। महिला पंचायत सहायकों का आरोप हैं कि प्रशिक्षक से पूछने पर बताया नही जाता हैं और अनाप -शनाप कह कर बैठा दिया जाता हैं, प्रशिक्षक तो इतना तक कहते हैं कि जितनी जानकारी हैं उतनी ही बता पाएंगे। आरोप हैं कि हमलोगों को कोन और म्योरपुर ब्लॉक से प्रशिक्षण के नाम से बुलाया जाता हैं हम सभी महिलाएं लम्बी यात्रा करके किसी तरह ट्रेनिंग सेंटर पहुंचते हैं लेकिन यहां ट्रेनिंग के नाम पर पंचायत सहायकों को बुलाकर सिर्फ कागजी कोरम पूरा किया जा रहा हैं। अभी तक हमलोगों को ई ग्रामस्वराज, गेटवे, बिल पेमेंट आदि के बारे में कुछ नही बताया गया।

पंचायत सहायक संघ के जिलाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि जिले से चार दिवसीय प्रशिक्षण का शेड्यूल जारी किया गया हैं जिसमें टेक्निकल प्रशिक्षण की बात बतायी गई थी लेकिन नाममात्र के प्रशिक्षक भेजकर केवल कोरम पूरा कराया जा रहा हैं, पंचायत सहायको को कोई भी टेक्निकल प्रशिक्षण नही दी जा रही हैं, जबकि बभनी, म्योरपुर, कोन ब्लॉक से पंचायत सहायक अपना -अपना भाड़ा किराया लगाकर दुद्धी ट्रेनिंग सेंटर पहुंच रहें हैं।

इस दौरान रंजन कुमार ब्लॉक अध्यक्ष म्योरपुर, विकास कुमार भारती ब्लॉक अध्यक्ष कोन, अमित कुमार यादव, अर्चना देवी, पुष्पा देवी, मोनिका, सुनील, राहुल, सतेश कुमार, रोज मुहम्मद, जय भीम भारती, उदय प्रताप सहित म्योरपुर एवं कोन ब्लॉक के पंचायत सहायक शामिल रहें।

## सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में हुई स्कॉलरशिप प्रतियोगिता

जिला संवाददाता(vol)

डाला ( सोनभद्र ) स्थानीय नगर क्षेत्र के चढ़ाई स्थित सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में रविवार को कक्षा नौ व कक्षा 11 के 60 छात्र-छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्षात्रों को नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय की ओर से आयोजित स्कॉलरशिप प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल समेत अन्य विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया । पार्दर्शिता के साथ दो घंटे की कड़ी परिक्षा में सफल रहे बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए स्कूल के डायरेक्टर जितेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि यह प्रतियोगिता सिर्फ पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए आर्थिक स्रोत ही नहीं हैं, बल्कि यह प्रतिभागियों को अपनी क्षमता परखने का अवसर प्रदान करती हैं। क्षमतावान विद्यार्थी इसमें सफल होकर अपने उन्नति का रास्ता साफ करते हैं। इस तरह की प्रतियोगिता में अव्वल नंबर प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जाता है। जिन बच्चों को प्रोत्साहन राशि मिलती है उन्हें तेज-तर्रार और अध्ययनशील विद्यार्थी समझा जाता है। ऐसे बच्चों का सम्मान न सिर्फ अन्य विद्यार्थी करते हैं, बल्कि अभिभावक व शिक्षक भी करते हैं। बाकी सभी छात्र-छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं है बस उन्हें मेहनत करके आगे बढ़ने की जरूरत है। प्रतियोगी परीक्षा में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तेजस्वी यादव को 11 हजार द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सत्यप्रकाश को 51 सौ व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा श्रेया यादव को 31 सौ समेत 13 छात्र-छात्राओं को 11-11 सौ सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया अगले वर्ष वार्षिक परीक्षा के पूर्व स्कालरशिप प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी हमारा प्रयास है कि हमारे विद्यालय में पड़ने वाले बच्चे निरंतर आगे बढ़े जिससे विद्यालय की एक अलग पहचान बन सके।प्रिंसिपल शंकर सिंह ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संचालन शिक्षक राकेश वर्मा ने किया।इस दौरान विद्यालय की उप प्रधानाचार्या डा. निधी जायसवाल, ओबरा नपं की पूर्व अध्यक्ष दुर्गावती,समाजसेवी रमेश सिंह यादव,चेयरमैन धर्मेंद्र कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह को जौनपुर गौरव सम्मान




जौनपुर। समरस फाउंडेशन, मुंबई के बैनर तले कैलाशपति गोधना में रविवार की दोपहर करीब 12 बजे जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी और भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह को उत्कृष्ट सामाजिक सेवा के लिए जौनपुर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मनोज मिश्रा ने कहा कि महामना व्यक्तित्व के धनी, अपरिमित विभूति होने के बाद भी जिनके नस-नस में सहजता की सीख मिलती है, ऐसे समाजसेवी और समाज के युग पुरुष ज्ञान प्रकाश सिंह को सम्मानित करने से ऐसा लग रहा है कि जैसे सम्मान स्वयं सम्मानित हो रहा है। उन्होंने कहा कि मां सरस्वती के जो साधक हैं उन्हें मां लक्ष्मी की कृपा नहीं मिलती है और जो मां लक्ष्मी के साधक हैं उन्हें मां सरस्वती की कृपा नहीं मिलती, विरले ऐसे लोग होते हैं जिन पर दोनों की कृपा होती है, उनमें से एक ज्ञान प्रकाश सिंह हैं। श्री सिंह एक अच्छे रचनाकार भी हैं। जिस व्यक्ति में व्यथा है, दर्द है वहीं व्यक्ति समाज के लिए कुछ कर सकता है। श्री सिंह ने अपने शरीर को परोपकार के लिए ढाल दिया है। जो लोग वादा करके आते हैं वह पिछड़ जाते हैं लेकिन श्री सिंह कभी पीछे नहीं हुए। सैकड़ों मंदिरों का जीर्णोद्धार और न जाने कितने लोगों की श्री सिंह ने मदद की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुंबई के वरिष्ठ समाजसेवी पं. राधेश्याम तिवारी ने कहा कि मुंबई से लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में ज्ञान प्रकाश सिंह ने जो कार्य किए हैं उसकी गिनती नहीं की जा सकती है। मुंबई में भी कई क्षेत्रों में उन्होंने निःस्वार्थ भाव से काम किया है। जब वह वहां नहीं होते तो हम सब उन्हें मिस करते हैं और यह चर्चा करते हैं कि देखिए उत्तर प्रदेश में ज्ञान प्रकाश सिंह कितना अच्छा कार्य कर रहे हैं। अखबार की सुर्खियों में वह अपने नेक कार्यों के लिए बने रहते हैं। आयोजक समरस फाउंडेशन के महासचिव शिवपूजन पाण्डेय ने कहा कि यह सम्मान लगभग एक वर्ष से सत्कार मूर्ति की प्रतीक्षा कर रहा था। आज एकादशी के पावन अवसर पर समरस फाउंडेशन अपने सत्कारमूर्ति ज्ञान प्रकाश सिंह को जौनपुर गौरव सम्मान से सम्मानित कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने सम्मान पत्र में अंकित एक-एक शब्द का वाचन किया और यह भी कहा कि आपके तमाम प्रेरणादायक कार्यों को किसी सम्मान पत्र में अंकित नहीं किया जा सकता है। आप जो कार्य कर रहे हैं, उसके लिए तो डायरी के पन्ने भी कम पड़ जाएंगे। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार लोलारक दुबे, डॉ मंगलेश्वर (मुन्ना) त्रिपाठी, डॉ.मधुकर तिवारी, पत्रकार रामदयाल द्विवेदी, पत्रकार देवी सिंह, पत्रकार चंद्रकांत दुबे, पत्रकार अंकित जायसवाल, शिवा सिंह, अजय शुक्ला, विवेक मिश्रा, विनीत तिवारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अवैध हुक्का बार के खिलाफ की कार्रवाई

आजमगढ़। सरायमीर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हुक्का बार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। रायल रेस्टोरेंट के ऊपरी तल पर बिना अनुमति हुक्का बार संचालित किया जा रहा था, जहां से भारी मात्रा में हुक्का और फ्लेवर युक्त तंबाकू बरामद किया गया। उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि खरेवा मोड़ से दीदारगंज रोड स्थित रायल रेस्टोरेंट के द्वितीय व तृतीय तल पर अवैध हुक्का बार संचालित हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा।

छापेमारी के दौरान प्रथम तल पर रेस्टोरेंट बंद मिला, जबकि दूसरे तल पर कमरे में तीन मेजों पर छह हुक्के लगे हुए थे। कई युवक वहां बैठकर हुक्का पी रहे थे, जिससे पूरे कमरे में धुआं फैला हुआ था। पुलिस को देखते ही अफरा-तफरी मच गई और लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने तीन लोगों को मौके से पकड़ लिया। पूछताछ में मुख्य आरोपी आदित्य राय उर्फ अवनीश पुत्र अनिल राय निवासी गांगेपुर थाना बिलरियागंज ने बताया कि वह अपने साथी अशरफ पुत्र अरशद निवासी माहूल थाना अहिरौला के साथ मिलकर रेस्टोरेंट के ऊपरी तल को किराये पर लेकर हुक्का बार चला रहा था, जबकि अन्य दो कर्मचारी वेटर का काम करते थे।

पुलिस ने मौके से मो० शबाब पुत्र अमजद अली निवासी पुराना पवई रोड कस्बा माहूल थाना अहिरौला को भी पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने 6 हुक्का, 5 पाइप, 6 चिलम, 615 ग्राम फ्लेवर युक्त विदेशी तंबाकू, 3 पैकेट कोयला और अन्य सामग्री बरामद की। साथ ही आरोपी के पास से 480 रुपये नकद भी मिले। संचालन से जुड़े कोई वैध दस्तावेज न मिलने पर पुलिस ने इसे अवैध पाया। इस मामले में थाना सरायमीर में बीएनएस व तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान व विदाई समारोह संपन्न

मीरजापुर। अखिल भारतीय उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ मीरजापुर के तत्वावधान में सेवानिवृत्त अध्यापिकाओं का विदाई और सम्मान समारोह, पुष्पा बैन्केट लॉन पुलिस लाइन मीरजापुर में सम्पन्न हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्या की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल के कर कमलों द्वारा जिला की समस्त सेवा निवृत्त, अध्यापिकाओं को बैच अलंकरण, अंग वस्त्र, शील्ड और माल्यार्पण कर सम्मान प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा के द्वारा सभी सेवानिवृत्त अध्यापिकाओं को बेसिक विद्यालयों में अब सेवा प्रदान करने के लिए, धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिलाध्यक्ष सुष्मिता जायसवाल व महामंत्री नमिता सिंह और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कनक प्रभा सिंह के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी के प्राधिकार पत्रों का वितरण, प्रदेशध्यक्ष सुलोचना मौर्या के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी मंजुला देवी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को गति प्रदान करने में, गुंजन, सत्यम्वदा, पूनम, नीता, रितू, मीनू, रागिनी, उषा आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सुरों की छटा बिखेरी, कलाकारों ने बांधा समां

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शनिवार की शाम ॿसंगीत संध्या उमंगॿ का आयोजन अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में अत्यंत भव्य एवं संगीतमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गायिका पल्लवी मुखर्जी की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी आत्मप्रकाश धर द्विवेदी ने भी अपनी प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं।



सांस्कृतिक संध्या के दौरान पल्लवी ने एक से बढ़कर एक गीतों और गजलों की श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें ॿहोश वालों को खबर क्याॿ, ॿआज जाने की जिद न करोॿ, ॿलग जा गलेॿ, ॿअजी रूठ करॿ, ॿमोह मोह के धागेॿ और समापन में ॿकबिराॿ जैसे लोकप्रिय गीत शामिल रहे। ऑर्गन पर राहुल, ढोलक पर सुनील, तबला पर डॉ. अवधेश तथा ऑक्टोपैड पर आशुतोष एवं गिटार पर सविक मुखर्जी ने अपनी सधी हुई संगत से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम के अंत में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह एवं पूर्व कुलपति प्रोफेसर पी.सी. पतंजलि द्वारा कलाकारों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक संध्या की संयोजक डॉ. अन्नू त्यागी ने किया।शिक्षक छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने इस सुरमयी संध्या का भरपूर आनंद लिया।

# कंटेनर का ब्रेक फेल, चालक सहित दो की मौत

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी में शनिवार की रात कोल्डड्रिंक लादकर नीचे उतरते समय कंटेनर का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही कार, मोटरसाइकिल व कंटेनर में पीछे से टक्कर मारते हुए क्षतिग्रस्त हो गया।



कंटेनर चालक व कंटेनर में बैठे एक अन्य कंटेनर चालक की मौके पर मृत्यु हो गई। वहीं खलासी और बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मध्य प्रदेश के इंदौर से कोल्डड्रिंक लादकर असम के गुवाहाटी जा रहा कंटेनर रात साढ़े दस बजे के करीब ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय जैसे ही जालिम मोड़ के आगे पहुंचा तो अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही कार में पीछे से टक्कर मार दी। संयोग ठीक था कि कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए।कार में सवार सभी लोग मैहर से दर्शन कर वापस अपने घर सोनभद्र जा रहे थे।इसके बाद अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही बाइक में टक्कर मारते हुए चार सौ मीटर आगे बड़का मोड़ घुमान पर आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में 35 वर्षीय कंटेनर चालक अरविंद कुमार निवासी निस्बी थाना मिलक जिला रामपुर तथा कंटेनर में सवार दूसरा कंटेनर चालक 50 वर्षीय लालता यादव निवासी खुटिया थाना चंदौली जिला चंदौली की मौके पर मृत्यु हो गई। मृतक कंटेनर चालक देवास से कोल्ड ड्रिंक लदे कंटेनर में बैठकर अपने घर चंदौली जा रहा था कि रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गया।वहीं जान बचाने के लिए नीचे कूदने पर 21 वर्षीय खलासी हिम्मत सिंह निवासी निस्बी थाना मिलक जिला रामपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार 28 वर्षीय अजय कुमार बिंद व उनका छोटा भाई विजय कुमार बिंद निवासी सोबरी सुभाष नगर थाना ऊंज जिला भदोही गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें विजय कुमार को गंभीर चोटें आई हैं। बाइक सवार मुम्बई से बाइक से अपने घर भदोही जा रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआई विनोद कुमार सिंह एसआई सुभाष यादव, मूलचंद्र वर्मा हेड कांस्टेबल संतोष यादव ने घायल बाइक सवार व खलासी को एंबुलेंस से उपचार हेतु पीएचसी हलिया भिजवाया। जहां चिकित्सक आलोक सिंह यादव ने गंभीर रूप से घायल खलासी हिम्मत सिंह व विजय कुमार को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं बाइक चालक अजय कुमार बिंद की हालत सामान्य बताई जा रही है। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि हादसे कोल्डड्रिंक लदे कंटेनर चालक व कंटेनर में सवार एक अन्य कंटेनर चालक की मृत्यु हो गई है।

# बिजली हस्तांतरण का विरोध

बीजपुर (सोनभद्र)।एनटीपीसी रिहंद द्वारा बिजली आपूर्ति की जिम्मेदारी यूपीपीसीएल को सौंपने के निर्णय के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। रविवार को समृद्धि जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में दूधहिया मंदिर परिसर में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के तीनों पुनर्वास क्षेत्रों और बाजार के हजारों लोगों ने शिरकत की।सभा में बीजपुर,डोडहर और सिरसोती ग्राम पंचायतों के ग्रामीण,स्थानीय व्यवसायी, महिलाएं और बुजुर्ग भारी संख्या में जुटे।वक्ताओं ने एनटीपीसी रिहंद द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका और उसके बाद उत्पन्न स्थितियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि वे वर्षों से मिल रही एनटीपीसी की बिजली व्यवस्था में किसी भी तरह का बदलाव नहीं चाहते।उन्होंने दो टूक कहा कि यूपीपीसीएल की जर्जर और अनिश्चित बिजली व्यवस्था उन्हें किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है।

बैठक के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस मामले में वे जनभावनाओं की अनदेखी महसूस कर रहे हैं।यदि बिजली आपूर्ति का जिम्मा जबरन यूपीपीसीएल को सौंपा गया तो क्षेत्र की जनता बड़े पैमाने पर आंदोलन और अनशन करने को बाध्य होगी।सभा में मौजूद सभी लोगों ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर लड़ने का संकल्प लिया।ग्रामीण बोले कि

हम दशकों से एनटीपीसी की बिजली पर निर्भर हैं।अब अचानक हमें यूपी बोर्ड के भरोसे छोड़ना हमारे साथ अन्याय है।हम अपनी मांगें मनवाने के लिए सड़क पर उतरने को तैयार हैं।रणनीति के तहत यह निर्णय लिया गया कि सोमवार को समृद्धि जन कल्याण ट्रस्ट की एक टीम एनटीपीसी प्रबंधन से मुलाकात करेगी और उन्हें ग्रामीणों की मांगों से संबंधित आधिकारिक ज्ञापन सौंपेगी।

इस सभा ने प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि बिजली के मुद्दे पर बीजपुर की जनता पीछे हटने वाली नहीं है।इस मौके पर सिद्धार्थ गुप्ता,महाबीर गौड़, जावेद, जयसिंह, राजेश,गोविंद गुप्ता, श्रीराम यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे उधर इस मामले पर यूपीपीसीएल पिपरी एक्सीयन ए के सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय का आदेश आया है एनटीपीसी प्रबंधन ने अभी पैसा जमा नही किया है जैसे ही पेपर प्रकिया पूरी होगी बीजपुर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था

# दहेज के लिए ईंट से कूचकर विवाहिता की हत्या

जौनपुर ।विवाहिता की दहेज के लिए शनिवार की देर रात में ससुराल वालों ने ईंट से कूच-कूचकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद सभी फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को एम्बुलेंस के जरिये स्थानीय सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया।पुलिस की सूचना पर पहुंची मृतका की मां ने पति समेत ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। मां का कहना है कि ससुराल वाले 5 लाख रुपए नकद की मांग कर रहे थे। रुपए न मिलने पर पर मेरी बेटी के साथ मारपीट करते थे। पुलिस ने पति सहित सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उनके गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।प्रकरण मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव का है। मृतका की पहचान 30 वर्षीय सुनीता पटेल के रूप में हुई है। गांव निवासी शैलेश कुमार उर्फ शशी पटेल पुत्र तिलकधारी से सुनीता की शादी वर्ष 2017 में हुई थी। दंपति की एक 5 वर्षीय बेटी आंशी है। सुनीता 10 दिन पहले मायके से ससुराल आई थी।बरसठी थाना क्षेत्र के चतुभुजपुर गांव निवासी मृतका की मां शीला देवी ने बताया कि शादी के बाद से ही पति, जेठ, ससुर समेत अन्य परिजन 5 लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे और इसे लेकर लगातार प्रताड़ित करते थे। शनिवार की रात में सभी ने मिलकर सुनीता की ईंट से कूचकर हत्या कर दी। सुनीता के शरीर पर भी चोट के निशान भी पाए गए हैं। हत्या करने के बाद ससुराल वाले मौके से फरार हो गए। पिता किशन ने बताया कि इसकी सूचना हमें नहीं दी गई। पुलिस की सूचना पर मड़ियाहूं सीएचसी पहुंचा। यहां देखा तो सुनीता का चेहरा ईंट से कूचा हुआ है और उसके शरीर पर भी कई जगह चोट के निशान है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार की दोपहर में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मड़ियाहूं थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने बताया कि पिता किशन कुमार पटेल के तहरीर के आधार पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## दुकान का ताला तोड़ कर लाखों का माल किया पार

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के ऊसरगावां गांव में मार्टीनगंज-बरदह मुख्य मार्ग पर शनिवार की रात सेनेटरी की दुकान का ताला तोड़ कर लाखों के सामान चोर उठा ले गए। लोगों को घटना की जानकारी रविवार की सुबह हुई। दुकानदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। बरदह थाना क्षेत्र बधवा इस्लाम गांव निवासी संतोष बिंद ने किराए पर कमरा लेकर दुकान किया है। वह रोज की तरह दुकान बंद कर वह घर चला गया था। रात में चोर दुकान का ताला तोड़ कर 50 पेटी हार्पिक, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर सहित अन्य सामान उठा ले गए। दुकानदार ने बताया कि करीब दो लाख का माल चोर ले गए हैं।

## बदमाशों ने युवक को मारी गोली

जौनपुर । जनरेटर चोरी की कोशिश नाकाम होने पर बदमाशों ने शनिवार की देर रात में फायरिंग कर दी। गोली लगने से डीजे संचालक घायल हो गए। इसके बाद घायल ने खुद फोन करके एम्बुलेंस को बुलाया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने पहले नौपेड़वा सीएचसी पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों ने बाद में बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। तेजीबाजार थाना क्षेत्र के गढ़ाबाघराय बाजार का है। घायल की पहचान 35 वर्षीय अवधेश यादव उर्फ पुल्ली पुत्र कृपाशंकर के रूप में हुई है। मैजिक वाहन से शनिवार रात एक पहुंचे आधा दर्जन बदमाशों ने पहले हवाई फायरिंग की और पूर्व दिशा की ओर चले गए। कुछ देर बाद वे दोबारा लौटे और बाजार में रखे जनरेटर को लादने का प्रयास करने लगे। घायल पुल्ली ने बताया कि जब उन्होंने विरोध करते हुए डंडा फेंका, तो वाहन में सवार एक बदमाश ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली जंघे को छूते हुए निकल गई, जबकि दूसरी जंघे में लग गई। घायल अवस्था में गिरने के बाद बदमाश वाहन समेत हैदरपुर की ओर फरार हो गए। घायल को पहले नौपेड़वा सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। देर रात एएसपी और सीओ सदर सहित कई थानों की फोर्स ने मौके का निरीक्षण किया।

## दुष्कर्म के आरोपी की फांसी पर लटकी मिली लाश

जौनपुर। षहर कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला वाजिदपुर उत्तरी में दुष्कर्म के आरोपी की फांसी पर लटकी हुई लाश दिखाई देने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के अमरा गांव निवासी 22 वर्षीय विजय कुमार यादव पुत्र रामसूरत यादव और उसी गांव के राहुल यादव दोनों के खिलाफ गांव की एक किशोर से दुष्कर्म का मामला थाने पर दर्ज लगभग 10 दिन पूर्व दर्ज कराया गया था। एफआईआर दर्ज होने बाद दोनों वहां से फरार हो गए। दोनों को पुलिस तलाश कर रही थी। दोनों वहां से फरार होने के बाद गांव के ही संजय यादव ने अपने भाइयों के साथ एक मकान वाजिदपुर उत्तरी में बनाया था जहां यह दोनों शरण लिए हुए थे। दोनों में से एक विजय कुमार यादव ने शनिवार देर रात में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात्रि साढ़े बजे जैसे ही घटना की जानकारी चैकी प्रभारी भंडारी जयदीप कुमार कोल को हुई। वह सहयोगी जवानों को साथ लेकर मौके पर पहुंच गए तथा संबंधित अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। देर रात फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई और घटनास्थल का नमूना एकत्रित किया है। मौत का सही कारण पता लगाने के लिए पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रेम विवाह को लेकर परिजनों ने सड़क जाम किया

जौनपुर । नेवढ़िया थाना क्षेत्र में प्रेम विवाह को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि आक्रोशित परिजनों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। रविवार को जयसिंहपुर बाजार स्थित जमालापुर बधवा मार्ग को जाम कर लोगों ने अपना विरोध जताया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। क्षेत्र के एक युवक और युवती के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। हाल ही में दोनों ने मंदिर में विवाह कर लिया, जिसके बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव बढ़ गया। मामला थाने तक भी पहुंचा, लेकिन आपसी सहमति नहीं बन सकी।विवाद बढ़ने के बाद लड़की पक्ष के लोग सड़क पर उतर आए और बांस-बल्लियों व तख्तों की मदद से मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन जाम खत्म नहीं हो सका था। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस लगातार दोनों पक्षों से बातचीत कर रही है।

## खेल-कूद और पढ़ाई में संतुलन से निखरेगा भविष्य: अनुप्रिया पटेल

लालगंज, मीरजापुर। राजापुर स्थित संत श्री आत्माराम पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने छात्रों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने और पढ़ाई के साथ खेलकूद को जीवन का हिस्सा बनाने की नसीहत दी। कार्यक्रम में बच्चों ने बेझिझक सवाल रखे। जिनमें मोबाइल उपयोग प्रमुख रहा। इस पर उन्होंने कहा कि अभिभावकों की सलाह मानना और समय का सही उपयोग करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों को मैदान में सक्रिय रहने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने की बात कही, ताकि शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से विकास हो सके। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल किताबों तक सीमित नहीं है बल्कि यह सामूहिक सोच, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का केंद्र भी है। पढ़ाई के साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भागीदारी से व्यक्तित्व का समग्र विकास संभव होता है।विधायक रिंकी कोल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में अपार प्रतिभा है जो लगातार निखर रही है। उन्होंने छात्राओं की प्रगति को उत्साहजनक बताते हुए उन्हें आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य राजकुमार पटेल ने किया। इस दौरान रमाशंकर पटेल, रमाकांत पटेल, लाल बहादुर पटेल, राजेंद्र सिंह यादव, सुरेंद्र पटेल व शिक्षक तरंग प्रजापति, अनूप कुमार उपाध्याय, नीलू गिरी समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विश्व छात्र और युवा संगठन तथा मेटा, 'विश्व शांति संवाद' का समापन

कुशीनगर। विश्व छात्र एवं युवा संगठन (डब्ल्यूओएसआई) एवं मेटा के संयुक्त तत्वावधान में आज भगवान बुद्ध की निर्वाणस्थली, कुशीनगर में 'विश्व शांति संवाद (ग्लोबल पीस डायलॉग)' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 26 देशों के 180 विद्यार्थी प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

- वसुधैव कुटुंबकम का भारतीय दर्शन ही वैश्विक समस्याओं का समाधान: उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय
- नैतिकता के बिना विकास विनाशकारी, तकनीक को मानवीय मूल्यों से जोड़ना अनिवार्य: उच्च शिक्षा मंत्री

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय जी, विशिष्ट अतिथि अमरकंटक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी, प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. अश्वनी महापात्रा, विश्व छात्र एवं युवा संगठन के अध्यक्ष नितिन शर्मा एवं महासचिव शुभम गोयल उपस्थित रहे डब्ल्यूओएसआई एवं मेटा की संयुक्त पहल पर यह विद्यार्थी समूह गत दो दिनों से गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित हुए ₹ग्लोबल एआई कॉन्क्लेव₹ में प्रतिभाग किया था, जहां विभिन्न सत्रों के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित किया गया था। आज जहां विश्व संकट के दौर में है, यह विद्यार्थी समूह विश्व को शांति का संदेश देने वाले भगवान बुद्ध के महानिर्वाण स्थल कुशीनगर में ₹विश्व शांति संवाद₹ में प्रतिभाग किया, तत्पश्चात बौद्ध भ्रमणार्थ भ्रमण किया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि, ₹विश्व छात्र एवं युवा संगठन का अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को एक साथ मंच पर लाने का कार्य सराहनीय है। आज जब विश्व समस्याओं में उलझा है, वहीं 26 देशों के 180 विद्यार्थी प्रतिनिधि शांति की स्थली कुशीनगर में शांति के दूत बनकर आए हैं। पूरे विश्व की समस्याओं को साझा रूप से निपटाने की यदि कोई वृत्ति देता है, तो वह 'वसुधैव कुटुंबकम' का विचार है। विश्व की समस्या पर्यावरण है, विश्व की समस्या गरीबी है, विश्व की समस्या कुपोषण है, विश्व की समस्या आतंकवाद और युद्ध है; इन सबका निराकरण या निदान यदि किसी एक फलसफे में है, एक अवधारणा में है, तो वह हमारा दर्शन है कि–वसुधैव कुटुंबकम–पूरी वसुधा एक है, एक परिवार है। हमारे दर्शन में सिर्फ मानव की समस्याओं का निदान नहीं खोजा जाता। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो प्राणी मात्र के बारे में बात करते हैं। पूरा प्राणी जगत एक है। हम सब एक हैं, क्योंकि कल्पना में एक-दूसरे से जुड़ाव दिखाया जाता है। आकांक्षा यह रहती है कि सबका विकास हो–चाहे वे पशु-पक्षी हों, कीड़े-मकोड़े हों, पेड़-पौधे हों, नदी-पहाड़ हों; ये सब हमारी संस्कृति में इसलिए पूजे जाते हैं क्योंकि इनका भी विकास और संरक्षण आवश्यक है, क्योंकि कहीं न कहीं ये




मानव जीवन से जुड़े होते हैं। व्यक्ति से परिवार जुड़ा है, परिवार से समाज, समाज से राष्ट्र, राष्ट्र से विश्व, विश्व से सृष्टि और सृष्टि से ब्रह्मांड जुड़ा है। 'यद् ब्रह्माण्डे तत पिण्डे'–यही हमारा फलसफा है। यानी जो मुझमें है, वही तुझमें है; जो मुझमें है, वही सबमें है। यह चिंतन समग्रता का चिंतन है, सबको जोड़ने का चिंतन है। अभी विकास की भी बात होती है–डिजिटल टेक्नोलॉजी, आईटी, नवाचार, एआई–लेकिन अगर ये सब नैतिकता से नहीं जुड़ेंगे तो घातक हो जाएंगे। हमें भय नहीं, भविष्य बनाना है। हमें शंका पैदा नहीं करनी, समाधान देना है। और यह तभी होगा जब हम विकास को नैतिकता और अपने इस दर्शन से जोड़ेंगे, अन्यथा विकास विनाश बन जाएगा। आप सब इस संगठन से जुड़ रहे हैं, जो इस संवाद का विषय था–वसुधैव कुटुंबकम–उसके एंबेसडर बनकर आप पूरे विश्व में अपने-अपने देशों में जाएंगे। जब आप अन्य जगह इन विचारों को पहुंचाएंगे, तो निश्चित रूप से यह युद्धवाद, आतंकवाद और वर्चस्ववाद समाप्त होगा।₹

विशिष्ट अतिथि अमरकंटक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि, ₹आज का यह शांति संवाद विश्व को एक नई दिशा देने वाला होगा। भगवान बुद्ध की यह धरती करुणा और प्रज्ञा की धरती है। यहाँ से निकला शांति का संदेश केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आचरण की शुद्धि का मार्ग है। तकनीकी युग में जब 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की चर्चा हो रही है, तब बुद्ध का 'धम्म' हमें यह सिखाता है कि बुद्धि के साथ हृदय का होना भी अनिवार्य है। युवा पीढ़ी को तकनीक का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए करना चाहिए, न कि विनाश के लिए। कुशीनगर की मिट्टी से प्राप्त यह ऊर्जा आप सभी प्रतिनिधियों के माध्यम से वैश्विक शांति की नींव रखेगी।₹ प्रख्यात शिक्षाविद् एवं जेएनयू के प्रोफेसर अश्वनी महापात्रा ने कहा कि, ₹आज का यह 'विश्व शांति संवाद' केवल एक औपचारिक चर्चा नहीं, बल्कि एक वैश्विक वैचारिक क्रांति की शुरुआत है। जेएनयू और दुनिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों से आए विचार सदैव समाज को दिशा देते रहे हैं। आज जब हम तकनीकी रूप से 'एआई' के युग में प्रवेश कर चुके हैं, तब हमारे पास सूचनाएं तो बहुत हैं, लेकिन विवेक की कमी दिखती है। भगवान बुद्ध की यह निर्वाणस्थली हमें सिखाती है कि शांति का मार्ग बाहरी संघर्षों को जीतने से नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन से प्रशस्त होता है। भारत की ज्ञान परंपरा ने हमेशा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का उद्घोष किया है। कुशीनगर से आप जो शांति और सह-अस्तित्व का संदेश लेकर जा रहे हैं, वह आधुनिक विश्व की भू-राजनीतिक अस्थिरता और युद्धों के बीच एक संजीवनी का कार्य करेगा। युवा ही वह शक्ति हैं जो भविष्य के विश्व मानचित्र पर शांति की अमिट लकीर खींच सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विश्व छात्र एवं युवा संगठन के अध्यक्ष नितिन शर्मा ने अपने उद्बोधन से की तथा धन्यवाद ज्ञापन महासचिव शुभम गोयल ने किया।

## कुलपति ने छात्रावास का किया उद्घाटन

अयोध्या। आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में रविवार को कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने तिलोदकी पुरुष छात्रावास का उद्घाटन और मशरूम उत्पादन प्रोडक्शन इकाई का जीर्णोद्धार फीता काटकर किया। विश्वविद्यालय के इंजीनियर ओमप्रकाश ने बताया कि तिलोदिक छात्रावास का निर्माण 200 छात्रों की क्षमता को देखते हुए किया गया है। इसका निर्माण मंडी परिषद द्वारा किया गया है। छात्रावास में भोजन की सुविधा भी बच्चों के लिए उपलब्ध रहेगी। छात्रावास अधीक्षक डॉ नवाज खान ने बताया कि छात्रावास में एग्री बिजनेस मैनेजमेंट और बी टेक द्वितीय वर्ष के छात्र रह रहे हैं। नए छात्रावास को लेकर छात्रों में उत्साह है। वहीं दूसरी तरफ मशरूम यूनिट के जीर्णोद्धार के बाद अब यहां मशरूम का उत्पादन शुरू हो जाएगा। मशरूम के उत्पादन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी किसानों तक पहुंचाई जा सकेगी। किसान हो या आम आदमी सभी को यहां से मशरूम उपलब्ध हो सकेगा।

## दसवीं बार अध्यक्ष ध्रुव शर्मा तो चौथी बार मंत्री पद पर सत्यप्रकाश हुए निर्वाचित



कुशीनगर। रविवार को सीएमओ सभागार में बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की जनपद ईकाई का अधिवेशन एवं चुनाव सम्पन्न हुआ।

चुनाव राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष प्रभुनन्द उपाध्याय, मातृ शिशु एवं महिला कल्याण संघ की अध्यक्ष ममता मिश्रा एवं पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेसिक हेल्थ वर्कर्स बीरेंद्र कुमार दीक्षित के देख-रेख में सम्पन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से धुव्र शर्मा को अध्यक्ष एवं सत्यप्रकाश रावत को मंत्री चुना गया। आशुतोष कुमार दुबे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विमलेश दुबे को उपाध्यक्ष, राकेश मद्देशिया को कोषाध्यक्ष, विनोद शाह को संगठन मंत्री तथा सुमित श्रीवास्तव को संप्रेक्षक के पद पर चुना गया तथा अरुण कुमार सिंह को संरक्षक बनाया गया ।सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारियों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं मंत्री द्वारा यह वक्तव्य दिया गया कि कर्मचारी हितों के लिये सदैव तत्पर रहेंगे। जनपद के उच्चाधिकारियों से लेकर प्रदेश स्तर तक के अधिकारियों तक कर्मचारियों के समस्याओं के निराकरण कराने का प्रयास किया जायेगा। संघ के कोषाध्यक्ष राकेश मद्देशिया द्वारा आय व्यय का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया ।इस दौरान धर्मेंद्र गौड़, पंकज कुमार गुप्ता, आनन्द दुबे, विश्राम राव, राघवेंद्र तिवारी, अश्विनी पांडेय, सुरेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, राजेश कुमार ओझा, राहुल कुमार गौतम, नसीफ अहमद, दिलीप कुमार, गोपाल यादव, विकास कुमार पांडेय, कार्तिकेय पांडेय, हरिश्चन्द्र गौड़ सहित जनपद के सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## हेरोज मेमोरियल स्कूल का वार्षिक उत्सव सोल्लास से संपन्न

जिला संवाददाता

कुशीनगर। हीरोज मेमोरियल स्कूल, कसया में वार्षिक उत्सव ॄपरंपरा 3.0ॄ के भव्य आयोजन में विद्यालय के बच्चों ने मन मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर तालियां बटोरी ।शनिवार की देर शाम आयोजितसमारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि अमरकंटक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. प्रकाश मणि त्रिपाठी ने बच्चों को मोबाइल फोन की आदत न डालने की




सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास व अनुशासन का भाव विकसित होता है। गोविवि छात्रसंघ के अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल आदित्य जायसवाल को उनके उत्कृष्ट देकर स्वागत करते हुए कहा कि बाबा जी की प्रेरणा से समाज को शिक्षित करने के लिए विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, प्रो. गौरव तिवारी, प्रेमप्रकाश दुबे, कृष्ण कुमार तिवारी, डॉ. अशोक सिंह, अमित मिश्रा, डॉ. रविशंकर प्रताप राव, सुरेश गुप्त डॉ मनीष गुप्ता, दिनेश तिवारी शिक्षक राजू मद्धेशिया, रमेश मद्धेशिया सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। अंत में मिनी शेखर सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया।

- आत्मविश्वास व अनुशासन से बच्चो का होगा सर्वांगीण विकास: रजनीकांत मणि त्रिपाठी
- बच्चों को नैतिक, संस्कारिक शिक्षण प्रदान करें: प्रो. प्रकाश मणि त्रिपाठी

सलाह देते हुए कहा कि बच्चे भविष्य के नागरिक हैं उन्हें नैतिक, संस्कारिक शिक्षण प्रदान करने का कार्य शिक्षक और अभिभावक करें। तभी ये बच्चे आने वाले समय की चुनौतियों को सफलता पूर्वक सामना कर पाएंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में सांस्कृतिक गतिविधियां व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, समूह गीत, राष्ट्र भक्ति गीत, भाषण, नृत्य, नाटक की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह विद्यालय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व सांसद एवं मंत्री स्व. रामधारी शास्त्री के पौत्र एवं डायरेक्टर आनंद शेखर ने अतिथियों को अंग वस्त्र और बुके

## प्रधानमंत्री ने मन की बात में दिया एक जुटता का संदेश: शशांक मणि




देवरिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को संबोधित किया जिसे सदर सांसद शशांक मणि ने देवरिया नगर के श्री राम शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 272 पर कार्यकताओं के साथ सुना ।श्री मणि ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हमें देश के प्रति अपने उत्तरदायित्वों प्रति सजग करता है तथा सभी देशवासियों को एकजुट होकर मुश्किल से मुश्किल घड़ी में भी लड़ने का साहस देता है ।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है और कहा है कि देश मिलकर इन चुनौतियों से बाहर निकलकर आएगा।हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और भाजपा सरकार पर पूरा भरोसा है कि कोरोना की तरह ही आए इस वैश्विक संकट से उबर कर बाहर निकलेंगे ।इस दौरान नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक डॉक्टर ब्रह्मा सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक दिनेश तिवारी, बूथ अध्यक्ष दुष्यंत सिंह, कौशलेंद्र पांडे, रमेश मणि, संतोष मणि, रामजीत शर्मा, रंजीत शर्मा, देवेश सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, पुष्पा मिश्रा, डॉक्टर प्रवीण मिश्रा, संजय भाटिया, रमेश गौड, संजय श्रीवास्तव, सुधीर शुक्ला, सुधांशु शर्मा, केशव राय, रोहित राय, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## मिट्टी माफिया बेलगाम, धड़ल्ले से हो रहा है जेसीबी से खनन



कुशीनगर। जिले में अवैध मिट्टी खनन का खेल अब खुलेआम चुनौती बन चुका है। नियम-कानून को ठेंगा दिखाते हुए ठेकेदार जेसीबी मशीनों से पुल के दाहिने तरफ का है, जहां लबरेज नामक ठेकेदार द्वारा बिना किसी वैध अनुमति के बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन कराया जा रहा है। मौके

- कटनरवार पुल के पास खुलेआम अवैध खनन, सिस्टम पर उठे गंभीर सवाल
- ठेकेदार बोला– किसी परमिशन की जरूरत नहीं

धड़ल्ले से मिट्टी की खुदाई करवा रहे हैं।हैरानी की बात यह है कि उन्हें किसी कार्रवाई का डर नहीं है ।ताजा मामला पडरौना कोतवाली क्षेत्र के कटनरवार पर जेसीबी मशीनें लगातार चल रही हैं और प्रशासन पूरी तरह से मौन बना हुआ है ।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब ठेकेदार से इस अवैध खनन के बारे में पूछा गया, तो उसने बेखौफ अंदाज में कहा मिट्टी खनन के लिए किसी परमिशन की जरूरत नहीं पड़ती है ठेकेदार का यह बयान न सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि किस बेखौफ अवैध खनन का कारोबार फल-फूल रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात-दिन जेसीबी से हो रही खुदाई के चलते इलाके की जमीन व नहर की पटरिया कमजोर हो रही है और भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका बढ़ रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

### पत्रकारों को उल्टे फंसाने का खेल

कहना ना होगा कि अवैध मिट्टी खनन का मामला अब सिर्फ नियमों के उल्लंघन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें पत्रकारों को बदनाम करने की साजिश भी सामने आने लगी है। बताया जा रहा है कि जेसीबी मालिक इश्तेयाक ने अन्य स्थानों पर हो रहे खनन की जानकारी देने के नाम पर पत्रकार से उसका मोबाइल नंबर लिया और जैसे ही अवैध खनन की खबर प्रसारित हुई, ठेकेदार लबरेज और जेसीबी मालिक इश्तेयाक सक्रिय हो गए और खुद को बचाने के लिए पत्रकार के मोबाइल नंबर से जुड़े खाते में पांच सौ रुपये ट्रांसफर कर दिए, ताकि बाद में यह आरोप लगाया जा सके कि पत्रकार ने पैसे की मांग की थी।

रकम भेजने के बाद ठेकेदार और जेसीबी मालिक ने उल्टा पत्रकार पर ही पैसे मांगने का आरोप लगाना शुरू कर दिया, जिससे पूरे मामले को भटकाया जा सके।

### मौके पर पत्रकारों को डराने की कोशिश

कहना ना होगा कि कटनरवार पुल के पास अवैध खनन की खबर कवरेज कर रहे पत्रकारो पर धौस जमाने के लिए मौके पर खुद को अंसारी कान्टेक्शन का मालिक बताने वाला ठेकेदार लबरेज अंसारी ने लखनऊ से एक दैनिक अखबार के रिपोर्टर विशाल सिंह नाम के व्यक्ति से पत्रकारों से बात कराया फोन पर बात करने वाले कथित पत्रकार ने मौके पर मौजूद पत्रकारों को खनन में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी, जिससे माहौल में तनाव पैदा हो गया। इसके बाद स्थानीय पत्रकारों ने जब इस पूरे मामले की पड़ताल की, तो चौंकाने वाला सच सामने आया जिस विशाल सिंह को लखनऊ का पत्रकार बताया जा रहा था, वह असल में कोई पत्रकार नहीं बल्कि खुद एक ठेकेदार है, जो खुद को पत्रकार बनकर लबरेज के कारोबार का संरक्षण देते हुए अधिकारियों व पत्रकारो को पर धौंस जमाता है ।

ताकि ठेकेदार लबरेज अंसारी के अवैध खनन पर कोई रुकावट की आंच न आये।

## स्वास्थ्य केन्द्र पर लगा आरोग्य स्वास्थ्य मेला

अयोध्या। आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को जनपद की सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। जिले की कुल 36 पीएचसी पर आयोजित इस मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेले के दौरान चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार व परामर्श प्रदान किया गया। कुल 67 चिकित्सकों और 197 पैरामेडिकल कर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान 307 पुरुष, 279 महिलाएं और 51 बच्चों सहित कुल सैकड़ों मरीजों का उपचार किया गया। आरोग्य मेले में आयुष्मान भारत योजना के तहत 53 गोल्डन कार्ड बनाए गए, जबकि हेल्प डेस्क पर 146 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। विभिन्न बीमारियों के मरीजों में 115 बुखार, 61 सांस, 161 पेट, 109 शुगर का हुआ इलाज।

## बद्री विशाल पित्ती की जयंती मनायी गयी

देवरिया । मारवाड़ी समाज के बड़े उद्योगपति परिवार में जन्मे बद्री विशाल पित्ती समाजवाद के अनन्य पैरोकार थे, उक्त उद्गार डा लोहिया के प्रिय साथी एवं समर्थक बद्री विशाल पित्ती के जन्म जयंती पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि महज 14 साल की उम्र में 1942 के स्वतंत्रता आंदोलन में शिरकत करते हुए भूमिगत रह हैदराबाद रेडियो चलाने वाले बद्री विशाल पित्ती 1955 में डा लोहिया से जुड़ सोशलिस्ट धारा से जुड़े तो अपने अंतिम सांस तक समाजवाद को आत्मसात किए रहे। सपा के पूर्व प्रवक्ता ने कहा कि बीच के समय में सोशलिस्ट पार्टी के बिखराव के बाद जब 1992 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का गठन हुआ तो बद्री विशाल पित्ती इसे गठित करने वाले नेताजी मुलायम सिंह यादव के साथ जुड़कर समाजवादी पार्टी को पूरी ताकत प्रदान करते रहे जिन्हें समाजवादी पार्टी के सम्मेलनों और अधिवेशनों में सम्मिलित होते हुए हमने देखा है। डा लोहिया के भाषणों के ऑडियो, उनके साहित्य के संकलन आदि का कार्य बखूबी करने वाले बद्री विशाल पित्ती को जन्म जयंती पर नमन है। उक्त अवसर पर उपस्थित सुरेश नारायण सिंह, अभिषेक गुड्डू गोंड, संतोष मद्धेशिया, अयोध्या वर्मा, नाजिर अंसारी, लोरिक यादव, अशोक यादव, संजय यादव, शैलेन्द्र यादव, दयानंद यादव, व्यास यादव, गोविंद यादव शंकर गोंड, सतेंद्र कुमार यादव, रामप्यारे यादव आदि ने भी बद्री विशाल पित्ती को याद करते हुए नमन किया।

## कांग्रेस कमेटी के सचिव, प्रभारी का स्वागत



देवरिया । संगठनात्मक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए बलिया जनपद जाते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव, सह प्रभारी उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन सत्यनारायण पटेल का स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने सुभाष चौक पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने स्वागत करते हुए संगठन के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल से कहा कि आप कांग्रेस पार्टी के संगठन के सचिव पद पर जिस क्षमता से कार्य कर रहे हैं उसके लिए जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता सदैव आपका आभारी रहेगा। आप अपने कुशल नेतृत्व की छाया कार्यकताओं पर बनाये रखेंगे। राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश सत्यनारायण पटेल सुभाष चौक पर कार्यकताओं से संक्षिप्त मुलाकात में संगठन को मजबूत करने, आगामी चुनावों के लिए सक्रिय होने और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के बीच जाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर एकजुट होकर काम करने पर जोर दिया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, निर्वतमान प्रदेश उपाध्यक्ष केशव चन्द यादव, किसान कांग्रेस उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द शाही, भरत मणि त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष चन्दन वर्मा, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, जिला महासचिव रत्नेश मल्ल पिंटू, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद, जिला महासचिव मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, सोशल मीडिया राजेश सिंह, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धन्नजय यादव, विनोद त्रिपाठी, राजकुमार यादव, सुहेल अंसारी, जवाहरलाल चौहान, कमलेश मिश्रा सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर के बाबा मैरिज हाल में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर पंडित दीन दयाल उपाध्याय महा अभियान सात चरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ ।जिससें भाजपा मण्डल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सांसद विधायक ने बढ चढ कर हिस्सा लिया ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने पार्टी को सशक्त बनाने के लिए एकता ओर आपसी समन्वय बनाकर जनता के बीच सरकार द्वारा किये गये जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की अपील करते हुए

- प्रशिक्षण में पार्टी को सशक्त बनाने पर जोर

कहा कि आगामी विधानसभा के आसन्न चुनाव को देखते हुए अभी से पुरे मनोयोग से लग जाय। साथ ही पार्टी की नीतियों, संगठनात्मक संरचना एवं कार्य पध्दति पर विस्तार से चर्चा हुई ।प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र की अध्यक्षता शेषनाग मिश्र मुख्य वक्ता सदर सांसद शशांकमणि त्रिपाठी द्वितीय सत्र की अध्यक्षता विनोद कुमार दीक्षित मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष विजय बहादुर दुबे तृतीय सत्र की अध्यक्षता आशा ओझा मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय शाही चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता प्रभुनाथ तिवारी मुख्य वक्ता अर्चना पाण्डेय पंचम सत्र के अध्यक्षता मण्डल उपाध्यक्ष चन्दन सिंह मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष गंगा सिंह कुशवाहा छठवे सत्र की अध्यक्षता शिवसरदार मिश्र मुख्य वक्ता आई टी आई संयोजक व जिला उपाध्यक्ष शिवेन्द्र पाण्डेय सातवे सत्र की अध्यक्षता भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोरखपुर के उपाध्यक्ष रोशन जमीर कल्लू रहे ।विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंतोदय के सिध्दांतों को आत्मसात करते हुए संगठन को बुथस्तर तक मजबूत करना ही पार्टी की प्राथमिकता है ।कार्यकताओं से अनुशासन समर्पण और सेवा भाव के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया ।कार्यक्रम के दौरान वर्ग प्रमुख गिरिजेश सिंह, अभय तिवारी, दीपक वर्मा, पर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश प्रजापति, अमित तिवारी, हितेन्द्र तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त, पूर्व चेयरमैन रमेशचन्द्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्म अजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एस एन मेमोरियल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव और स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया






देवरिया । शहर के न्यू कॉलोनी स्थित एस एन मेमोरियल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि के रूप में सपा सांसद रमाशंकर विद्यार्थी, भाजपा विधायक सुरेन्द्र चौरसिया एवं नपा अध्यक्ष गौरा बरहज श्वेता जायसवाल ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ की। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के बच्चों ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से किया। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के छात्र झछात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने देशभक्ति से लेकर सामाजिक मुद्दों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। मिट्टी के बेटे गाने पर उपस्थित अतिथि, अभिभावक एवं उपस्थित अन्य लोगों की आंखें नम हो गई। सभी उपस्थित अभिभावक एवं लोगों ने इस गाने के बीच खड़े होकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। विगत सत्र में हुए विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण एवं सम्मानित भी किया गया।

पत्रकारिता क्षेत्र, राजनीतिक क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र, व्यापार क्षेत्र, न्याय क्षेत्र एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को विद्यालय के निदेशक विपिन कुमार शर्मा व प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने अंग वस्त्र एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। विगत सत्र का बेस्ट टीचर अवॉर्ड दिव्या त्रिपाठी एवं सरोज यादव को दिया गया ।जबकि बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड से श्रेया सिंह को नवाजा गया। कल्चरल एक्टिविस्ट के लिए सुल्ताना खान को सम्मानित किया गया ।सम्मानित होने वाले लोगों में मुख्य रूप से उ. प्र. श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश कोषाध्यक्ष अरूण कुमार राव, जिला संयोजक डा शशिधर मिश्र, पत्रकार बृजेश चंद शर्मा, अजय कुमार मिश्र, ओमप्रकाश मणि, प्रियंका त्रिपाठी संयुक्त सचिव जिला अधिवक्ता संघ, चंदा राव परामर्शदाता परिवार न्यायालय देवरिया, दिनेश सिंह, डॉ मधुसूदन मिश्र, डॉ संजीव राव, बृजेश सिंह, डॉ. डी. के. सिंह, आनंद विजय सिंह, राजीव कुमार मिश्र, अभय कुमार निगम, बागेश्वरी मिश्र, धनंजय नाथ त्रिपाठी, देवेश मणि त्रिपाठी, हेमंत सिंह, ओंकार पांडेय, पुरुषोत्तम मरोदिया दिनेश शुक्ला, ओंकार मणि आदि लोग रहें ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के निरंजन शर्मा, विजय शर्मा , विनीत शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, कमल शर्मा, धीरज यादव, मीरा पाण्डेय, सुकन्या वर्मा, अंकिता यादव, प्रज्ञा पांडेय, प्रिया मद्धेशिया, सुमन मौर्य, एवं सुरेश सोनकर सहित सभी बच्चें व अभिभावक मौजूद रहें।

# मध्यपूर्व की उलझती गुत्थी

मध्य पूर्व में भले ही अमरीका कुछ समय के लिए हमले रोककर युद्ध विराम के लिए बातचीत करने की बात कर रहा हो, लेकिन जिस तरह युद्धविराम के लिए अपने-अपने शर्तों की लिस्ट बतायी जा रही है, उससे गुत्थी उलझती जा रही है। अमेरिकी प्रशासन ने ईरान के साथ जंग खत्म करने के लिए 15 बिंदुओं वाला एक एजेंडा भेजा है। इसे लेकर तेल और गैस के बाजारों ने आशावादी प्रतिक्रिया दी। इस खबर के सामने आने के बाद ईरान के अधिकारियों ने जो बयान दिए हैं उसने इन उम्मीदों में और इजाफा किया है। उन्होंने कहा है कि वे गैर दुश्मन मुल्कों के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने देंगे बशर्ते वे ईरान से संपर्क बनाए रखें और इसकी इजाजत हासिल करें। यह समझना होगा कि इन संकेतों को खाड़ी में हफ्तों से जारी संकट के अंत और जीवाश्म ईंधन बाजार में सामान्य हालात की वापसी के रूप में देखा जा रहा, लेकिन अमेरिका ईरान और इजरायल से जुड़े सभी पक्षों के अप्रत्याशित स्वभाव को देखते हुए यह अपेक्षा करना शायद कुछ ज्यादा ही होगा। इसलिए भारत को आने वाले समय में आयातित ऊर्जा के लिए अपेक्षा से अधिक कीमतें चुकानी पड़ सकती हैं। कारोबारी मार्गों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का एक असर यह हुआ है कि कुछ बाजार जो पहले वैश्विक स्वरूप में थे मसलन कच्चे तेल का बाजार आदि, अब उनकी क्षेत्रीय कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव नजर आ रहा है। उदाहरण के लिए भारत के लिए खाड़ी क्षेत्र का तेल मूल्य टेक्सस या उत्तरी सागर के तेल कीमतों की तुलना में कहीं अधिक मायने रखता है। कुछ अनुमानों के अनुसार, आने वाले कुछ महीनों के बड़े हिस्से में इंडियन बास्केट कच्चे तेल की कीमत पिछले कई महीनों की तुलना में लगभग दोगुनी



हो सकती है७ यह कहने की आवश्यकता नहीं कि यदि ऐसा होता है तो आम परिवारों और सरकार दोनों की वित्तीय स्थिति पर भारी दबाव पड़ेगा। भारत की राजनीतिक अर्थव्यवस्था में ऊर्जा की कीमतों में तेज उछाल से संकट पैदा होने का खतरा नया नहीं है। ऐसा पहले भी हो चुका है। हम 2013 में, 1999 में और उससे पहले भी ऐसे हालात झेल चुके हैं। इससे निपटने के लिए अधिक ऊर्जा आत्मनिर्भरता ही एकमात्र उपाय है लेकिन उसे तत्काल लागू नहीं किया जा सकता है। हालांकि, वर्तमान सरकार के पास ऐसा करने के लिए एक दशक से अधिक का समय रहा है। 2014 में सत्ता में आने के बाद से इसे अपेक्षाकृत लंबे समय तक प्रबंधनीय ऊर्जा कीमतों का लाभ मिला। इस अवधि में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कुछ कदम उठाए गये जैसे नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य। लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में नवीकरणीय ऊर्जा जीवाश्म ईंधन का पर्याप्त विकल्प नहीं है, विशेषकर बिजली की बेस लोड आवश्यकता के लिए, और आने वाले कई वर्षों तक भी नहीं होगी। इसलिए तेल और गैस की घरेलू खोज, उत्पादन और प्रसंस्करण बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।.... दुर्भाग्यवश इस अहम मानक पर सरकार पीछे रह गई है। उत्खनन नीति में कुछ अग्रगामी बदलावों के प्रयासों के बावजूद उत्पादन 2014 के बाद से 30 फीसदी कम हुआ है। यह तब है जबकि घरेलू मांग में लगातार इजाफा हुआ है। 2016 में नई उत्खनन और लाइसेंसिंग नीति की शुरूआत ने न तो उत्पादन में ठोस वृद्धि की और न ही व्यावसायिक रुचि आकर्षित की। उत्पादन साझेदारी को राजस्व साझेदारी से बदल दिया गया, लेकिन इसका अर्थ यह हुआ कि कंपनियों को परियोजना की समय-सीमा में बहुत बाद में राजस्व प्राप्त होता। इससे उनकी रुचि कम हो गई। नये खुले क्षेत्रों के लिए डेटा कवरेज बहुत कम रहा और मूल्य अस्थिरता बनी रही। इस बीच ब्राजील ने भूवैज्ञानिक डेटा में निवेश करके उत्खनन का स्तर दो से तीन गुना बढ़ा लिया है। भारत को स्पष्ट रूप से अधिक मेहनत करनी होगी और अन्य देशों की सफलताओं से सीखना होगा। यह संकट या कहें संकट का खतरा आत्मनिर्भरता बढ़ाने के अवसर के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

---

विचार

मनुष्य आपत्तियों का लक्ष्य बनने के लिए ही जन्मा है। अतएव बुद्धिमान मनुष्य को आपत्ति से घबराना नहीं चाहिए।

-कन्फ्युशियस.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-कबीर.

फल के आने से पेड़ झुक जाते हैं, वर्षा के समय बादल झुक जाते हैं, सम्पत्तिवान होने पर सज्जन नम्र हो जाते हैं-परोपकारियों का स्वभाव ऐसा ही है।

-कालिदास.

संतोष जीवन के उद्देश्य का दरवाजा खोलता है। क्योंकि सिवा संतोष के उस दरवाजे की और कोई कुंजी नहीं है।

-खलील जिब्रान.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

-हिलार्ड.

# वैकल्पिक ऊर्जा की तरफ बढ़ने का समय




मनोज बाजपेयी

> आज जिस तरह से वैश्विक ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, ऊर्जा संसाधन वैश्विक टकराव का कारण बन रहे हैं, तब यह जरूरी है कि सरकार ऊर्जा आत्म निर्भरता की दिशा में ठोस पहल करे। अक्षय ऊर्जा भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय विकास की दिशा में बहुत अहम है।

ऊर्जा आधुनिक समाज की सबसे बड़ी और बुनियादी जरूरत है। ऊर्जा को लेकर आज जिस तरह से वैश्विक स्तर पर टकराव है, ऊर्जा स्त्रोतों पर कब्जे के लिए जंग हो रहे हैं, उसमें यह जरूरी है कि भारत सरकार देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए अक्षय ऊर्जा के विकास की दिशा में गंभीरता से पहल करे। वैश्विक स्तर पर मनुष्य के समक्ष आज सबसे बड़ी चुनौती यह है कि लगातार बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम कैसे की जाये, जो प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जानें लेने लगा है और लगातार घटते प्राकृतिक संसाधन, जिनके अभाव में तो सुखद मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। गौर करें तो इन दोनों ही चुनौतियों अथवा समस्याओं का समाधान एक ही है- ऊर्जा के परम्परागत संसाधनों पर से निर्भरता को समाप्त करते हुए अक्षय ऊर्जा का अधिकाधिक उपयोग एवं कार्यान्वयन करना। अक्षय ऊर्जा यानी ऊर्जा का ऐसा स्त्रोत, जिसका कभी क्षय नहीं होता। अक्षय ऊर्जा का एक नाम स्वच्छ ऊर्जा भी है, जिसका तात्पर्य ऐसी ऊर्जा से है, जो वातावरण की स्वच्छता को न केवल यथावत बनाये रखने में सहयोगी हो, बल्कि आज की वैश्विक पर्यावरणीय चिंताओं से मुक्ति दिलाने में भी सहायक बने, ताकि 'जलवायु परिवर्तन' (ग्लोबल वार्मिंग) की विकराल होती समस्या से वैश्विक समाज को राहत मिल सके।

आज के दौर में यदि किसी भी राष्ट्र को सर्वांगीण विकास करना है तो उसे प्रदूषण रहित अक्षय ऊर्जा के विभिन्न स्त्रोतों का उपयोग करना ही पड़ेगा। दरअसल, पृथ्वी पर ऊर्जा के परम्परागत संसाधन यथा- कोयला, पेट्रोलियम और कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, लकड़ी, बायोमास इत्यादि सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं, जबकि सदियों से इनका अंधाधुंध दोहन जारी है। उदाहरण के लिए, भारत समेत विश्व भर के सारे देश बिजली जैसी ऊर्जा की बुनियादी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को पूरे करने के लिए अपने-अपने सीमित परम्परागत संसाधनों पर निर्भर हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यावरणीय चुनौतियों यथा- पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर



समस्याएं भी आज के मानव समुदाय के समक्ष खड़ी हैं। ऐसे में, यदि ऊर्जा के इन परम्परागत संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं किया गया और इनका इसी प्रकार लगातार दोहन किया जाता रहा तो ऐसी संभावना है कि निकट भविष्य में ऊर्जा के ये संसाधन समाप्त हो जाएंगे और दुनिया भर में ऊर्जा का गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा। ऊर्जा के आसन्न संकट की भयावहता को समझते हुए आज के दूरदर्शी समाज ने विश्व भर में ऊर्जा के गैर परम्परागत स्त्रोतों के अधिकाधिक उपयोग को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की, जिसके उपरांत वैश्विक स्तर पर मनुष्य ने ऊर्जा के अक्षय स्त्रोतों से ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करने का प्रयास शुरू किया। वहीं, भारत में भी ऊर्जा के अक्षय स्त्रोतों के विकास और उनके उपयोग को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उचित समय पर समुचित पहल किए जाने और देशों एवं राज्यों की सरकारों द्वारा समझदारी से उसमें निवेश करने से होने वाले संभावित लाभों का पता लगाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 के मध्य में वैश्विक स्तर पर कराए गये एक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में अक्षय ऊर्जा के व्यापक उपयोग को सुनिश्चित करने के अनेक लाभ बताये गये हैं।

विमर्श

रिपोर्ट के अनुसार, यदि अक्षय ऊर्जा से जुड़े लक्ष्यों को समुचित ढंग से नीति बनाकर उसे निवेश के साथ जोड़ा जाये तो इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूती तो मिलेगी ही, साथ ही, पर्यावरणीय चुनौतियों से भी बहुत हद तक मुक्ति मिलेगी। इतना ही नहीं, अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में नीतिगत निवेश को बढ़ावा देकर दुनिया भर के करोड़ों लोगों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), डेनवर यूनिवर्सिटी और ऑक्टोपस एनर्जी द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गयी रिपोर्ट के मुताबिक, गरीबी रेखा के नीचे जीवन व्यतीत करने वाले करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में अक्षय ऊर्जा से सुधार आ सकता है।

गौरतलब है कि इससे जहां एक ओर, जहरीले और प्राणघातक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन में कमी आएगी, वहीं, दूसरी ओर, इस बदलाव के कारण ऊर्जा क्षेत्र में 20.4 ट्रिलियन डॉलर तक की बचत होने की संभावना भी है। इनके अलावा, वैश्विक जीडीपी में 21 प्रतिशत की वृद्धि होने तथा 2060 तक प्रति व्यक्ति औसत आय में 6,000 डॉलर की संवृद्धि की उम्मीद भी उक्त रिपोर्ट में जतायी गयी है। यूएनडीपी, डेनवर यूनिवर्सिटी एवं ऑक्टोपस एनर्जी की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, उपर्युक्त सारे लाभ तभी प्राप्त किए जा सकते हैं, जब दुनिया के सभी देशों के लोगों द्वारा अक्षय ऊर्जा को शीघ्राति शीघ्र अपनाया जाये। हालांकि, इस मामले में जब तक कोई सीमा निर्धारित नहीं की जाती, तब तक लोगों में भ्रम की स्थिति बनी रह सकती है। इसलिए बेहतर तो यही होगा कि हम अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की प्रथम 'ग्लोबल एनर्जी रिव्यू' यानी 'वैश्विक ऊर्जा समीक्षा' (जीआरई) द्वारा दिए गए सुझावों को अंगीकार करते हुए अक्षय ऊर्जा यथा- सौर, पवन, जल एवं परमाणु ऊर्जा का तीन गुणा उपयोग करें। इनके अतिरिक्त, हमें ऊर्जा की खपत को दोगुना तक कम करने अथवा उसकी बचत करने तथा जीवाश्म ईंधन जैसे पारंपरिक ईंधनों के उपयोग को धीरे-धीरे शून्य करने का प्रयास भी करना होगा। बता दें कि यदि विश्व के सभी देशों ने इतना सब कुछ कर लिया, तो संभव है कि सन 2060 तक कुल ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए जीवाश्म ईंधन पर उनकी निर्भरता मात्र 12 प्रतिशत तक रह जाए। यह एक अत्यंत ही सुखद स्थिति मानी जा सकती है। वैसे, इसका एक बड़ा लाभ यह भी होगा कि इससे पृथ्वी के तापमान को दो डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने में सफलता मिल सकेगी। वहीं, अक्षय ऊर्जा का तीव्रता से विस्तार कर, प्रणाली में पर्याप्त निवेश को प्रोत्साहन देकर एवं सतत् विकास के लक्ष्यों के अनुरूप ऊर्जा नीतियां अपनाकर विश्व के सभी देश अपने नागरिकों को बिजली एवं रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अतिरिक्त कुल 20.4 ट्रिलियन डॉलर की बचत भी कर सकते हैं।

इसमें से ऊर्जा की बचत से 8.9 ट्रिलियन डॉलर और सस्ती एवं साफ-सुथरी ऊर्जा के उपयोग से 11.5 ट्रिलियन डॉलर का लाभ होगा। उपर्युक्त रिपोर्ट के अनुसार, प्रथम 'वैश्विक ऊर्जा समीक्षा' के सुझावों को मानकर 19.3 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया जा सकता है। दरअसल आज जिस तरह से वैश्विक ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, ऊर्जा संसाधन वैश्विक टकराव का कारण बन रहे हैं, तब यह जरूरी है कि सरकार ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस पहल करे। अक्षय ऊर्जा भारत की आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय विकास की दिशा में बहुत अहम है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

सोशल मीडिया

ऊना की चीख आज भी इंसाफ के दरवाजे पर दस्तक दे रही है, बीते दस सालों से पीड़ित न्याय के लिए दर दर भटक रहे हैं, मोदीजी के इस मॉडल को पूरे देश पर थोपा जा रहा है। राहुल गांधी.



आने वाले दिनों में असम में भारतीय जनता पार्टी सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू कर चार शादियों पर पूरी तरह से पाबंदी लगायेगी। अमित शाह.



नरेन्द्र मोदी की सरकार ने हमारे मनोबल को गिराने और हमें झुकाने की पूरी कोशिश की। हम जब तक जीवित हैं, तब तक इनके आगे नहीं झुकेंगे। संजय सिंह.



# जीवन में आनन्द

जीवन में सही रास्तों का चुनाव, संतुलन की दिशा में प्रयास और हमेशा संतुलन बनाना आवश्यक है। मनुष्य के रास्तों को कभी कठिनाइयां रोक नहीं पाती हैं। दुनिया के फलक पर ऐसे सितारों की बड़ी संख्या है जो तमाम अभावों का सामना करके आगे आये अपनी तीक्ष्ण बुद्धि, प्रतिभा, त्याग और उपदेश से पूरी दुनिया का मार्गदर्शन किया। विषम स्थितियों से सामना होने पर मनुष्य की भौतिक अंतः प्रतिभा जाग्रत होती है। सुप्त शक्तियों का विकास होता है। पत्थर पर रगड़ खाने वाला चाकू तेज होता है और वह अपने काम में अधिक कारगर साबित होता है। उसका स्वभाव, अनुभव और दिमाग मंज कर साफ हो जाता है, जिससे आगे बढ़ने में उसे बहुत सफलता मिलती है। इसके विपरीत जो लोग अमीर और साधन सम्पन्न घरों में पैदा होते हैं उन्हें जीवन की आवश्यक सामग्रियां प्राप्त करने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता। लाड़, दुलार, ऐश, आराम के कारण उनकी प्रतिभा निखरती नहीं, वरन बंद पानी की तरह सड़ जाती है। यह निष्क्रिय चाकू की तरह जंग लगकर निकम्मी हो जाती है। आमतौर पर आजकल ऐसा देखा जाता है कि अमीरों के लड़के अपने जीवन में असफल रहते हैं और गरीबों के लड़के आगे चलकर चमक जाते हैं। पुराने जमाने में राजा रईस अपने लड़कों को ऋषियों के आश्रम में इसलिए भेज देते थे कि यहां रहकर अभावग्रस्त जीवन व्यतीत करें और अपनी प्रतिभा को तीव्र बनायें। हमारा उद्देश्य यह कहने का नहीं है कि अमीरी कोई बुरी चीज नहीं है और अमीरों के घर में पैदा होने वाले उन्नत जीवन नहीं बिता सकते। जहां साधन है वहां तो और भी जल्दी उन्नति होनी चाहिए। बढ़ई के पास बढ़िया लकड़ी और अच्छे औजार हों तब तो वह बहुत ही सुंदर फर्नीचर तैयार करेगा यह तो निश्चित है। हमारा तात्पर्य केवल यह कहने का है कि यदि जिन्दगी जीने की कला आती हो तो अभाव, कठिनाई या विपरीत परिस्थिति भी कुछ बाधा नहीं डाल सकती।

अंतर्दृष्टि

गरीबी या कठिनाई में साधनों की कमी का दोष है तो प्रतिभा को चमकाने का गुण भी है। अमीरी में साधनों की बाहुल्यता है तो लाड़ दुलार और ऐशो आराम के कारण प्रतिभा के कुन्द हो जाने का दोष भी है। दोनों ही गुण दोषयुक्त हैं। किन्तु जो जीवन जीना जानता है, वह चाहे अमीर हो या गरीब, अच्छी परिस्थितियों में अनुकूलता और आनन्द प्राप्त कर सकता है। आनन्दमय जीवन बिताने के लिए धन, विद्या, अच्छा सहयोग, स्वास्थ्य आदि की आवश्यकता है। परन्तु ऐसा न समझना चाहिए कि इन वस्तुओं के होने से ही जीवन आनन्दमय बन सकता है। एक अच्छी पुस्तक लिखने के लिए कागज, दवात, कलम की आवश्यकता है।

# सज गयी न्यूज की मंडी

व्यंग्यलोक

चुनाव की बेला है। वायदों की भरमार है। न्यूज मंडिया भी सज-धज कर तैयार हो गयी हैं। चैनल आपस में टकरा रहे हैं। घूरे में घूमते गधों के सिर चकरा रहे हैं। अपनी ही पार्टी के, अपने ही लोग, अपने ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर धक्कम-प्लेट लगा रहे हैं। चैनल फिलहाल बाढ़ की रोटी तोड़ रहे हैं। चैनल रानी, कहे बाढ़ की कहानी! टीवी माता पर बैठे सर्व एंकर ज्ञानी। कशिश ड्रेस में बैठी है एंकरानी! बाढ़ ज्ञान की उल्टी करते दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन इन सबसे चैनलों की पेट भराई नहीं हो रही है। ऐसे में न्यूज चैनलों के आगे रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। हर एक न्यूज चैनल पर खूंखार ज्ञान बाज एंकर मौजूद हैं। ज्ञानबाज एंकर माइक के गले को कस के खड़े हैं। विचार चाहे कितने ही सड़े हैं, परन्तु ज्ञान देने के लिए अड़े हैं। चैनलों पर आजकल न्यूजों को घोट डालने का काम चल रहा है। एक समय था, जब न्यूज चैनलों पर जगपुर के जिन्न और चंचलपुर की चुड़ैलें भारी पड़ती थी। प्राइम टाइम में ये अपना जलवा बिखेरती थीं। अब नगीनानगर की नागिनों का अलग ही जलवा कायम है। प्रीतपुर के प्रेत प्राइम टाइम में डिबेट करते नजर आ रहे हैं। तीसरे जिन्न की चौथी चुड़ैल ने पांचवें प्रेत की सातवीं नागिन को आपस में मिला दिया है। चैनलों को अब भूत, प्रेत, नागिन, चुड़ैल, डाकिन, शाकिन, जिन्न के भरोसे ही अपनी गाड़ी आगे बढ़ानी पड़ रही है। इनकी राजनीति ही सब पर भारी है। टीवी पर फिर कोई एंकरनी आएगी। वह कुर्सी से बीन बजवाएगी। वोटर को नचवाएगी। वैसे जहां-तहां, यत्र-तत्र कुर्सियां पसरी पड़ी हैं। वोटरों को नचाती कुर्सियों का जलवा बरकरार है। देवी एंकरनी चीख रही है। खुद कुर्सी की ड्रेस में दीख रही है। प्राइम टाइम पर हमारे टीवी पर एकमात्र कुर्सी देखिए! कुर्सी जो है, इच्छाधारी, जो है हर इच्छा पर भारी। रूप बदलने में कभी नर तो कभी नारी। कभी मंत्री बन जाती है तो कभी संतरी। कभी इस पार्टी में जाती है, तो कभी उस पार्टी में जाकर सरकार गिराती है। सरकार उठाने वाली और सरकार गिराने वाली कुर्सी। इधर एक खाओ-कमाओ चैनल में बूढ़ा मंत्री बरगद पेड़ के नीचे बैठा चिल्ला-चिल्ला कर चिल्ला रहा है। आज हमारे चैनल पर देखिए लाइव मंत्री! एकदम ताजा मंत्री! मंत्री जो लाइव चैटिंग करता है! मंत्री जो डेटिंग करता है! मंत्री जो सेटिंग करता है! हमारा वाला असली जोरदार मंत्री! पहली बार एक मंत्री व दूसरे मंत्री के बीच लाइव संवाद! शमशान वाला मंत्री व कब्रिस्तान वाला मंत्री। दोनों मंत्री एकसाथ। कौमी एकता की भरपूर मिसाल। इनकी गजब की केमिस्ट्री सिर्फ हमारे चैनल पर! न्यूजों का तो वैसे ही अकाल है। पापी पेट का सवाल है।



रामविलास जॉगिड़

# स्क्वाश के दो चमकते सितारे अनाहत और अभय सिंह



खेल जगत

**सारिम अन्ना**

मात्र 18 वर्ष की आयु में अनाहत सिंह भारतीय स्क्वाश की अब सबसे चमकदार संभावना नहीं रह गई हैं बल्कि वह उसका वर्तमान बन चुकी हैं। साल 2025 में उन्होंने प्रदर्शित किया था कि वह क्या कुछ करने की क्षमता रखती हैं और फिर 2026 में उन्होंने प्रभावी विजयों से अपने असाधारण टैलेंट को साबित किया, जिसकी वजह से वह विश्व की टॉप 20 में शामिल हो गईं और इस समय वह भारत की ओर से ओलिंपिक पदक की सबसे मजबूत दावेदार हैं। दिल्ली की इस लड़की ने 22 मार्च 2026 को अपना 16वां पीएसए खिताब जीता। उन्होंने मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के ग्लास कोर्ट में आयोजित इंडियन ओपन स्क्वाश के महिला एकल फाइनल में मिस्र की हाना मोअताज को 3-1 (11-5, 11-6, 6-11, 11-6) से पराजित किया। इस खिताब को उन्होंने लगातार दूसरी बार जीता है। स्क्वाश में तेज गति से प्रगति करते हुए भी अनाहत ने अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना नहीं छोड़ा है; उन्होंने फ्लाइट्स पर पढ़ते हुए लास एंजेल्स 2028 के मार्ग को पकड़ा है।

जेएसडब्लू इंडियन ओपन स्क्वाश में भारत को पुरुष एकल में भी सफलता मिली। अभय सिंह, 27, ने अपने ही देशवासी वीर चोत्रानी को फाइनल में 3-0 (11-9, 11-8, 11-4) से पराजित किया। अभय पिछले साल भी इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन खिताब हासिल करने से चूक गये थे। तब और अब में अंतर यह रहा कि भारत का यह नंबर एक खिलाड़ी तब विश्व रैंकिंग में 60वें पायदान पर था और अब 26वें पर है, जिससे मालूम होता है कि उन्होंने अपने खेल में जबरदस्त सुधार किया है। पिछले एक साल के दौरान अभय ने पीएसए टूर पर बहुत मजबूती के साथ आगे कदम बढ़ाये हैं और फलस्वरूप वह न सिर्फ विश्व टॉप 30 में शामिल हुए बल्कि भारत के नंबर 1 खिलाड़ी बने। जबकि वर्षों से भारतीय स्क्वाश में यह टैग सौरव घोषाल के पास था, जो विश्व के पूर्व टॉप 10 खिलाड़ी हैं। सौरव का मानना है कि अभय एक ऐसे खिलाड़ी की बेहतरीन मिसाल हैं जो अपने लक्ष्य को पाने के लिए सीमा के अंत तक प्रयास करता है। सौरव के अनुसार, 'अभय ने सही समय पर अच्छी मेहनत की है। टूर पर उन्होंने कुछ अच्छे मैच जीते। इस समय वह जिस रैंकिंग पर हैं, वह उसके पूर्णतः हकदार हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि वह इसी तरह आगे बढ़ते रहेंगे।'

अभय व सौरव की खेल शैली में अंतर है। सौरव का मानना है कि अभय को अपने खेल में अधिक गति लानी होगी। उनके अनुसार, 'अभय जो गेम खेलते हैं उसमें थोड़ी ज्यादा गति की जरूरत है, क्योंकि टॉप लेवल पर हर कोई उच्च गति पर खेलता है और उन्हें अपना अटैक भी पैना करना होगा। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि वह मुझसे या जेम्स से एकदम अलग खिलाड़ी हैं। इसलिए उन्हें वह रास्ता तलाश करना होगा जिससे आगे बढ़ा जा सकता है। चुनौती कठिन है, लेकिन असंभव नहीं। यह अच्छा है कि अभय अपना फोकस बनाये हुए हैं, अगर ऐसा न होता तो वह वहां न होते जहां वह हैं।' लेकिन सबकी निगाहें तो अनाहत पर थीं, जो आग उगलती हुई कोर्ट पर उतरीं, दो शार्प अटैकिंग पॉइंट्स जीते और मैच का रुख एकदम से अपनी तरफ मोड़ दिया। उनके खेल में इतनी अधिक परिपक्वता देखने को मिली कि यह यकीन करना कठिन हो रहा था कि उन्होंने अभी अपने जीवन के सिर्फ 18 बसंत देखें हैं। यह लड़की वास्तव में कमाल है। उसके खेल में केवल पॉवर ही नहीं है बल्कि नियंत्रण भी गजब का है। अनाहत प्लेसिंग पर विश्वास करती हैं, जिसकी वजह से हाना को कोने से कोने में मूव करना पड़ रहा था। अनाहत रैली को खत्म करने से पहले उसे लम्बा खींचती हैं ताकि प्रतिद्वंदी खिलाड़ी थक जाये। स्क्वाश स्टेमिना का खेल है। हालांकि तीसरे गेम में अनाहत की एकाग्रता भंग हुई, लेकिन चैथे गेम में उन्होंने हाना के लिए दरवाजे बंद कर दिये। बहरहाल, अगर अनाहत एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत लेती हैं, जिसकी संभावनाएं प्रबल हैं, तो यह उनके लिए दोहरे लाभ की स्थिति होगी। स्क्वाश को अब ओलंपिक में शामिल कर लिया गया है। एशियन गेम्स में जो भी एशियन गोल्ड जीतेगा वह ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लेगा। अनाहत ने बताया, 'यह निश्चितरूप से मेरा लक्ष्य है। अगर मैं एशियन गेम्स के माध्यम से क्वालीफाई कर लेती हूं तो यह बहुत शानदार होगा। अब मेरा लक्ष्य एशियन गेम्स में गोल्ड हासिल करना है।'

## आप की बात

### पाकिस्तान की चौधराहट

पाकिस्तान आजकल चौधरी बनने की कोशिश कर रहा है। घरेलू समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए वह मध्य पूर्व युद्ध के बीच मध्यस्थता कराने की बात करता है जबकि उसकी यह औकात ही नहीं है। एक आतंकी देश मध्यस्थता कैसे करा सकता है? पाकिस्तान अपनी आजादी के बाद जिस तरह आतंकवाद हिंसा और युद्ध के रास्ते पर चला, उसका अब अंजाम भुगत रहा है। वहां नयी सरकार बनी है लेकिन उसका काम सिर्फ दूसरे देशों से कर्ज लेकर जैसे तैसे पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाना भर रहा गया है। बाकी सब कुछ सेना के हाथ में है। पाक में सबसे ताकतवर प्रतिष्ठान के रूप में अपनी पहचान को पुख्ता कर चुकी सेना हमेशा इसी ताक में रही कि कब पाकिस्तान के हालत खराब हों जिसका बहाना बनाकर सत्ता अपने हाथ में ले ले। इस तरह चाहे सियासी ताकतें हों या पाक स्टैब्लिशमेंट, सबने मौका पाते ही पाकिस्तान को लूटने-खसोटने का काम किया। जनता के बीच अपने शासकीय दुराचरण को छिपाने के लिए, रोजमर्रा के झंझावातों, आंतरिक चुनौतियों और दिन प्रतिदिन गुरबत की बढ़ती जकड़बंदी के बीच असल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए पाक हुक्मरानों ने भारत का भय दिखाकर राज करने की जो रणनीति अपनायी उसकी स्वाभाविक परिणति है कि आज पाकिस्तान जल ही नहीं रहा है बल्कि गृहयुद्ध के मुहाने पर खड़ा पूरी तरह भस्म होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दरअसल पाकिस्तानी हुक्मरानों ने अवाम को कभी शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी जैसे मुद्दों पर सोचने का मौका ही नहीं दिया।

जब भी पाकिस्तान में इस पर कोई सार्थक संवाद का मौका आया तो उन्होंने भारत के साथ दुश्मनी को धधकाकर उसमें अपनी रोटियां सेंकने का काम किया। 'ब्लीड इंडिया थाउजैंड कट' हवा में निकला शब्द नहीं है बल्कि यह पाकिस्तानी हुक्मरानों की अपने अवाम के साथ सोची-समझी साजिश थी। दरअसल पाकिस्तान हमेशा भारत के खिलाफ साजिशें करता है। इसलिए वह मध्यस्थता में भी भारत के खिलाफ काम कर सकता है। इसलिए भारत को पाकिस्तान के चौधराहट को विफल कराने के लिए पूरा प्रयास करना चाहिए।

**आशीष श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सामाजिक सुरक्षा

देश के प्रत्येक नागरिक को मजबूत सामाजिक सुरक्षा का ढांचा मुहैया कराना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। हर नागरिको यह अधिकार है। केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। ह की पेंशन या सामाजिक सुरक्षा का सहारा नहीं मिलता है। किसी भी समाज में सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से यह जरूरी है कि सरकार एक व्यापक पेंशन आधारित समाज का निर्माण करना चाहती। श्रम योगी मानधन, किसान मानधन, कर्मयोगी मानधन जैसी योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा दे रही है।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## ओवरटेक करने में महिला की मौत, पति घायल

**बांदा।** ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक सवार दंपत्ति ट्रक से टकरा गये जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी तथा पति को मामूली चोंट आई है। रविवार सुबह लगभग साढ़े 5 बजे कमासिन थाना क्षेत्र के ग्राम पछौहा निवासी विद्यानंद वर्मा पत्नी सविता देवी उर्फ भूरी 37 के साथ बाइक में दवा कराने फतेहपुर जनपद के खागा जा रहा था। कठार चैराहा के आगे तीन ट्रक जा रहे थे तभी ओवरटेक करने के प्रयास में ट्रक से टक्कर लग गई जिससे पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई, पति बाइक से कुछ दूर आगे निकल गया जो मामूली रूप से चुटहिल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टर ने देखते ही सविता को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर परीक्षण के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया है। पति विद्यानंद वर्मा ने बताया कि सविता तीन माह की गर्भवती थी। उसका इलाज कराने के लिए खागा जा रहा था तभी यह हादसा हो गया। प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने बताया है कि यह दुर्घटना ओवरटेक का प्रयास करने पर हुई है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार का कटा हाथ

**बांदा।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसका हाथ कट गया। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के स्वराज कॉलोनी के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शी राहुल ने बताया कि युवक अपनी बाइक से जा रहा था, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक का दाहिना हांथ पूरी तरह कट गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। युवक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई। जिला अस्पताल के डॉक्टर अशोक सचान ने बताया कि देर रात युवक सचिन को अस्पताल लाया गया। कहा कि ट्रैक्टर की टक्कर से उसका हाथ अलग हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## नाबालिग से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण मे जनपद मे अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा कोतवाली ललितपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 329/2026 धारा 74/351(2) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गोलू अहिरवार पुत्र स्व0 राम सिंह अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मुहल्ला नेहरूनगर थाना कोतवाली को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ललितपुर अनुराग अवस्थी ने गिरफ्तार कर लिया।

## सारथी छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन

अयोध्या। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के संकल्प के साथ, ह्नप्राण फाउंडेशनह्न द्वारा आज जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में ह्नसारथी छात्रवृत्ति परीक्षा 2026ह्न का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में जनपद के 900 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पूरे जनपद में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस वर्ष छात्रवृत्ति के लिए कुल 1300 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था, जिनमें से आज 900 छात्र-छात्राएं परीक्षा में उपस्थित रहे। जिसमें बीकापुर-भारती इंटर कॉलेज 113, तारुन- परशुराम महिला महाविद्यालय 94, हैरिंगटनगंज - आर टी एकेडमी 177, मिल्कीपुर-माँ कृपाला देवी आदर्श इंटर कॉलेज 58, अमानीगंज - महात्मा गांधी इंटर कॉलेज 140, रुदौली- एल एस डी पी पब्लिक स्कूल 135, अयोध्या महा नगर, पूरा बाजार ,सोहावल, मसौधा- राजकरण इंटर कॉलेज में 116 उपस्थित रहे। प्राण फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से कक्षा 8 में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर 50 मेधावी छात्रों का चयन किया जाएगा।

चयनित विद्यार्थियों को संस्था की ओर से 6000 रुपये वार्षिक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी, ताकि वे अपनी शिक्षा बिना किसी आर्थिक बाधा के जारी रख सकें। यह सराहनीय प्रयास परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के सक्रिय सहयोग से पूर्ण हुआ है।

# पेयजल पाइप लाइन डालने के लिए शहर की खोदी गई सड़कों की दुर्दशा पर जताया रोष

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** स्थानीय कंपनी बाग में बुन्देलखण्ड विकास सेना द्वारा शहर में तमाम सड़कों के क्षतिग्रस्त होने तथा पेयजल के लिए खोदी गई सड़क की गुणवत्ता विहीन मरम्मत के विरोध में सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके

**● सड़क मरम्मत के नाम पर जमकर की गई लीपापोती का आरोप**

पर शहर भर की खस्ताहाल सड़कों की दुर्दशा तथा पेयजल योजना के अन्तर्गत गोविन्दसागर बांध से आजादपुरा होते हुए तालाबपुरा को जाने वाली सड़क तथा करीमनगर से वर्णी चैराहा जाने वाली सड़क पर पाईपलाइन डालने के बाद मरम्मत के नाम पर खटिया सामग्री प्रयुक्त करके की गई लीपापोती पर गहरी चिन्ता और रोष व्यक्त किया गया। सेना प्रमुख ने कहा कि पेयजल के लिए पाईपलाइन डालने के लिए तालाबपुरा की खूबसूरत कंकरीट की सड़क को हठधर्मी ठेकेदार द्वारा कटर मशीन से 2-3 फुट काटने के बजाय जे सी बी से 6-7 फुट खोदकर मजबूत कंक्रीट की सड़क को लापरवाही से खोद दिया गया है जिसके कारण महीनों धूल का गुबार उड़ता रहा है तथा बाद में मरम्मत के नाम पर बेस पर्त में घटिया सामग्री का प्रयोग करके लीपापोती की गई है जिसके कारण कई जगह यह सड़क धंस गई है। आवागमन के हिसाब से महत्वपूर्ण कही जाने वाली वर्णी चैराहे से करीमनगर जाने वाली तथा तालाबपुरा से तुवन चैराहे की ओर जाने वाली सड़कों पर धूल का गुबार उड़ रहा है जिससे लोग दमा , एलर्जी और चर्मरोग के शिकार हो रहे हैं। सड़क किनारे रह रहे नागरिकों और दुकानदारों का जीना दूभर हो रहा है। उन्होंने कहा कि गढ्डों के कारण कमरदर्द के रोगियों की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है। इसके अलावा लोग दुर्घटनाओं के शिकार भी हो रहे हैं। टीटू कपूर ने कहा कि ललितपुर शहर की ज्यादातर सड़कें क्षतिग्रस्त होकर बड़े बड़े गढ्ढों में तब्दील हो गई है आगे आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण त्योहार आने वाले हैं। इन महत्वपूर्ण त्योहारों के पहले ललितपुर की समस्त सड़कों को दुरुस्त किया जाये अन्यथा की स्थिति में बु.वि.सेना उग्र आन्दोलन छेड़ने को बाध्य हो जायेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान राजकुमार कुशवाहा, फूलचंद रजक, खुशाल बरार, कमल विश्वकर्मा, कदीर खां, भैयन कुशवाहा, संजू राजा, रामप्रकाश झा, गफूर खां, जगदीश झा, सुरेन्द्र सेन, प्रदीप साहू, लालचंद रजक, जितेन्द्र, कामता प्रसाद भट्ट, ओमकार राजा, मथुरा प्रसाद मिश्रा प्रकाश रैकवार, मनोज सैनी, सुरेश झा आदि मौजूद रहे।



## बीकापुर में बसपा का ब्राह्मण दांव पर

**अयोध्या।** अयोध्या की 274 बीकापुर विधानसभा सीट पर बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती ने स्वच्छ छवि वाले राजा पाठक को आगे कर ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए ऐसा सियासी दांव चला हैए जिसने पूरे इलाके की राजनीति में भूचाल ला दिया है। राजा पाठक को दिया गया यह आशीर्वाद सिर्फ एक एंट्री नहींए बल्कि 2027 की रणनीति का साफ संकेत माना जा रहा है।बीकापुर में ब्राह्मणए दलितए पिछड़ा और मुस्लिम वोटरों का जटिल समीकरण हमेशा से चुनावी परिणाम तय करता रहा है। ऐसे में राजा पाठक की एंट्री बसपा के श्सर्वजन हितायश फॉर्मूले को फिर से जीवंत करती दिख रही है। खासतौर पर ब्राह्मण.दलित समीकरण को साधने की यह कोशिश सपा और बीजेपी दोनों के लिए चुनौती बन गई है।राजा पाठक ने बसपा में शामिल होते ही बहन मायावती के नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि श्बसपा सरकार में कानून.व्यवस्था मजबूत रहीए सड़कों और बुनियादी ढांचे का विकास हुआ और हर वर्ग को सम्मान मिला। यही वजह है कि जनता आज भी उस दौर को याद करती है।श्राजनीतिक जानकारों की मानें तो बीकापुर में यह नया समीकरण अगर जमीन पर बैठ गयाए तो 2027 में बसपा न सिर्फ मुकाबले को त्रिकोणीय बनाएगीए बल्कि सीधे.सीधे बाकी दलों की जीत की गणित भी बिगाड़ सकती है।बीकापुर की सियासत अब नए मोड़ पर है।

# पेट्रोल, डीजल की किल्लत, किसानों को नही मिल रहा डीजल

**बांदा।** जिले में पेट्रोल व डीजल का स्टॉक खत्म होने के कारण बांदा-बिसंडा, बांदा-इलाहाबाद नेशनल हाईवे व बांदा-फतेहपुर नेशनल हाईवे पर कई पंप बंद होने की कगार पर हैं। रसोई गैस की समस्या भी लोगों को परेशान कर रही है। कई लोग गैस एजेंसियों से वापस मायूस होकर लौट रहे हैं। उन्हे गैस आने का इंतजार करने की बात कही जा रही है। बांदा-फतेहपुर नेशनल हाईवे के तिंदवारी स्थित बाबा रामेश्वर फिलिंग स्टेशन में पेट्रोल व डीजल दोनो खत्म हो गया। फतेहपुर की सीमा से ही सटे जसईपुर का विवेक गौरव फिलिंग स्टेशन में डीजल समाप्त होने की सूचना चस्पा की गई। इसी हाईवे पर शहर का महादेव पेट्रोल पंप भी बंद है। नरैनी रोड व भूरागढ़ तथा चिल्ला रोड में भी पेट्रोल पंप ड्राई घोषित कर दिए गये हैं। झांसी, मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग में खुरहण्ड गांव से लेकर नई सड़क तक इंडियन ऑयल के तीन पेट्रोल पंप नायरा पेट्रोल पंप एवं एचपी पेट्रोल पंप हैं। खुरहण्ड स्थित नायरा पेट्रोल पंप में ग्राहकों को एक बार में एक लीटर पेट्रोल ही मिल रहा है। तेल की कमी को देखते हुए लिमिट की प्रक्रिया शनिवार से शुरू हुई है। दो पेट्रोल पंपों में तेल उपलब्ध है। कंपनी से भारी दबाव के बाद डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति आ रही है। इसी के चलते जिले में स्थिति अब असमान्य हो रही है। फसल कटाई के बाद ट्रैक्टर व मड़ाई के लिए थ्रेसर चलाने के लिए किसानों को डीजल की जरूरत बढ़ रही है लेकिन किसानों को किसी भी प्लास्टिक के बर्तन में पेट्रोल पंप तेल देने को तैयार नही है। ऐसी स्थिति में 25 से अधिक पेट्रोल पंपों में तेल नही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जरूरत के अनुसार ही डीजल व पेट्रोल लें, व्यवस्था को पैनिक न बनाएं। जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी कहते हैं कि लगातार मानिटरिंग की जा रही है कुछ पंप ड्राई हुए हैं, उन्हे स्टॉक दिलाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में लोगों को आसानी से तेल मिल रहा है।

## बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सुनीं प्रधानमंत्री के मन की बात



**महोबा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को उत्साहपूर्वक सुना गया। जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा एवं सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने जिला उपाध्यक्ष आकाशदीप सिंह के आवास पर मन की बात सुनी। वहीं जनपद के विभिन्न बूथों पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने निर्धारित स्थानों पर प्रधानमंत्री को सुना। नरेंद्र मोदी ने मन की बात के माध्यम से देशवासियों को संबोधित करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, युवाओं की ऊर्जा तथा महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने देशवासियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए प्रेरणादायक उदाहरण भी साझा किए। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सत्येन्द्र प्रताप ने दी।

# पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बने शैलेन्द्र मिश्र



**बांदा।** उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई का निर्वाचन शहर के कालूकुआं स्थित संगीत महाविद्यालय में हुआ। पर्यवेक्षक विजय कुमार पाण्डेय, जिलाध्यक्ष चित्रकूट, मंडल के उपाध्यक्ष प्रेमचंद

**● महामंत्री राजवीर, आलोक कोषाध्यक्ष**

शिवहरे के दिशा निर्देशन पर चुनाव हुआ। इस दौरान विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार तिवारी, मोहम्मद यूसुफ खान, संरक्षक सुरेश द्विवेदी, मण्डल अध्यक्ष, मांडलिक मंत्री आदित्य प्रकाश द्विवेदी एवं मंडलीय कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। शैलेंद्र कुमार मिश्र जिलाध्यक्ष दूसरी बार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविकरण सैनी, जिला महामंत्री के पद पर राजवीर सिंह, आलोक कुमार यादव जिला कोषाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित कार्यकारिणी को जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कल्लू सिंह राजपूत ने प्रमाण पत्र, माल्यार्पण करने के बाद शपथ दिलाई।

निर्वाचन के समय जनपद इकाई, ब्लॉक इकाई के सभी अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के अलावा बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# द्वितीय पुण्यतिथि पर याद किये गये वरिष्ठ पत्रकार पं. सुरेंद्र नारायण शर्मा

**ललितपुर।** प्रेस क्लब (पंजी.) के तत्वाधान में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले की अध्यक्षता में स्थानीय अमर शहीद पं. श्रीगणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब के पूर्व संरक्षक परम श्रद्धेय कीर्ति शेष वरिष्ठ

**● अन्नपूर्णा भोजनशाला में द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा संपन्न**




पत्रकार पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रेस क्लब संरक्षक मण्डल के सदस्यों के साथ प्रेस क्लब के पदाधिकारियों सहित उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों ने परम श्रद्धेय पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा के चित्र को नमन कर माल्यार्पण किया, एवं श्रद्धा सुमन के साथ अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रेस क्लब संरक्षक मण्डल के सदस्यों व प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकारों ने नम आंखों से उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणा पुरुष की संज्ञा दी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने कहा कि श्रद्धेय पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा जीवन पर्यन्त पत्रकारिता के मूल उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहे उनकी निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता से हमेशा गरीब, असहाय, वंचित लोगों को न्याय दिलाने में सहायक सिद्ध हुई, जनपद के उत्थान और विकास में उनके बहुमूल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, प्रेस क्लब संरक्षक के रूप में उन्होंने अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया, वह पत्रकारों की एकता और उनकी समस्याओं के प्रति सदैव संघर्षरत रहे, उनके श्रेष्ठ आदर्श और विचार युवा पीढ़ी के लिए आज भी प्रासंगिक हैं। तत्पश्चात जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में भी श्रद्धांजलि सभा के पश्चात, उनकी पुण्यतिथि पर गरीन एवं असहाय व्यक्तियों के लिए भोजन व्यवस्था सुनिश्चित रूप से कराई गई। आयोजित श्रद्धांजलि सभा का सफल संचालन प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी ने किया।

इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह (पाली), कार्यालय प्रभारी अजीत जैन (भारती), मंजीत सिंह सलूजा, सुनील शर्मा, बृजमोहन संज्ञा, सिद्धार्थ शर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा एड., पूर्व कोषाध्यक्ष रमेश रायकवार, दिनेश संज्ञा, डा. रविन्द्र मोहन संज्ञा के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# मासिक सैनिक सम्मेलन और अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह सहित जनपद के समस्त थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पुलिस बल के मनोबल को सुदृढ़ रखने, कार्यक्षमता बढ़ाने तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। माह मार्च के दौरान होली, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, रमजान एवं ईद जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्वों को जनपद में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल वातावरण में संपन्न कराए जाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की गई। आगामी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती एवं पंचायत चुनावों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में सघन निगरानी, निरंतर गश्त, खुफिया तंत्र की सक्रियता एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करने हेतु ठोस रणनीति अपनाने पर जोर दिया गया। साथ ही चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। अपराध समीक्षा गोष्ठी के दौरान जनपद में घटित विभिन्न आपराधिक घटनाओं का बिंदुवार एवं गहन विश्लेषण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर, प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।




## पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के आवासीय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)इकाई प्रथम द्वारा कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन स्वयंसेवकों द्वारा प्रार्थना सभा और झंडारोहण कर डाभासेमर गांव में पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। पाकड़, शमी जैसे वृक्षों का रोपण कर इसकी समुचित देखभाल करने की जिम्मेदारी ग्रामवासियों को सौंपी गई। प्राथमिक विद्यालय में भी वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. अनुज पटेल ने वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के विषय पर स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

# अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**फतेहपुर।** असोथर थाना पुलिस और विभागों का संयुक्त अभियान, 5 वाहनों का चालान, 6 लाख से अधिक राजस्व वसूली जिले में अवैध खनन पर लगाम कसने के लिए थाना असोथर पुलिस, खनन विभाग और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने प्रभावी कार्रवाई की। गिट्टी, मोरंग और बालू के अवैध खनन, भंडारण तथा परिवहन के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में कुल 5 वाहनों का चालान कर 6 लाख 2 हजार 880 रुपये का राजस्व वसूल किया गया।यह अभियान अवैध खनन माफिया पर नकेल कसने के उद्देश्य से चलाया गया था। टीम ने क्षेत्र में गहन जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को पकड़ा। चालानित वाहनों में ओवरलोडिंग, वैध दस्तावेजों की कमी और अनधिकृत परिवहन के मामले सामने आए। पुलिस ने बताया कि यह




कार्रवाई जिले में खनन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से जारी रहेगी।असोथर थाना प्रभारी ने कहा अवैध खनन से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, बल्कि सड़कों पर खतरा भी बढ़ता है। हमारी टीम आगे भी सतर्क रहेगी।ऋ इस सफल अभियान से प्रशासन ने न केवल राजस्व बढ़ाया, बल्कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को ऐसे संयुक्त अभियानों को तेज करने के निर्देश दिए हैं।

# भाजपाइयों ने सुनीं प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



जिला संवाददाता

**बांदा।** जिले भर में भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात तनमयता से सुनी। जल शक्ति राजमंत्री रामकेश निषाद ने तिंदवारी विधानसभा के पैलानी डेरा बूथ में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, ने बांदा विधान सभा के खुरहंड स्थित बूथ में व नरैनी विधायक ओममणी वर्मा ने पीएम मन की बात सुनी। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, कई पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने शहर के बलखंडीनाका स्थित बूथ 145 में मन की बात सुनी।

पीएम मोदी ने ज्ञान भारतम पहल और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जैसे अनेक प्रयासों का उल्लेख करते हुए देशवासियों को एकजुट, जागरूक और अफवाहों से दूर रहने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए। उन्होने अपने संबोधन में विश्व शांति और योग दिवस की तैयारियों के साथ ही टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम की ऐतिहासिक विजय का गौरवपूर्ण उल्लेख किया। इस दौरान अशोक त्रिपाठी जीतू, गिरजेश तिवारी, उत्तम सक्सेना, आनंदी साहू, अमित सेठ भोलू, दुर्गा चैरसिया, गोपाल अवस्थी, राजेश गुप्ता रज्जन, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, लखन राजपूत, संजीव निगम, सचिन अग्निहोत्रि, राजा चैहान व प्रभात राजपूत आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में लटकता मिला युवक का शव

**बांदा।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटकते मिलने पर हड़कंप मच गया। घटना बदौसा थाना क्षेत्र के हड़हामाफी गांव की है। मृतक की पहचान शिवविलास वर्मा उर्फ सोनू वर्मा पुत्र स्वर्गीय अवधेश वर्मा 21 के रूप में हुई है। घटना से परिवार में शोक का माहौल है। मृतक के भाई दादूराम वर्मा ने बताया कि शिवविलास एक सप्ताह पहले बंगलौर से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए घर आया था। उसे लाइसेंस बनवाने के लिए 5000 रुपये दिए थे। आधार कार्ड में मोबाइल नंबर न जुड़े होने के कारण कुछ दिक्कतें आ रही थीं। शनिवार रात को उसकी बात हुई थी। बीती रात शिवविलास चाचा के घर से मोबाइल चार्जर लेकर आया था। रविवार सुबह जब चाचा बच्चा का पुत्र लवकुश 13 चार्जर लेने पहुंचा, तो उसने दरवाजा अंदर से बंद पाया। खंडहर के रास्ते से देखने पर लवकुश ने शिवविलास को साड़ी के फंदे से लटका देखा, जिसके बाद उसने अपने पिता को सूचना दी। परिजनों ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि शव को साड़ी से ढका जाना कई सवाल खड़े करता है। यदि यह आत्महत्या थी, तो शव को साड़ी से ढकने की क्या आवश्यकता थी? इसी बात को लेकर परिवार हत्या का संदेह जता रहा है। मृतक शिवविलास के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए बांदा भेज दिया है। कहा कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

## चेकिंग अभियान में पकड़े गये 60 बेटिकट यात्री



**ललितपुर।** ललितपुर रेलवे स्टेशन पर बिना टिकट अनियमित यात्रा करने वालों के खिलाफ झांसी डिवीजन के अधिकारियों के निर्देशन में मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व मजिस्ट्रेट अरुण क्रांति और सहायक वाणिज्य प्रबंधक अनिल श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर सीटीआई मनोहर लाल मीणा भी पूरी टीम के साथ मौके पर तैनात रहे। चेकिंग के दौरान बिना टिकट और गलत तरीके से यात्रा कर रहे कुल 60 यात्रियों को पकड़ा गया। इन पर कुल 52,390 रुपये का जुमार्ना लगाया गया जिसमें से 35,850 रुपये कोर्ट फाइन और 16,540 रुपये रेल किराया के रूप में मौके पर ही वसूल किए गए। कुल 56 मामलों में यात्रियों ने तत्काल जुमार्ना भरकर अपनी रसीद कटवाई।इस सघन चेकिंग अभियान को सफल बनाने के लिए आरपीएफ और जीआरपी के जवान सुरक्षा में तैनात रहे। साथ ही लगभग 28 चेकिंग स्टाफ के सदस्यों ने स्टेशन पर मोर्चा संभाले रखा।

## 11 वारंटी किये गये गिरफ्तार



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव समस्त क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में, जनपद में वांछित, वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा 11 नफर वारण्टी अभियुक्तगणों को नियमानुसार गिरफ्तार कर सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिसमें थाना कोतवाली ललितपुर से तीन, थाना तालबेहट से 4 एवं थाना बार, जखौरा, सौजना से एक-एक वारंटी को बंदी बनाया गया।

संक्षेप

## टेक्नो स्पार्क 50 5जी लॉन्च

बंगलुरु। टेक्नो स्पार्क 50 5जी को भारतीय जीवन के अनिश्चित प्रवाह के लिए बनाया गया है जहाँ लंबे दिन, लगातार भाग-दौड़ और वास्तविक दुनिया की चुनौतियाँ सामान्य बात हैं। लंबे सफर से लेकर धूल, गिरने और अचानक होने वाली मॉनसून की बारिश तक - यह डिवाइस हर स्थिति में आपका साथ देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्टाइल, मजबूती और रोजमर्रा की मुश्किलों को झेलने की क्षमता का बेहतरीन मेल है, ताकि आपकी डिजिटल ज़िंदगी भी आपकी तरह ही बिना किसी रुकावट के चलती रहे। भारत जैसे तेजी से बदलते बाजार में, लोग सिर्फ़ स्पेसिफिकेशन्स की लिस्ट नहीं देख रहे हैं वे एक ऐसे साथी की तलाश में हैं जो वास्तव में उनके दिन भर के काम में उनका साथ दे सके। टेक्नो स्पार्क 50 5जी के साथ, हम तकनीकी शब्दों से आगे बढ़कर उन चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो असल दुनिया में वास्तव में मायने रखती हैं विश्वसनीयता, टिकाऊपन और ऐसा परफॉर्मेंस जो लंबे, चुनौतीपूर्ण दिनों और अनिश्चित परिस्थितियों में भी आपका साथ निभाए।

## सशक्त महिलाओं का जश्न मना रहा है निहार शांति आँवला

लखनऊ। मैरिको लिमिटेड ने निहार नेचुरल्स शांति बादाम आँवला के मजबूत फैसला कैंपेन को लखनऊ के फन मॉल में आज और कल होने वाले एक खास ऑन-ग्राउंड इवेंट के जरिए लोगों के सामने पेश किया है। निहार शांति आँवला, जो मजबूत बालों के लिए जाना जाता है, उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए इस कैंपेन के जरिए महिलाओं के फैसलों की ताकत को सामने ला रहा है। यह एक्टिवेशन ब्रांड को अपने उपभोक्ताओं से सीधे और सच्चे तरीके से जोड़ता है और महिलाओं को अपने फैसले गर्व और भरोसे के साथ साझा करने के लिए प्रेरित करता है। ब्रांड के मुख्य विचार ताकत, आत्मविश्वास और भरोसा को ध्यान में रखते हुए यह पहल महिलाओं को आगे आकर अपने फैसले खुलकर बताने के लिए प्रोत्साहित करती है। इससे यह जगह महिलाओं की पहचान, उनकी सोच और उनकी पसंद को दिखाने का एक शानदार मंच बन गई है। मजबूत फैसला वॉल उन महिलाओं के सपनों, हिम्मत और मेहनत को दिखाती है, जो अपने भरोसे और हौसले के दम पर अपना भविष्य खुद तय कर रही हैं। चाहे पढ़ाई और करियर में आगे बढ़ने का फैसला हो, परिवार और समाज को आगे बढ़ाने की ज़िम्मेदारी हो, या फिर अपने दम पर आगे बढ़ते हुए खुद को बेहतर बनाने का रास्ता चुनना हो—यह वॉल अब असली कहानियों से भरती जा रही है।

## दिल्ली-एनसीआर के आवास बिक्री में 17 प्रतिशत की गिरावट

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण नकारात्मक धारणा के चलते जनवरी-मार्च की अवधि में दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री तिमाही आधार पर 17 प्रतिशत घटकर लगभग 16,000 इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी एनारॉक ने यह जानकारी दी। हालांकि, सालाना आधार पर मांग में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका कारण पिछले साल का निचला आधार प्रभाव है। दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-मार्च की मौजूदा अवधि के दौरान घरों की बिक्री 15,985 इकाई रही, जो इससे पिछली तिमाही के 19,250 इकाई की तुलना में 17 प्रतिशत कम है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री पिछले वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 11,120 इकाई की तुलना में 44 प्रतिशत बढ़ी है। भारत के आवास क्षेत्र के दीर्घकालिक बुनियादी सिद्धांत मजबूत बने हुए हैं, लेकिन ईरान युद्ध के अल्पकालिक प्रभाव पहली तिमाही में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए।

## एनसीएलटी के आदेश के खिलाफ बीएसई की अपील खारिज

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने बीएसई की उस अपील को खारिज कर दिया है जिसमें एक्सचेंज ने दिवाला समाधान और परिसमापन की प्रक्रिया के तहत आई कंपनियों के डीमैट खातों पर रोक हटाने के एनसीएलटी के अधिकार को चुनौती दी है। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के पास दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा 60 (5) के तहत दिवाला प्रक्रिया के तहत डीमैट खातों से रोक (फ्रीज) हटाने के आवेदन पर विचार करने का अधिकार है।

# कंपनियों की पूंजी 1.75 लाख करोड़ घटी



नयी दिल्ली। कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1.75 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 949.74 अंक या 1.27 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 294.9 अंक या 1.27 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 89,720.3 करोड़ रुपये घटकर 18,24,515.62 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 37,248.59 करोड़ रुपये घटकर 11,64,018.69 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में 35,399.42 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 9,41,569.15 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 8,121.76 करोड़ रुपये घटकर 8,83,551.30 करोड़ रुपये रह गया और भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 2,480.42 करोड़ रुपये घटकर 10,50,413.33 करोड़ रुपये पर आ गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 2,091.13 करोड़ रुपये घटकर 4,87,540.19 करोड़ रुपये रहा, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 271.35 करोड़ रुपये घटकर 8,64,668.65 करोड़ रुपये पर आ गया। स रुख के उलट लार्सन एंड टुब्रो का बाजार मूल्यांकन 18,051.68 करोड़ रुपये बढ़कर 4,90,536.19 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस का बाजार हैसियत 8,680.36 करोड़ रुपये बढ़कर 5,25,395.48 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 6,245.3 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,15,034.67 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# ईंधन, एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने अपने प्रयास तेज किये



नयी दिल्ली। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच सरकार ने देश में ईंधन और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम तेज कर दिए हैं। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर ज्यादा खरीदारी से बचने की अपील की है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश में रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पूरे देश में पर्याप्त है और पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

मंत्रालय ने बताया कि कुछ राज्यों में अफवाहों के कारण लोगों ने घबराकर ज्यादा खरीदारी की, जिससे कुछ पेट्रोल पंप पर भीड़ और बिक्री में अचानक बढ़ोतरी देखी गई। हालांकि, देश के सभी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। साथ ही डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क भी लगाया गया है। गैस क्षेत्र में घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) और सीएनजी के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जबकि उद्योगों को उनकी सामान्य जरूरत का करीब 80 प्रतिशत गैस मिल रही है। उर्वरक कारखानों को 70-75 प्रतिशत गैस दी जा रही है और अतिरिक्त एलएनजी की व्यवस्था भी की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि शहरों में गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार तेज किया जा रहा है और एलपीजी की जगह पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मार्च में 2.9 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन जोड़े गए हैं।

# पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचा तो राहत पैकेज पर विचार कर सकती है सरकार

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की स्थिति में सरकार अर्थव्यवस्था के कमजोर वर्गों, खासकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए और राहत पैकेज ला सकती है।

सूत्रों के अनुसार, सरकार पहले ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे कई कदम उठा चुकी है और जरूरत पड़ने पर आगे भी राहत उपाय करने से पीछे नहीं हटेगी। सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल को इस कर से मुक्त कर दिया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर आम लोगों पर कम पड़े। साथ ही, देश में उपलब्धता बढ़ाने के लिए डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर फिर से शुल्क लगाया गया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्वाई के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इस महीने की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। इससे पहले सरकार ने निर्यातकों को उनकी निर्यात प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए कुछ रियायतें दी थीं।

# भारत के दो और एलपीजी जहाज होर्मुज से सुरक्षित निकले



नयी दिल्ली। दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर युद्ध-प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल चुके हैं और अगले कुछ दिन में इनके भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है। इन जहाज पर देश के लगभग एक दिन के इस्तेमाल का रसोई गैस का भंडार है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, दो एलपीजी जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, जो लगभग 94,000 टन का एलपीजी कार्गो ले जा रहे हैं, सुरक्षित रूप से इस क्षेत्र से गुजर चुके हैं और भारतीय तटों की ओर बढ़ रहे हैं।

जहां बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर जा है और इसके एक अप्रैल को आने की उम्मीद है। अमेरिका और इजराइल के हमलों और ईरान की व्यापक प्रतिक्रिया के कारण जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। यह संकीर्ण समुद्री मार्ग खाड़ी देशों से दुनिया में तेल और गैस के निर्यात का रास्ता है। हालांकि, ईरान ने पिछले सप्ताह कहा था कि जो देश शत्रु नहीं हैं उनके जहाज ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय के बाद इस मार्ग से निकल सकते हैं। इससे पहले चार भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर सुरक्षित रूप से इस मार्ग से निकल चुके हैं। पाइन गैस और जग वसंत, जो 92,612 टन एलपीजी ला रहे थे, 26 मार्च और 28 मार्च के बीच भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचे। इससे पहले, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी, जो लगभग 92,712 टन एलपीजी ले जा रहे थे। एक ऐसा देश के लिए जो अपनी रसोई गैस की जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत खाड़ी देशों से आयात से पूरा करता है, उसके लिए इन जहाजों का आना एलपीजी संकट को कम करने में मदद करेगा। भारत ने पिछले साल 3.31 करोड़ टन एलपीजी का उपभोग किया, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत मांग आयात से पूरी की गई। इसमें से 90 प्रतिशत आयात पश्चिम एशिया से आया था। जलडमरूमध्य के बंद होने के बाद भारत अमेरिका और अर्जेंटीना जैसे देशों से एलपीजी प्राप्त कर रहा है। पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में कुल 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज हैं जिनपर 485 भारतीय नाविक सवार हैं।

# पश्चिम एशिया संघर्ष तय करेंगे स्थानीय शेयर बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा रुपये-डॉलर का रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में धारणा को प्रभावित करेंगी। शेयर बाजार मंगलवार को महावीर जयंती और शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह वैश्विक वृहद घटनाक्रम खासकर कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्षविराम को लेकर बातचीत की प्रगति से बाजार की दिशा प्रभावित होगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बढ़ाने के लिए रुपये की स्थिरता जरूरी है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर, फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और मार्च का एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई महत्वपूर्ण रहेगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कमजोर होते रुपये के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया। वहीं ईरान ने इसके जवाब में अमेरिका के सहयोगी देशों और तेल अवीव पर हमले किए। आगे देखें तो, बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और भूराजनीतिक घटनाक्रम इसकी प्रमुख वजह हैं। निवेशकों की निगाह पश्चिम एशिया की स्थिति पर रहेगी। संघर्ष बढ़ने या घटने का धारणा पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख निकट भविष्य में धारणा तय करेंगे। बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 949.74 अंक या 1.27 प्रतिशत नीचे आया। वहीं एनएसई निफ्टी 294.9 अंक या 1.27 प्रतिशत के नुकसान में रहा। आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक वैश्विक रुख से तय होने की उम्मीद है। कच्चा तेल, मुद्रा का उतार-चढ़ाव और भूराजनीतिक घटनाक्रम बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।

# पश्चिम एशिया संकट पर सरकार की प्रतिक्रिया संतुलित और भरोसेमंद

नयी दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट से पैदा हुई समस्याओं पर सरकार की तेज, समन्वित और संतुलित प्रतिक्रिया की सराहना की।

साथ ही, उद्योग मंडल ने भारत के उद्योग जगत के लिए 12-सूत्रीय योजना भी पेश की, ताकि सरकार के प्रयासों को और मजबूत किया जा सके। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि हालांकि नीतिगत प्रतिक्रिया ने तात्कालिक जोखिमों को कम कर दिया है, लेकिन बदलती स्थिति के लिए सरकार और उद्योग के बीच निरंतर समन्वय की आवश्यकता है। बनर्जी ने कहा, नीतिगत दृष्टिकोण ने उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने और व्यवहार्य उद्यमों का समर्थन करने पर सही ढंग से ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा, अगले चरण में उद्योग को व्यावहारिक और जिम्मेदार कार्यों के साथ इस नींव पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। बनर्जी ने जोर देकर कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया समय पर, संतुलित और भरोसेमंद रही है। यह सरकार के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुचारू रखना, निर्यातकों का समर्थन करना, परिवारों की सुरक्षा करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखना है। उद्योग जगत सरकार की इस पहल के उद्देश्य और क्रियान्वयन दोनों की सराहना करता है। उन्होंने कहा, इन उपायों ने मुद्रास्फीति के दबाव को नियंत्रित करने, औद्योगिक गतिविधियों को बनाए रखने और वैश्विक अनिश्चितता के समय में भरोसे को कायम रखने में मदद की है, साथ ही साथ विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका को भी समर्थन दिया है। वर्तमान स्थिति एक आपूर्ति संबंधी बाधा है, जो ऊर्जा की कीमतों, लॉजिस्टिक और कामकाजी पूंजी पर दबाव डाल रही है। उद्योग मंडल ने कुछ कदम सुझाए हैं, जिन्हें वर्तमान परिस्थितियों में उद्योग अपनाने पर विचार कर सकता है। उद्योग मंडल ने सुझाव दिया कि उद्योग सरकार के साथ मिलकर महत्वपूर्ण कच्चे माल, ईंधन और बीच के उत्पादों के लिए रणनीतिक भंडार और सुरक्षा तंत्र तैयार कर सकता है।

पेज एक का शेष

### ट्रम्प के

मार्च यानी कल हुआ। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लॉस एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लॉस एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। ग्रीस की राजधानी एथेंस में अमेरिकी दूतावास के बाहर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यह अमेरिका में चल रहे नो किंग्स आंदोलन के समर्थन में था। ग्रीस की राजधानी एथेंस में अमेरिकी दूतावास के बाहर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यह अमेरिका में चल रहे नो किंग्स आंदोलन के समर्थन में था। इटली की राजधानी रोम में नो किंग्स विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कई बड़े नेताओं के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मिलोनी और डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किए। इटली की राजधानी रोम में नो किंग्स विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कई बड़े नेताओं के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया।

### ईरानी

अब तक भारी तबाही हो चुकी है। पश्चिम एशिया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पिछले एक महीने से जारी भीषण जंग के बीच ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाया है। ईरान ने दावा किया है कि इस हमले में अमेरिका के कई विमान तबाह हुए हैं। ईरानी मीडिया के मुताबिक, इस हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। सबसे हैरत की बात यह है कि इस हमले में वहां तैनात अमेरिका का सबसे आधुनिक कमांड एंड कंट्रोल विमान 'ए-3 अवाक्स' मलबे के ढेर में तब्दील हो गया है।

### पश्चिम एशिया

रविवार को ईरान ने क्षेत्र में स्थित इजराइली और अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी दी। ऐसा पहली बार है जब ईरान ने शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाने की खुले तौर पर धमकी दी है। सरकारी मीडिया ने खबर में बताया कि अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने एक बयान में चेतावनी दी कि यदि ईरानी विश्वविद्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो क्षेत्र में मौजूद इजराइली विश्वविद्यालयों और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के परिसर को सीधे तौर पर निशाना बनाया जाएगा। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा, यदि अमेरिका सरकार चाहती है कि क्षेत्र में उसके विश्वविद्यालय सुरक्षित रहें, तो वह सोमवार 30 मार्च दोपहर 12 बजे तक आधिकारिक बयान जारी कर (ईरानी) विश्वविद्यालयों पर हो रहे हमलों की निंदा करे। इसके साथ ही इसने अमेरिका से यह भी मांग की कि वह इजराइल को ईरानी विश्वविद्यालयों और शोध केंद्रों पर हमले करने से रोके, जिन पर हाल के दिनों में लगातार हमले हुए हैं। यह संघर्ष वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए गंभीर खतरा बन गया है। इसके कारण उर्वरकों का संकट पैदा हो गया है और हवाई यात्रा भी प्रभावित हुई है। रणनीतिक महत्व वाले होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान के नियंत्रण ने बाजारों को हिला दिया है। अमेरिका और इजराइल लगातार ईरान पर हमले कर रहे हैं, जबकि जवाबी कार्वाई में ईरान इज़राइल और खाड़ी के पड़ोसी अरब देशों को निशाना बना रहा है। इस संघर्ष में अब तक 3,000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। तेहरान में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार देर रात शहर में भीषण हवाई हमले हुए।

### 665 नर्सिंग

जो भर्ती प्रक्रिया में सेंध लगाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे लोगों को हम पहले ही खींच कर बाहर निकाल लाते हैं और उनका कैसे इलाज किया जाता है, यह किसी से छिपा नहीं है। इसी का परिणाम है कि प्रत्येक सेक्टर में यूपी ने विकास किया है। यूपी के नौजवानों के सामने जो पहचान का संकट था, उस पहचान के संकट से वह मुक्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। इसे प्रदेश सरकार ने बनाया, जिस प्रदेश की आबादी सबसे बड़ी है, हम कार्य भी सबसे बड़ा करेंगे। इसे हम लोगों ने जेवर में करके दिखाया है। इससे 1 लाख नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी। वर्ष 2017 के पहले यह क्षेत्र प्रदेश के साथ देश के क्राइम कैपिटल के रूप में जाना जाता था। शाम को 5 बजे के बाद गतिविधियां शून्य हो जाती थीं। प्रातः 10 बजे के पहले तक कर्फ्यू जैसा माहौल रहता था। आज यह डबल इंजन सरकार की स्पीड और दृढ़ इच्छाशक्ति है कि केवल प्रदेश नहीं बल्कि देश और दुनिया का इन्वेस्टमेंट का बेस्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभर कर सामने आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश और दुनिया का हर बड़ा संस्थान ग्रेटर नोएडा आना चाहता है। आज वहां मेडिकल डिवाइस पार्क, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटीज, टॉय पार्क और अपैरल पार्क बन रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में सेमीकंडक्टर की सबसे बड़ी यूनिट का शिलान्यास किया। इस युग में सेमीकंडक्टर के बगैर पूरी दुनिया एकदम लाचार है, जैसे एक समय तेल के बगैर दुनिया लाचार हो जाती थी, ऐसे ही सेमीकंडक्टर के बगैर दुनिया लाचार हो जाती है, वह अब यूपी के अंदर बनेगा। इसे वर्ष 2017 के पहले सोचा नहीं जा सकता था क्योंकि उस दौरान इच्छाशक्ति और नीयत साफ नहीं थी। वे लोग पहले भी कुछ नहीं करना चाहते थे, आज भी करने की इच्छाशक्ति नहीं है, जो कार्य हो रहा है उस कार्य को डिस्टर्ब कर रहे हैं। इतना ही नहीं, दुष्प्रचार और अफवाह फैला करके माहौल को खराब करने का काम कर रहे हैं। दुनिया संकट में है और उथल-पुथल चल रही है। तमाम देशों में इमरजेंसी लागू हो गई है। लोगों में वहां संशय का माहौल बना हुआ है। गल्फ वार के नाते अस्थिरता का माहौल है। तमाम देशों ने अपने यहां लोगों की सर्विस को कम करना प्रारंभ कर दिया है। कार्य के घंटे और वेतन को कम करना प्रारंभ कर दिया है, क्योंकि अब उनकी इकॉनामी जवाब दे रही है। अमेरिका जैसा देश, जिसकी खाड़ी के देशों पर निर्भरता कम है, वहां पर भी पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छू रहे हैं।

### हम केरल

दूतावास भी दिन-रात काम कर रहे हैं। भाजपा-राजग सरकार के लिए भारतीयों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। कांग्रेस पर निशाना बनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आपको यह भी याद रखना चाहिए कि कांग्रेस इस संवेदनशील मुद्दे पर किस तरह के बयान दे रही है - वे खतरनाक हैं। कांग्रेस खाड़ी देशों में रहने वाले लगभग एक करोड़ भारतीयों की जान खतरे में डालना चाहती है, ताकि वह इससे राजनीतिक फायदा उठा सके।

### उत्तर कोरिया ने

जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और सबसे बड़े दुश्मन दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे। किम ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। केसीएनए के अनुसार, किम ने मिश्रित कार्बन फाइबर सामग्री से बनाए गए नए उन्नत इंजन का ग्राउंड जेट परीक्षण (इंजन का जमीन पर किया गया परीक्षण) देखा। एजेंसी ने बताया कि इंजन का अधिकतम थ्रस्ट 2,500 किलोटन है, जो सितंबर में इसी तरह के ठोस ईंधन चालित इंजन के एक परीक्षण में बताये गये लगभग।,971 किलोटन से अधिक है।

### उत्तराखंड में

एपिसोड को भी कार्यकताओं के साथ सुना। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और सेवा भावना को बढ़ावा देता है, जो कार्यकताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सीएम धामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सत्ता की राजनीति नहीं करती, बल्कि राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के उद्देश्य से कार्य करती है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे पार्टी की विचारधारा और अनुशासन को आत्मसात करते हुए सरकार की योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रशिक्षण सत्र में दीनदयाल उपाध्याय के ह्यएकात्म मानववादह्न पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में कार्यकताओं का योगदान निर्णायक रहेगा।

### नेशनल हाईवे

राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का सालाना फास्टैग आज से 75 रुपये महंगा हो जाएगा। अब यह फास्टैग 3,000 रुपये के बजाय 3,075 रुपये में मिलेगा। टोल संशोधन फामूर्ले के तहत एनएचएआई ने कीमत में यह बढ़ोतरी की है। यह फास्टैग निजी कार, जीप और वैन चालकों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर हर वर्ष 200 बार टोल प्लाजा पर बिना रुके गुजरने की अनुमति देता है। एक अप्रैल 2026 से कई बड़े बैंकों ने एटीएम और कैश निकासी से जुड़े नियमों में संशोधन किया है। एचडीएफसी बैंक ने मेट्रो शहरों में मुफ्त ट्रांजेक्शन की सीमा तीन और गैर-मेट्रो शहरों में पांच तय कर दी है।

पंजाब नेशनल बैंक ने कुछ डेबिट काड्र्स पर रोजाना कैश निकालने की सीमा घटाकर एक लाख रुपये से घटाकर 50 हजार रुपये कर दी है। बंधन बैंक ने भी महीने में केवल पांच फ्री वित्तीय ट्रांजेक्शन की सुविधा तय की है। मुफ्त की सीमा के बाद लेनदेन पर ग्राहकों को अतिरिक्त शुल्क देना होगा। एक अप्रैल से रेल टिकट कैंसिल कराने संबंधी नए नियम लागू हो जाएगा। अब अगर कोई यात्री अपनी कंफर्म टिकट ट्रेन प्रस्थान करने से आठ घंटे पहले तक टिकट रद कराएगा तो उसे कोई रिफंड नहीं मिलेगा। अभी तक यह सीमा चार घंटे है। रेलवे ने आरक्षण चार्ट तैयार करने के समय को भी चार घंटे से बढ़ाकर अब आठ घंटे पहले कर दिया है। अगर कोई यात्री ट्रेन छूटने से 72 घंटे पहले टिकट कैंसिल करता है तो उसे लगभग पूरा पैसा वापस मिलेगा। केवल एक छोटा-सा तय शुल्क काटा जाएगा। ट्रेन प्रस्थान करने से 8-24 घंटे पहले टिकट कैंसिल कराने पर 50 प्रतिशत रिफंड मिलेगा।

### पीएम के

डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने प्रधानमंत्री के प्रस्तुत विभिन्न प्रेरक उदाहरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि आपका यह प्रेरक, ओजस्वी एवं मार्गदर्शी संवाद देश के प्रत्येक नागरिक के मन में विश्वास, स्थिरता एवं जिम्मेदारी की भावना को और अधिक सुदृढ़ करता है। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं समन्वित रूप से संचालित की जा रही हैं। इन पहलों का उद्देश्य प्रदेश को आत्मनिर्भर, ऊर्जा सक्षम एवं सतत विकास की दिशा में अग्रसर करना है। उन्होंने यह भी कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से संचालित ये अभियान न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और सहभागिता की नई संस्कृति विकसित कर रहे हैं।

### चार प्रमुख

प्रबंधक निदेशक यूपी एग्रो का अतिरिक्त प्रभार, प्रतीक्षारत आईएएस हिमांशु कौशिक को प्रबंधक निदेशक यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन, प्रतीक्षारत सौम्या गुरुरानी को नगर आयुक्त नगर निगम शाहजहांपुर, शाहजहांपुर नगर आयुक्त रहे डॉ. विपिन कुमार मिश्र को अपर प्रबंध निदेशक, राज्य सड़क परिवहन निगम बनाया है।




# कोलकाता ने मुंबई को दिया 221 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : रहाणे ने 67, रघुवंशी ने 51 रन बनाए; शार्दूल ठाकुर ने 3 विकेट लिये

एजेंसी



मुंबई। आईपीएल के दूसरे मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 221 रन का टारगेट दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने बॉलिंग चुनी। कोलकाता ने 4 विकेट खोकर 220 रन बनाए। टीम से कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 67 और अंगकृष रघुवंशी ने 51 रन बनाए। मुंबई से शार्दूल ठाकुर ने 3 विकेट लिए। 19वें ओवर में कोलकाता ने 200 रन पूरे कर लिए। इसी ओवर में अंगकृष रघुवंशी ने अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। रघुवंशी अगली ही गेंद पर आउट भी हो गए। उन्होंने 29 गेंद पर 51 रन बनाए। 14 ओवर में कोलकाता ने अपने 150 रन पूरे कर लिए। अगले ही ओवर में टीम ने अल्लाह गजनफर के खिलाफ 17 रन भी बटोर लिए। 14वें ओवर में कोलकाता ने तीसरा विकेट गंवाया। शार्दूल ठाकुर ने ओवर की तीसरी बॉल ऑफ स्टंप के बाहर यॉर्कर फेंकी। अजिंक्य रहाणे शॉट खेलने गए, लेकिन कवर्स पोजिशन पर हार्दिक पंड्या के हाथों कैच हो गए। रहाणे ने 40 गेंद पर 67 रन बनाए।

उनकी पारी में 3 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 27 गेंद पर फिफ्टी पूरी कर ली। रहाणे ने 10वें ओवर में ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ थर्ड मैन की दिशा में 2 रन लिए और अपनी हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी प्लेयर कैमरन ग्रीन महज 18 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें शार्दूल ठाकुर ने 9वें ओवर में शेरफन रदरफोर्ड के हाथों कैच कराया। ग्रीन पिछले मिनी ऑक्शन में 25.20 करोड़ रुपए में बिके थे। कोलकाता ने 8वें ओवर में सेंचुरी पूरी कर ली। अजिंक्य रहाणे ने अल्लाह गजनफर के खिलाफ पांचवीं गेंद पर सिंगल लिया और टीम के 100 रन पूरे करा दिए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी कोलकाता की शुरूआत तेज रही। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवरों में 1 विकेट खोकर 78 रन बना लिए। फिन एलन और अजिंक्य रहाणे ने 69 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। एलन 37 रन बनाकर शार्दूल ठाकुर का शिकार हुए। पावरप्ले के आखिरी ओवर में शार्दूल ठाकुर पहली बार गेंदबाजी करने आए। उन्होंने दूसरी ही गेंद पर फिन एलन को कैच करा दिया। एलन 37 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। एलन ने अजिंक्य रहाणे के साथ 69 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। कोलकाता नाइट राइडर्स ने चौथे ओवर में ही अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। अजिंक्य रहाणे और फिन एलन ने मिलकर हार्दिक पंड्या के ओवर में 26 रन बटोरे और टीम की हाफ सेंचुरी पूरी करा दी।

आईपीएल डेब्यू कर रहे अफगानिस्तान के अल्लाह गजनफर तीसरे ओवर में बॉलिंग करने आए। उनके खिलाफ फिन एलन ने 2 छक्के लगाए और ओवर से 17 रन बटोर लिए। मुंबई इंडियंस के लिए ट्रेंट बोल्ट पहला ओवर फेंकने आए। उन्होंने पहली ही गेंद वाइड फेंक दी, फिर 2 गेंदें डॉट कराने के बाद एक और वाइड दे दी। रहाणे ने तीसरी गेंद पर मिड विकेट की दिशा में छक्का लगा दिया। पहले ओवर से 10 रन बने। मुंबई पहले गेंदबाजी करने वाली है, लेकिन चौंकाने वाला फैसला यह है कि भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव फील्ड पर नहीं रहेंगे। उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर्स में रखा गया, वे बैटिंग के दौरान नजर आ सकते हैं। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। उन्होंने कहा कि जसप्रीत बुमराह मुकाबला खेलने वाले हैं। दूसरी ओर कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी कहा कि वे टॉस जीतते तो बॉलिंग ही चुनते। मुंबई आईपीएल का 19वां सीजन खेल रही है, टीम को पिछले 13 साल से लगातार ओपनिंग मुकाबले में हार मिली है। टक ने आखिरी बार 2012 में चेन्नई को हराया था, तब से टीम अपना पहला मैच नहीं जीत सकी। मुंबई इंडियंस का कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रिकॉर्ड काफी मजबूत है।

दोनों टीमों के बीच खेले गए 35 मुकाबलों में टक ने 24 मैच जीते हैं, जबकि ङङफ को 11 जीत मिली। वानखेड़े में दोनों टीमें 12 बार आमने-सामने हुईं। 10 मुकाबले होम टीम मुंबई ने जीते। वहीं, कोलकाता को सिर्फ 2 में जीत मिली। मुंबई इंडियंस इस बार खिताब की मजबूत दावेदार मानी जा रही है। टीम में टी-20 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय खिलाड़ियों कप्तान सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह के साथ रोहित शर्मा भी शामिल हैं, जिससे बल्लेबाजी और नेतृत्व दोनों मजबूत नजर आते हैं। विदेशी खिलाड़ियों में रायन रिकेल्टन, शेरफन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर, विल जैक्स, अल्लाह गजनफर और ट्रेंट बोल्ट जैसे नाम टीम को और बैलेंस्ड बना रहे हैं।

### गेंदबाजी खराब रही, हमने देवदत्त, कोहली को रन बनाने के मौके दिये : सनराइजर्स कोच विटोरी

बेंगलुरू। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अपनी टीम की गेंदबाजी को खराब बातते हुए कहा कि गेंदबाजों ने आईपीएल के पहले मैच में विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिये। सनराइजर्स ने सत्र के पहले मैच में नौ विकेट पर 201 रन बनाये लेकिन आरसीबी ने लक्ष्य 15.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। विटोरी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा आपको गेंदबाजी से अच्छी शुरूआत की जरूरत थी जो फिल साल्ट का विकेट लेकर की भी , लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। हमने अनुशासित गेंदबाजी नहीं की।

विराट और पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिये जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सनराइजर्स ने देखा कि आरसीबी के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने कैसे गेंदबाजी की लेकिन उनके गेंदबाज रणनीति पर अमल नहीं कर पाये।

# चेन्नई सुपर किंग्स व रॉयल्स के मुकाबले में अपनी पूर्व टीमों के मुकाबिल सैमसन, जडेजा



गुवाहाटी। पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आयेंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिये खेलने जा रहे हैं। पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं।

उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिये खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे। सैमसन ने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों में 50 से अधिक रन बनाकर भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरूआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पायेंगे।

धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं आये हैं और उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन तथा गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी। धोनी की गैर मौजूदगी में 20 साल के बायें हाथ के स्पिनर हरफनमौला प्रशांत वीर को मौका मिल सकता है जिन्होंने घरेलू टी20 मैचों में प्रभावित किया। उनके अलावा 14 .2 करोड़ रूपये में खरीदे गए कार्तिक शर्मा भी फोकस में होंगे जो घरेलू सर्किट में छक्के लगाने के अपने हुनर के लिये जाने जाते हैं। चेन्नई की बल्लेबाजी मजबूत लग रही है चूंकि डेवाल्ड ब्रेविस अब परिपक्व हो चले हैं जबकि शिवम दुबे मध्यक्रम के भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए हैं। युवा आयुष म्हात्रे भी तेजी से निखरते जा रहे हैं। गेंदबाजी में नूर अहमद, अकील हुसैन, मैट हेनरी और खलील अहमद जिम्मेदारी संभालेंगे।

रॉयल्स के लिये सैमसन का जाना एक युग का अंक है और रियान पराग की कप्तानी में एक नये दौर की शुरूआत है जो अपने घरेलू मैदान से कप्तानी की शुरूआत करेंगे। जडेजा के आने से टीम का अनुभव और संतुलन बढा है। उनकी बल्लेबाजी का दारोमदार यशस्वी जायसवाल पर रहेगा। उनके साथ युवा वैभव सूर्यवंशी और फॉर्म में चल रहे शिमरोन हेटमायेर हैं। रॉयल्स के लिये चिंता का सबब उसकी गेंदबाजी है। पिछले सत्र के बाद टीम में कई बदलाव हुए हैं लेकिन जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में तेज गेंदबाजों को निरंतरता पर काम करना होगा। स्पिन का जिम्मा जडेजा और रवि बिश्नोई संभालेंगे। पिछले सत्र में चेन्नई आखिरी स्थान पर और रॉयल्स नौवें स्थान पर रही थी।

टीमें :

राजस्थान रॉयल्स : रियान पराग (कप्तान ), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

चेन्नई सुपर किंग्स : रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे , आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।

## संक्षेप

### विश्व वुशू चैंपियनशिप में चमके भारतीय

तियानजिन (चीन)। भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को यहां 10वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते जबकि चार अन्य भी अलग-अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गए। भारत की अनु लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की झांग लिनिंग के सामने थीं लेकिन वह कड़े मुकाबले में हार गईं जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। वहीं लड़कों के सेमीफाइनल में गौतम मनकास अपने प्रतिद्वंद्वी से हार गए, जिससे उन्हें भी कांस्य पदक मिला। इसके अलावा चार भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। उपेंद्रो थौगम ने मिस्र के अहमद मोहम्मद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पामा हेइबा सिंह ने सेनेगल के अलीमौ सी को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। युवराज फिलीपींस के जिविएल बंताली को हराकर फाइनल में पहुंचे जबकि विक्टर ने मिस्र के सईद करीम मोहम्मद को हराकर खिताबी मुकाबले की ओर कदम बढ़ाया।

### पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं मैरी कॉम


नयी दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और छह बार की विश्व चैम्पियन भारतीय मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम ने रविवार को कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिये अब उनकी उम्र निकल चुकी है। उन्होंने संडे आन साइकिल्स कार्यक्रम से इतर कहा , छह विश्व चैम्पियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिये अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है। उन्होंने कहा , अभी इस बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत करके वापसी की कोशिश में हूं ताकि लोगों को बता सकूं कि मैं क्या कर सकती हूं। उन्होंने कहा, मैं निजी तौर पर अपनी अकादमी से भी जुड़ी हूं। मैं मणिपुर आती जाती रहती हूं। कई बार मणिपुर के मौजूदा हालात के कारण मुश्किल हो जाती है लेकिन मैं जब नहीं जा पाती हूं तो भी फोन कॉल से अकादमी का कामकाज देखती हूं।

# एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने वाणिज्यिक अधिकारों के लिए प्राप्त बोलियों का किया मूल्यांकन

एजेंसी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने रविवार को यहां प्रमुख प्रतियोगिताओं के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए प्राप्त बोलियों का मूल्यांकन सहित प्रशासनिक और शासन से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) और फेडरेशन कप के लिए फैनकोड और जीनियस स्पोर्ट्स जबकि भारतीय महिला लीग और आईडब्ल्यूएल-2 के लिए कैप्री स्पोर्ट्स से प्राप्त तीनों बोलियां कार्यकारी समिति के समक्ष रखी गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जीनियस स्पोर्ट्स ने 20 वर्षीय चक्र के लिए पांच प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 2,129 करोड़ रुपये की बोली लगाई है। वहीं, ड्रीम स्पोर्ट्स समूह का हिस्सा फैनकोड ने इसी अवधि के लिए।,190 करोड़ रुपये (या सालाना लगभग 36 करोड़ रुपये) की अपेक्षाकृत कम बोली प्रस्तुत की। महिला फुटबॉल के लिए कैप्री स्पोर्ट्स एकमात्र बोलीदाता रहा, जिसकी बोली 20 वर्षों के चक्र के लिए 150 से 160 करोड़ रुपये के बीच रही। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, ̎विस्तृत विचार-विमर्श के बाद कार्यकारी समिति ने निर्णय लिया कि केपीएमजी बोलियों की व्यवहार्यता, वित्तीय संरचना और प्रमुख तकनीकी पहलुओं का मूल्यांकन करने के लिए विस्तृत तुलनात्मक ब्योरा तैयार करेगा। प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित प्रतियोगिताओं से जुड़े क्लब भी




बोलीदाताओं के साथ सीधे संवाद करेंगे, ताकि वाणिज्यिक और संचालन संबंधी पहलुओं पर प्रश्नों का समाधान किया जा सके और अतिरिक्त जानकारी प्राप्त की जा सके। तुलनात्मक विश्लेषण तैयार होने के बाद बोलीदाताओं से निर्धारित समयसीमा के भीतर विस्तृत टर्म शीट प्रस्तुत करने को कहा जाएगा। इसके बाद इस मामले को महासंघ के संविधान के प्रावधानों के अनुरूप अंतिम निर्णय के लिए एआईएफएफ की आम सभा के समक्ष रखा जाएगा। कार्यकारी समिति ने भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की।

### फिट्जपैट्रिक ने हीरो इंडियन ओपन खिताब जीता

गुरुग्राम। एलेक्स फिट्जपैट्रिक ने रविवार को यहां वापसी करते हुए चार शॉट की बढ़त से हीरो इंडियन ओपन खिताब अपने नाम किया जो उनका पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब है। उन्होंने जब आखिरी दिन की शुरुआत की तो वह बीती रात शीर्ष पर चल रहे और गत चैंपियन यूजेनियो चाकारा से चार शॉट पीछे थे। लेकिन 18वें होल तक वह चार शॉट की बढ़त बनाए थे। फिट्जपैट्रिक ने आखिरी होल में डबल बोगी की, लेकिन तब तक वह ट्रॉफी जीतने के लिए दो शॉट की बढ़त बना चुके थे। इंग्लैंड के फिट्जपैट्रिक और चाकारा के बीच लंबे समय से प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है, जो उनके एमेच्योर दिनों से शुरू हुई थी। एक साल पहले चाकारा ने हीरो इंडियन ओपन 2025 खिताब जीता था और तब फिट्जपैट्रिक संयुक्त 17वें स्थान पर थे। हीरो मोटोकोर्प के कार्यकारी निदेशक डॉ पवन मुंजाल ने फिट्जपैट्रिक को ट्रॉफी और 433,500 डॉलर का चेक प्रदान किया। उन्होंने 585 अंक भी हासिल किए और रेस टू दुबई रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए।

# भारतीय मुक्केबाजों की नजरें एशियाई चैम्पियनशिप में मजबूत शुरुआत पर


उलानबटोर (मंगोलिया)। भारतीय मुक्केबाज सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र में हर मौके का पूरा फायदा उठाकर साल के आखिर में होने वाले बहु खेल टूर्नामेंटों के लिये सीधे कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिये नये व्यस्त सत्र की शुरूआत होगी जिसमें जुलाई अगस्त में ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल, सितंबर . अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल और उजबेकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स होने हैं। इस चैम्पियनशिप के जरिये मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिये सीधे क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा।

भारतीय टीम पिछले 15 दिन से मंगोलिया में है और मंगोलिया, चीन, जोर्डन, थाईलैंड के मुक्केबाजों के साथ अभ्यास कर रही है। महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो ), दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन (51 किलो ) , मौजूदा विश्व चैम्पियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किलो ) और जैसमीन लंबोरिया (57 किलो ) करेंगी।

### जापान : एंटोनेली ने लगातार दूसरी एफवन रेस जीती

सुजुका। मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने रविवार को जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (एफ1) रेस जीत ली। इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फेरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। एंटोनेली ने अपने करियर की पहली एफवन रेस दो सप्ताह पहले चीन में जीती थी और वह इतिहास के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता हैं। सबसे कम उम्र के विजेता का रिकॉर्ड मैक्स वेरस्टैपेन के नाम है।

# प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर क्रिकेट टीम की तारीफ



नायी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने वाली जम्मू कश्मीर की क्रिकेट टीम की रविवार को तारीफ करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वहां के खिलाड़ियों की जीत का सिलसिला जारी रहेगा। रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के क्रिकेटप्रेमियों के लिये मार्च का महीना उत्साह और रोमांच से भरा रहा। उन्होंने कहा कि भारत ने जब टी20 विश्व कप जीता तो पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी देशवासियों को टीम की शानदार सफलता पर गर्व है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मैच में जम्मू कश्मीर क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी जीती। मोदी ने कहा सबसे खुशी की बात है कि करीब सात दशक के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया। यह अभूतपूर्व सफलता खिलाड़ियों के कई बरसों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर टीम के कप्तान पारस डोगरा ने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया। अपने नेतृत्व से इस जीत में उन्होंने एक अहम योगदान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश में कश्मीर के युवा गेंदबाज आकिब नबी के प्रदर्शन की भी चर्चा हो रही है जिन्होंने रणजी सत्र में 60 विकेट लिये।

**मन की बात, रणजी ट्रॉफी जीतने पर**

उन्होंने कहा , इस जीत से टीम के खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ के साथ जम्मू कश्मीर के लोग बहुत रोमांचित हैं ।क्रिकेट के मैदान में इस शानदार प्रदर्शन के बाद वहां के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और बढ गया। आने वाले समय में यह कई युवाओं को खेलों को अपनाने के लिये प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा , जम्मू कश्मीर के लोगों में खेलों को लेकर गजब का जज्बा रहा है। मुझे खुशी है कि यह बड़े खेल आयोजनों का केंद्र भी बनता जा रहा है। मोदी ने कहा कि खेलो इंडिया विंटर खेलों के लिये गुलमर्ग पहले ही अपनी पहचान बना चुका है और फुटबॉल जैसे खेल भी वहां के युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा, मुझे आशा है कि आने वाले समय में जम्मू कश्मीर के खिलाड़ियों की जीत का यह सिलसिला यूं ही जारी रहेगा। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि जम्मू मैराथन जम्मू-कश्मीर में 2019 से आए व्यापक परिवर्तन का प्रतीक है।



# इसाक ने खेलो इंडिया में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी




रायपुर। मिजोरम के युवा भारोत्तोलक इसाक मालसावमटलुआंगा सोलह वर्ष के होने से पहले ही अपने माता-पिता दोनों को खोने के बाद लगभग खेल छोड़ने की कगार पर पहुंच गए थे लेकिन इस त्रासदी और कमर की चोट से उबरकर उन्होंने खेलो इंडिया ट्राइबल खेल 2026 में पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इसाक ने क्लीन एंड जर्क में शानदार प्रदर्शन किया। स्नैच में दूसरे स्थान पर रहने के बाद उन्होंने कुल 235 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

जीत के तुरंत बाद उनके चाचा ने उन्हें गले लगा लिया, जो इस युवा खिलाड़ी के जीवन में एक मार्गदर्शक की तरह रहे हैं। दोहरी त्रासदी ने मिजोरम के इस किशोर को अंदर तक तोड़ दिया था, लेकिन उनके बचपन के कोच और चाचा-चाची के सहारे ने उनके खेल करियर को संभाल लिया। इसाक के पिता हेमिंग मालसावमटलुआंगा की 2018 में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, उसी साल उन्होंने भारोत्तोलन में कैरियर की शुरुआत की थी। परिवार के इकलौते बेटे होने के कारण उनके सामने यह सवाल खड़ा हो गया था कि वह खेल जारी रखें या परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के लिए कमाई पर ध्यान दें। इसाक ने साई मीडिया से बातचीत में बताया उस समय मेरे बचपन के कोच सोमा ने मुझे बहुत प्रेरित किया और खेल जारी रखने के लिए कहा। फिर 2024 में हिमाचल प्रदेश में आयोजित युवा राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 60 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने के बाद जब उनका प्रदर्शन बेहतर होने लगा, तभी एक और निजी झटका लगा। उनकी मां को कैंसर का पता चला, जिससे परिवार पर भावनात्मक और आर्थिक दबाव बढ़ गया। इस कठिन समय में उनके चाचा और चाची उनका सहारा बने।

आइजोल के रामह्लुन वेंगथर इलाके में एक छोटे से रेस्तरां में काम करने वाला यह दंपति इसाक को अपने साथ ले आया और उसकी पढ़ाई और खेल दोनों को निर्बाध जारी रखने में मदद की। लेकिन उसी साल इसाक की मां का निधन हो गया, जिसने इस युवा खिलाड़ी को पूरी तरह तोड़ दिया। इसाक ने कहा, अपने माता-पिता दोनों को खोना मुझे अंदर से पूरी तरह तोड़ गया था। मैंने लगभग तय कर लिया था कि खेल छोड़ दूंगा, लेकिन मेरे चाचा और कोच ने एक बार फिर मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसाक 2024 से इम्फाल स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे हैं और साथ ही आइजोल से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के जरिए कक्षा 12 की पढ़ाई भी कर रहे हैं। धीरे-धीरे उनके प्रयास रंग लाने लगे। मोदीनगर में 2025 में आयोजित जूनियर प्रतियोगिता में उन्होंने एक और रजत पदक जीता और बाद में उसी वर्ष राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स से पहले उनकी तैयारियों में भी चुनौतियां कम नहीं थीं। अभ्यास के दौरान उन्हें पीठ में चोट लग गई थी, जिसके चलते उनके कोच ने उन्हें टूर्नामेंट से दूर रहने की सलाह दी थी।

# असम से वापस भेजेंगे सभी घुसपैठिये

## कांग्रेस घुसपैठियों को देना चाहती है संरक्षण : अमित शाह

एजेंसी

ढेकियाजुली (असम)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में असम में घुसपैठ को रोका है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि प्रत्येक अवैध प्रवासी को उनके देशों में वापस भेजा जाना चाहिए। सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा ने 10 साल पहले असम में घुसपैठियों को रोकने का वादा किया था और उस वादे को निभाया। शाह ने कहा, हालांकि, यह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि हमें अगले पांच वर्षों में प्रत्येक अवैध प्रवासी को देश से बाहर भेजना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों ने असम के मूल निवासियों के रोजगार छीन लिए हैं और गरीबों का अनाज हड़प लिया है। शाह ने दावा किया कि हिमंत विश्व शर्मा सरकार ने घुसपैठियों द्वारा कब्जा की गई 1.25 लाख एकड़ भूमि को मुक्त करा दिया है और अगले पांच वर्षों में शर्मा यह सुनिश्चित करेंगे कि एक इंच भूमि भी उनके कब्जे में न रहे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध किया है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि असम प्रदेश



कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहते हैं। शाह ने गोगोई से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। शाह ने आरोप लगाया, कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान देश की सुरक्षा को गंभीरता से नहीं लिया और पाकिस्तान से आए आतंकवादियों को हमारे देश में लोगों की हत्या करने की खुली छूट दी। शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवादियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा, जब आतंकवादियों ने उरी में हमला किया, तो प्रधानमंत्री ने सर्जिकल स्ट्राइक का आदेश दिया और जबकि पुलवामा हमले के बाद बालाकोट हवाई हमला हुआ, और पहलगाम घटना के बाद उन्होंने आतंकवादियों को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर का आदेश दिया। शाह ने कहा, भाजपा सरकार ने असम में घुसपैठ रोक दी है, लेकिन यह काफी नहीं है। हर अवैध प्रवासी को वापस भेजा जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से विधानसभा चुनावों में भाजपा को वोट देने का आग्रह किया, ताकि हिमंत विश्व शर्मा को फिर से मुख्यमंत्री बनाया जा सके और असम को घुसपैठिया मुक्त बनाया जा सके तथा शांति और विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस बीच, भाजपा के एक नेता ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ढेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र में रविवार को होने वाली चुनावी रैली भारी बारिश के कारण देरी से हो सकी। नेता ने बताया कि शाह का कार्यक्रम सुबह करीब 11 बजे शुरू होना था, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। भाजपा नेता ने बताया कि शाह बाद में सड़क मार्ग से ढेकियाजुली के लिए रवाना हुए, जिसके चलते रैली में लगभग तीन घंटे की देरी हुई।

# खरगे ने असम के लिए कांग्रेस की पांच गारंटी की घोषणा की



नाओबोइचा (असम)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को चुनावी राज्य असम के लिए अपनी पार्टी की पांच गारंटी की घोषणा की, जिसमें महिला कल्याण, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा, भूमि अधिकार और जुबीन गर्ग मृत्यु मामले में न्याय पर जोर दिया गया है। खरगे ने राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार पर भी निशाना साधते हुए उस पर व्यापक भ्रष्टाचार में लिप्त होने और अपने नेताओं और उनके परिवारों की तिजोरियां भरने के लिए काम करने का आरोप लगाया। लखीमपुर जिले के नाओबोइचा में एक रैली को संबोधित करते हुए, खरगे ने पार्टी की पांच गारंटी को गिनाया, जिसमें महिलाओं को मासिक नकद अंतरण के साथ-साथ व्यवसाय स्थापित करने या उसका विस्तार करने की इच्छुक महिलाओं को 50,000 रुपये की अतिरिक्त सहायता शामिल है। उन्होंने कहा, नकद का अंतरण बिना शर्त होगा। यह वैसा नहीं होगा जैसा भाजपा सरकार कर रही है, जहां महिलाओं को उनकी पार्टी का सदस्य बनने के लिए कहा जाता है। सत्ता में लौटने का प्रयास कर रही कांग्रेस ने सभी परिवारों के लिए 25 लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना, 10 लाख आदिवासी लोगों के लिए स्थायी भूमि पट्टे और राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1,250 रुपये प्रति माह देने का वादा किया है। खरगे ने कहा, कांग्रेस के सत्ता में आने पर हम गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में 100 दिनों के भीतर न्याय सुनिश्चित करने का भी संकल्प लेते हैं। राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के परिवार के सदस्य भी इसमें शामिल हैं।

## संक्षेप

### हिमाचल प्रदेश : सोलन में तीन लोगों पर हमला करने के आरोप में 20 गिरफ्तार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में धारदार हथियारों से हमला करके तीन लोगों को कथित तौर पर घायल करने के आरोप में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को संदेह है कि हमले के पीछे का कारण कोई पुराना विवाद है। पुलिस ने बताया कि घायलों की पहचान वार्ड नंबर सात के निवासी हर्ष (23), सिरमौर जिले के ललित किशोर (23) और बानो गांव के निवासी ललित कुमार (26) के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि यह घटना शनिवार को उस वक्त हुई जब कई लोगों ने एक बालिका विद्यालय के पास उसके (शिकायतकर्ता के) चचेरे भाई को घेर लिया, जिससे बहस शुरू हो गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि इसके बाद वह कुछ दोस्तों के साथ मौके पर पहुंचा और कुछ लोगों द्वारा जबरन आईटीआई की ओर ले जाये जा रहे अपने चचेरे भाई को उनलोगों के चंगुल से बचाया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे घटनास्थल से निकलकर धोबीघाट कॉलोनी की ओर जा रहे थे, तो धारदार हथियारों से लैस 15 से 20 लोगों ने उन्हें रोक लिया और उनपर हमला करना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि झड़प के दौरान तीनों घायल हो गए।

# पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों ने हथियार डाले : अधिकारी

नयी दिल्ली। सुरक्षाबलों के दबाव व पुनर्वास योजनाओं के चलते पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों ने हथियार डाले हैं और नक्सलियों का शीर्ष नेतृत्व खत्म कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए 31 मार्च तक की समयसीमा निर्धारित कर रखी है। वर्ष 2025 में 2,300 माओवादियों ने हथियार डाले और 2026 के पहले तीन महीनों में 630 से अधिक नक्सलियों ने सशस्त्र विद्रोह के बजाय मुख्यधारा में लौटने का विकल्प चुना। ये आंकड़े 2014 से 2026 की शुरुआत तक माओवादियों के आत्मसमर्पण से संबंधित हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एकीकृत, बहुआयामी और निर्णायक रणनीति अपनाई है, जिसने पिछली सरकारों के बिखरे हुए दृष्टिकोण का स्थान लिया। अधिकारी के अनुसार, इसका एक उदाहरण रेड कॉरिडोर में सड़कों का निर्माण है।

# अमेरिकी राजदूत गोर ने भारत-अमेरिका संबंधों के लिए आर्थिक विकास और सुरक्षा सहयोग को बताया आधार

एजेंसी


नयी दिल्ली। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि दोनों देश, लाभदायक रणनीतिक आर्थिक संबंधों को विस्तारित करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और विशाल बुनियादी ढांचागत आवश्यकताएं ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण और डिजिटल बुनियादी ढांचे में अमेरिकी विशेषज्ञता के साथ पूरी तरह से मेल खाती हैं। राजदूत ने कहा कि



दोनों देश सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए लचीली आपूर्ति शृंखलाओं के निर्माण को प्राथमिकता दे रहे हैं, और चीन से तीव्र प्रतिस्पर्धा के बीच इन नेटवर्क को सुरक्षित करने के उद्देश्य से अमेरिका के नेतृत्व वाली पैक्स सिलिका पहल में नयी दिल्ली के शामिल होने का स्वागत किया। गोर ने अमेरिकी दूतावास के प्रकाशन स्पैन पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका दक्षिण और मध्य एशिया में आर्थिक विकास के मुख्य सूत्रधार के रूप में कार्य करने के लिए विशिष्ट रूप से उपयुक्त स्थिति में है और भारत के साथ उसका प्रस्तावित व्यापार समझौता क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण के लिए एक शक्तिशाली आधार का निर्माण करेगा।

# गोडावण के संरक्षण के प्रयासों के लिए 2010 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री को लिखा था पत्र

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि जून 2010 में तत्कालीन पर्यावरण मंत्री के रूप में उन्होंने उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री रहे नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कच्छ के घास के मैदानों में गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) की संख्या बढ़ाने के लिए संरक्षण प्रयास करने का आह्वान किया था। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गुजरात में गोडावण की सुरक्षा की पहल का पूरा श्रेय हमेशा की तरह प्रधानमंत्री को दिया जा रहा है। यह प्रचारित किया जा रहा है कि उनके मन में यह विचार 2011 में आया था।

उन्होंने कहा, महज ऐतिहासिक रुचि के विषय के तौर पर बताना चाहता हूं कि नौ जून 2010 को तत्कालीन केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कच्छ के घास के मैदानों में गोडावण की संख्या बढ़ाने के लिए संरक्षण प्रयास किए जाने का आह्वान किया था।

इससे जुड़े पेशेवर लोग यह पृष्ठभूमि जानते हैं। मई 2009 से जुलाई 2011 के बीच रमेश पर्यावरण मंत्री थे। उन्होंने कहा कि मार्च 1961 में भारत के महानतम पक्षी विज्ञानी सलीम अली ने इच्छा जताई थी कि गोडावण को राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया जाए क्योंकि यह विलुप्ति के कगार पर था लेकिन दिसंबर 1963 में मैसूर के जयचामराजेंद्र वाडियार की अध्यक्षता वाले भारतीय वन्यजीव बोर्ड ने ऐतिहासिक, पौराणिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कारणों से मोर को राष्ट्रीय पक्षी चुना था।

रमेश ने 2010 में मोदी को लिखे अपने पत्र में कहा था, आप जानते हैं कि गोडावण अत्यधिक संकटग्रस्त प्रजाति है और गुजरात में कच्छ के घास के मैदान इस प्रजाति के पुनरुद्धार की संभावना वाले आखिरी बचे क्षेत्रों में से एक हैं। उन्होंने कहा था कि पक्षी विज्ञानी गोडावण के संरक्षण को शेरों और बाघों के संरक्षण के बराबर ही महत्वपूर्ण मानते हैं। रमेश ने मोदी को लिखे अपने पत्र में कहा था।

# दलितों व आदिवासियों पर नफरत और अत्याचार गहरा रहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के शासन में गुजरात में दलित एवं आदिवासी समुदायों के खिलाफ नफरत, भेदभाव और अत्याचार का वातावरण लगातार गहराता जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने ऊना में कोड़े मारने की 2016 की घटना के पीड़ितों के प्रति एकजुटता जताई और संकल्प लिया कि वह न्याय मिलने तक उनकी आवाज उठाते रहेंगे।

गांधी ने गुजरात के दलित एवं आदिवासी समुदायों के प्रतिनिधियों के समूह के साथ अपनी हालिया बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। इस समूह में ऊना में हुई घटना से प्रभावित लोग भी शामिल थे। कांग्रेस नेता ने वीडियो साझा करते



हुए सोशल मीडिया पर लिखा, यह मुलाकात बेहद पीड़ादायक और चिंतनशील रही। गुजरात में कथित तौर पर कोड़े मारने की यह घटना 11 जुलाई 2016 को गिर सोमनाथ जिले के ऊना कस्बे के निकट मोटा समधियाला गांव में हुई थी, जब चार दलित युवक अपने पारंपरिक पेशे के तहत उस गाय की खाल उतार रहे थे, जिसकी कुछ समय पहले किसी दूसरे गांव में मौत हो गई थी। स्वयं को गोरक्षक बताने वाले आरोपियों ने इन युवकों को कोड़े मारे। इसके बाद उन्हें कथित तौर पर अवैध रूप से हवालात में डाल दिया गया और पुलिसकर्मियों ने भी उनकी पिटाई की। गांधी ने लिखा, करीब 10 वर्ष पहले ऊना कांड ने पूरे देश को झकझोर दिया था।

कुछ दलित युवाओं को सरेआम निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा गया। उस समय मैं उनके परिवारों के साथ खड़ा था। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक दशक बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला, न उनके घाव भरे हैं, उल्टा हालात और बदतर हो गए हैं। गांधी ने कहा, आज जब मैंने प्रतिनिधिमंडल की बातें सुनीं तो यह स्पष्ट हुआ कि हालात सुधरने के बजाय और भी भयावह हो गए हैं।

# जम्मू मैराथन शहर को फिटनेस पर्यटन केंद्र में करेगे स्थापित

जम्मू। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि टेम्पल्स टू ट्रेल्स (मंदिरों से लेकर पगडंडियों तक) थीम पर आधारित जम्मू मैराथन शीतकालीन राजधानी को फिटनेस पर्यटन और सांस्कृतिक अन्वेषण के लिए एक जीवंत गंतव्य के रूप में स्थापित करेगी। अब्दुल्ला ने स्वयं इस मैराथन में दौड़ लगाई। उन्होंने यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में जम्मू मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और खराब मौसम के बावजूद दो घंटे में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा मुख्यमंत्री ने आज जम्मू मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## इंटरटेनमेंट...

# 'दहाड़ सीजन-2' की जयपुर में चल रही शूटिंग

मुंबई। जयपुर के शाहपुरा के राडावास गांव में 'दहाड़' सीरीज के दूसरे सीजन की शूटिंग चल रही है। इस सीरीज में बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा पिछले कई दिनों से जयपुर के विभिन्न इलाकों में अलग-अलग लोकेशनों पर शूटिंग कर रही हैं।

**सोनाक्षी सिन्हा बदमाशों का पीछा करते पहुंची शाहपुरा:अपराधियों के साथ मुठभेड़**

शूटिंग के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। एक शूटिंग सीन में सोनाक्षी सिन्हा पुलिस अधिकारी के रूप में बदमाशों की तलाश में पुलिस वैन से गांव पहुंचती हैं। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंचती है, बदमाशों के साथ उनकी जबरदस्त मुठभेड़ शुरू हो जाती है। शूटिंग देखने के लिए मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई है।



शाहपुरा के राडावास गांव में चल रही शूटिंग का एक वीडियो सामने आया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा और कुछ बदमाशों के बीच मुठभेड़ का दृश्य दिखाया गया है। वीडियो में सोनाक्षी सिन्हा पुलिस की वर्दी में नजर आ रही हैं। इस वर्दी में वे बेहद दमदार लुक में दिखाई दे रही हैं। वीडियो समोद (चौमूं) से सामने आया था। इस वीडियो में सोनाक्षी सिन्हा अपनी टीम के साथ इन्वेस्टिगेशन (जांच) के लिए जाती हुई नजर आ रही हैं। चौमू में सामने आए वीडियो में सोनाक्षी सिन्हा को अपने सीनियर अधिकारी से बात करते हुए दिखाया गया है। इस सीन को हाल ही में फिल्माया गया था। शाहपुरा के राडावास गांव में शूटिंग देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई है।

रीमा कागती कर रही हैं सीरीज का निर्देशन पहले सीजन को दर्शकों से मिली जबरदस्त सराहना के बाद अब 'दहाड़ सीजन-2' को और अधिक रोचक, रहस्यमय और एक्शन से भरपूर बनाया जा रहा है। कहानी को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए राजस्थान के ग्रामीण परिवेश और वास्तविक लोकेशनों का उपयोग किया जा रहा है। वेब सीरीज का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक रीमा कागती कर रही हैं, जबकि इसका निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है।

सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा के साथ विजय वर्मा, गुलशन देवैया और सोहम शाह जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। पिछले दो महीनों से सोनाक्षी सिन्हा राजस्थान के कई स्थानों पर इस वेब सीरीज की शूटिंग कर रही हैं।

### भूत बंगला में कॉमेडी-हॉरर का नया अनुभव देंगे अक्षय

मुंबई। फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर स्टारकास्ट और डायरेक्टर ने खुलकर बातचीत की, जिसमें इसके आइडिया, शूटिंग अनुभव और कॉमेडी-हॉरर के संतुलन पर चर्चा हुई। डायरेक्टर प्रियदर्शन ने बताया कि कहानी को कई बार री-राइट कर इसे एक परफेक्ट एंटरटेनर बनाया गया, जबकि अक्षय कुमार ने फिल्म में लॉजिक और रियल अप्रोच पर जोर दिया। वामिका गब्बी ने कहा कि इस फिल्म ने उन्हें शांत रहकर काम को एंजॉय करना सिखाया।

शूटिंग के दौरान के दिलचस्प किस्से और प्रैंक्स भी सामने आए। साथ ही, आज के दौर में कॉमेडी, ओटीटी, जेन जी ऑडियंस और एआई के बढ़ते प्रभाव पर भी अपनी राय रखी। फिल्म को अलग ट्रीटमेंट और फ्रेश एक्सपीरियंस देने का दावा किया गया है।

### राजामौलि ने रची विशाल सिनेमाई दुनिया

**मुंबई**। 'वाराणसी' फिल्म की कहानी में त्रेता युग से लेकर आधुनिक युग तक के समय को कवर किया गया है। डायरेक्टर एसएस राजामौली एक बार फिर अपने भव्य विजन के साथ बड़े परदे पर नया इतिहास रचने की तैयारी में हैं। 'बाहुबली' के दोनों पार्ट और 'आरआरआर' की वैश्विक सफलता के बाद अब वह अपनी अगली मेगा फिल्म 'वाराणसी' के लिए एक विशाल सिनेमाई दुनिया खड़ी कर चुके हैं। इस फिल्म की कहानी त्रेता युग से लेकर आधुनिक युग तक के समय को कवर करती है। ऐसे में वाराणसी को भी अलग-अलग समय के हिसाब से दिखाया जाएगा। फिल्म की टीम ने इसके लिए दो अलग-अलग वर्जन के सेट तैयार किए हैं।

# अक्षय खन्ना का साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू

मुंबई। फिल्म 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' के बाद अब अक्षय खन्ना साउथ सिनेमा में दिखाई देंगे। वे निर्देशक प्रशांत वर्मा की फिल्म 'महाकाली' में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म के सेट से अक्षय खन्ना की एक बिहाइंड-द-सीन फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं।

इसे खुद निर्देशक प्रशांत वर्मा ने शेयर किया है। फोटो के साथ उन्होंने अक्षय खन्ना के लिए एक खास मैसेज भी लिखा है। फिल्म 'महाकाली' के जरिए अक्षय खन्ना तेलुगू सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। यह फिल्म प्रशांत वर्मा के 'सिनेमैटिक यूनिवर्स' (ढश्उव) का एक अहम हिस्सा होगी। इससे पहले फिल्म का फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी किया गया था, जिसमें अक्षय खन्ना 'असुर गुरु शुक्राचार्य' के रहस्यमयी किरदार में नजर आए थे। प्रशांत वर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अक्षय खन्ना के साथ फोटो शेयर करते हुए एक्टर की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा, ₹एक सच्चे




अभिनेता यह साबित करते हैं कि असली टैलेंट को दिखावे की जरूरत नहीं होती। अक्षय की पर्दे पर मौजूदगी, दमदार अभिनय और उनका क्लास हमेशा अलग दिखता है।

आपके साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है।₹ प्रशांत ने आगे बताया कि वे दुनिया को यह दिखाने के लिए बेताब हैं कि उन्होंने साथ मिलकर क्या बनाया है। उन्होंने पोस्ट में 'महाकाली' और 'जय हनुमान' जैसे हैशटैग्स का भी इस्तेमाल किया। साउथ के साथ-साथ अक्षय खन्ना बॉलीवुड में भी एक बड़े प्रोजेक्ट 'इक्का' का हिस्सा हैं। इस क्राइम ड्रामा फिल्म में वे सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। फिल्म के टीजर में सनी देओल एक वकील के किरदार में दिख रहे हैं, जबकि अक्षय खन्ना की एंट्री पुलिस वालों के साथ होती है। बता दें कि अक्षय खन्ना और सनी देओल आखिरी बार साल 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' में साथ नजर आए थे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com